शर्मा हार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 04 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

ट्रिपल मर्डर के अभियुक्त की मां और भाई गिरफ्तार — पेज 3
भाजपा के आने से राजस्थान की किस्मत करवट दोनों बदलेगी : प्रधानमंत्री — पेज 4
गठित होगी उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण : मुख्यमंत्री — पेज 5
पीएमओ और मुख्यमंत्री गहलोत में ट्वीट वार — पेज 8

### गृह मंत्रालय का फैसला

# मणिपुर वायरल वीडियो की सीबीआई करेगी जांच

## 35 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर वायरल वीडियो की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपेगा। साथ ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मणिपुर वायरल वीडियो की जांच राज्य से बाहर कराने का निवेदन करेगी। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिस मोबाइल से वायरल वीडियो को रिकॉर्ड किया गया था उसको बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले व्यक्ति की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने मैतेई और कुकी समुदाय के सदस्यों के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

# यूपीए ने पाप छिपाने के लिए नाम बदला : प्रधानमंत्री




**सीकर (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नए नाम से आया विपक्षी गठबंधन राष्ट्रहित में नहीं, बल्कि अपने पुराने पापों को ढकने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को सांवली रोड़ सीकर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनमोल रतन निपजावे शेखावाटी की ठेठ मारवाड़ी रचना के साथ अंचल के धार्मिक श्रद्धा केंद्रों को नमन तथा पूर्व व वर्तमान के पुरोधाओं का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन आरंभ किया। करीब चालीस मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार व राजनीतिक विपक्षी दलों के गठबंधन पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फ्राड से बदनाम होने पर कोई कंपनी नए नाम से आकर दुबारा ठगने का प्रयास आरंभ करती है, उसी प्रकार यूपीए नए नामकरण के साथ अवतरित हुआ है। नाम बदलने से किसी की नीयत नहीं बदलती है। प्रधानमंत्री ने उल्लेख करते हुए बताया कि जैसे देश विरोधी गतिविधियां उजागर होने पर प्रतिबंधित की गई इस्लामिक स्टूडेन्ट मूवमेंट आफ इण्डिया अपना नाम बदलकर पापुलर फेडरेशन आफ इण्डिया के नाम से आई, वैसे ही यूपीए अपना नाम इंडिया बदलकर अपने किए पापों को छुपाने का प्रयास कर रहा है। इन्हें राष्ट्रहित की परवाह होती तो विदेशों से दखल देने की बात नहीं करते। राष्ट्रहित की बजाय तुष्टीकरण की नीति में डूबे ये दल सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक पर सवाल नहीं खड़े करते। गलवान घाटी पर टिप्पणियां कर देश की सेना को कठघड़े में खड़ा नहीं करते। देश की सेना पर इनको भरोसा नहीं है। सैनिकों की मूलभूत सुविधाओं तक रोके रखा। टुकड़े-टुकड़े गैंग को गले लगाया, आतंकवादियों पर आंसू बहाए। देश की विदेश नीति पर वोट बैंक के लिए विदेशों के संपर्क साधे। -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल पर हिमंत का तंज, कहा-

## भारत की हमेशा जीत होगी




गुवाहाटी। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक विवादास्पद बयान के बाद विपक्षी गठबंधन, भारत (भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) पर तीखा कटाक्ष किया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी के पिछले भाषण का एक वीडियो साझा किया, जिसमें कांग्रेस नेता को मुस्लिम लीग को *पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी* घोषित करते हुए सुना गया था। असम के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की बातों का जवाब दिया और राष्ट्रीय मुद्दों पर विपक्ष के रवैये पर चिंता व्यक्त की। भारत के संक्षिप्त नाम का उल्लेख करते हुए, हिमंत विश्व शर्मा ने गठबंधन की -शेष पृष्ठ दो पर

## अगर किसी ने एफआईआर दर्ज कराई तो प्रमुख भूपेन बोरा को गिरफ्तार कर लिया जाएगा : सीएम



**गुवाहाटी।** राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर भगवान कृष्ण पर उनकी टिप्पणी के लिए राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ किसी ने प्राथमिकी दर्ज की तो भूपेन बोरा को गिरफ्तार किया जाएगा। यह बात कांग्रेस नेता द्वारा कथित तौर पर दावा किए जाने के बाद आई है कि महाभारत में भी *लव जिहाद* हुआ था। इससे पहले, गोलाघाट ट्रिपल मर्डर मामले पर उनकी लव-जिहाद टिप्पणी पर सीएम हिमंत विश्व शर्मा पर पलटवार करते हुए, असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा कि भगवान कृष्ण का रुक्मिणी से विवाह करना भी एक लव-जिहाद था। बोरा ने कहा कि महाभारत में मुख्य पात्र गांधारी को भी धृतराष्ट्र से शादी करने की अनुमति नहीं थी। मीडिया से बात करते हुए, -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## चीन पर भड़का भारत, एयरपोर्ट से ही अपने खिलाड़ियों को बुलाया वापस



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भाग लेने के लिए चीन रवाना होने वाली अपनी वुशु टीम एयरपोर्ट से ही वापस बुला लिया। यह निर्णय अरुणाचल प्रदेश के तीन एथलीटों को चीनी अधिकारियों द्वारा स्टेपल वीजा दिए जाने के बाद आया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत पहले ही इस मामले पर चीनी पक्ष के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज करा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

## असम माला से बदलेगी राज्य की तस्वीर : मुख्यमंत्री



**बंगाईगांव (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम माला योजना से असम की तस्वीर बदल जाएगी। आने वाले कुछ वर्षों में असम देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। इसके लिए असम के सभी जिलों को समान रूप से विकसित करना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को बंगाईगांव कॉलेज फील्ड में आयोजित बंगाईगांव जिले का विकास उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी जिलों को समान रूप से विकसित करने के लिए शुरू की गइ असम माला योजना के तहत 15 हजार करोड़ रुपए बंगाईगांव जिले में विकास संबंधी योजनाओं के लिए दिए गए थे। इनमें से कई योजनाएं पूरी हो चुकी है। जबकि 18 माह के भीतर -शेष पृष्ठ दो पर

## तीन दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी आए मोहन भागवत



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज से यानी 27 से 29 जुलाई तक तीन दिवसीय दौरे पर असम क्षेत्र के उत्तर असम प्रांत के होजाई स्थित गीताश्रम पहुंचे हैं। संघ के उत्तर असम क्षेत्र के प्रचार प्रमुख किशोर शिवम ने एक बयान में आज कहा कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में संघ शिक्षा वर्ग के दूसरे वर्ष के उपलक्ष्य में सरसंघचालक प्रवास तथा ऐसे ही कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। डॉ. मोहन भागवत आज शाम 5 बजे लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## देश का नाम इंडिया दैट इज भारत की बजाय केवल भारत करने की रास में उठी मांग



**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में गुरुवार को सदस्य नरेश बंसल ने मांग उठाई कि आजादी के अमृत काल में अंग्रेजी गुलामी के प्रतीक को हटाकर इस पुण्य पावन धरा का नाम संविधान के अनुच्छेद एक में संशोधन कर केवल भारत रखा जाए। नरेश बंसल ने विशेष उल्लेख में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश के नाम संबोधन में दासता के प्रतीक चिह्नों से देश को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया था। विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। देश का अंग्रेजी नाम इंडिया शब्द गुलामी की निशानी है। देश का नाम एक ही होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन कर देश का नाम *इंडिया दैट इज भारत* हटा केवल *भारत* होना चाहिए। देश को मूल और प्रमाण प्रमाणिक नाम भारत से ही मान्यता दी जानी चाहिए। महाराज भरत ने देश का संपूर्ण विस्तार किया और इसीलिए देश का नाम उनसे जुड़ा और जब अंग्रेजों ने भारत को अपना गुलाम बनाया तब उन्होंने इस देश का नाम इंडिया कर दिया। बंसल ने कहा कि अंग्रेजों ने -शेष पृष्ठ दो पर

## इंडिया में दरार! अविश्वास प्रस्ताव पर सीपीएम ने कांग्रेस पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा का हवाला देते हुए विपक्षी पार्टियां मोदी सरकार के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई है। इस अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सीपीआई सांसद ने कांग्रेस पर तंज कसा है। सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम ने कहा कि कांग्रेस ने जल्दबाजी में स्वीकार कर लिया कि अविश्वास प्रस्ताव विपक्षी पार्टियों (आई.एन.डी.आई.ए.) का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। सीपीआई सांसद बिनॉय विश्वम ने गुरुवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के कई दलों को लगता है कि अगर भारत के अन्य दलों का प्रतिनिधित्व होता तो प्रस्ताव मजबूत और अधिक प्रभावी होता। बिनॉय विश्वम ने कहा कि केवल सीपीआई ही नहीं, बल्कि कई अन्य दलों ने जिम्मेदार तरीके से आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेतृत्व ने इसे समझा है और वे इतने लोकतांत्रिक हैं कि वे सहमत हुए कि यह जल्दबाजी में हुआ है। सीपीआई सांसद ने कहा कि अध्याय अब बंद हो चुका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अविश्वास प्रस्ताव संसद में है और इस पर पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर हैं। इससे पहले बुधवार को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। सीपीआई -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*वृद्धजन की सेवा ही विनय का आधार है।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## मणिपुर : काले कपड़े पहन संसद पहुंचे विपक्षी नेता

**नई दिल्ली (हि.स.)।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सभी घटक दलों के सांसद गुरुवार सुबह संसद भवन काले कपड़े पहन कर पहुंचे। विपक्षी नेताओं का कहना है कि वह मणिपुर मुद्दे पर सदन के अंदर चर्चा की मांग कर रहे हैं। सभी विपक्षी चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आकर जवाब दें। लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दल चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी सदन के अंदर आकर जवाब दें लेकिन वह ऐसा -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में 5500 छात्राओं के अश्लील वीडियो मिले



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बड़ा सेक्स स्कैंडल सामने आया है। बहावलपुर के इस्लामिया विश्वविद्यालय की छात्राओं को नशीला पदार्थ खिलाए जाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न किए जाने के लगभग 5,500 वीडियो विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से बरामद किए गए हैं। यह आरोप लगाया जा रहा है कि अपराध के पीछे के आरोपियों में से एक संघीय मंत्री चौधरी तारिक बशीर चीमा का बेटा है जो ड्रग्स का आदी हो गया था और विश्वविद्यालय की सैकड़ों महिला छात्रों का यौन शोषण कर रहा था। इस्लामिया यूनिवर्सिटी बहावलपुर (आईयूबी) के सुरक्षा प्रमुख मेजर इजाज शाह भी कथित तौर पर इस घोटाले में शामिल थे। ग्लोबल विलेज स्पेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीमा को उनके बेटे के वीडियो सार्वजनिक होने पर संभावित राजनीतिक नुकसान के बारे में चेतावनी दी गई थी। इसके बाद, मंत्री ने उन पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया जो उनसे संबंधित थे और कथित तौर पर अपने बेटे को -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश के मंत्री ने पंचायत चुनाव हिंसा की निंदा की

**कोलकाता (हि.स.)।** कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री हसन महमूद ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा की निंदा की है। कोलकाता प्रेस क्लब में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से मुखातिब महमूद ने कहा कि साफ-सुथरा और निष्पक्ष चुनाव क्या होता है वह हमने बांग्लादेश में दिखाया है। पश्चिम बंगाल की खबरें तो पूरी दुनिया में देखी जाती हैं। उन्होंने कहा कि आपके यहां हाल ही में पंचायत चुनाव -शेष पृष्ठ दो पर

## अब चीनी लड़की प्रेमी के लिए पहुंची पाकिस्तान



**पेशावर।** पाकिस्तान के प्रेम का खुमार लगता है दुनिया की फिजाओं में पहुंच गया है। सीमा और अंजू के बाद पाक से जुड़ी एक और प्रेम कहानी सामने आई है। एक चीनी महिला अपने पाकिस्तानी प्रेमी से मिलने के लिए खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, इस महिला की दोस्ती भी सोशल मीडिया पर हुई और उसे प्यार हो गया। स्थानीय मीडिया द्वारा गाओ फेंग के रूप में पहचानी गई महिला तीन महीने के यात्रा वीजा पर चीन से गिलगित होते हुए सड़क मार्ग से -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मणिपुर में फिर हिंसा, मोरेह में तोड़फोड़, आगजनी और गोलीबारी हुई



**इंफाल ( हि.स. )।** राज्य के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में फिर गोलीबारी और आगजनी की घटना के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। कई घरों में और दुकानों में आग लगा दी गई है और लूटपाट की कोशिश की गई। संदिग्ध कुकी आतंकवादियों ने तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की बीच गोलीबारी हुई। मणिपुर पुलिस सूत्रों से गुरुवार को जानकारी मिली कि बुधवार को कई कुकी महिलाओं ने मैतेई समुदाय के स्वामित्व वाली दुकानों को लूटने से रोकने की कोशिश की। इस पर असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उग्र भीड़ सुरक्षाकर्मियों से ही भिड़ गई। गुस्साई भीड़ ने मोरेह वार्ड संख्या 6, 7, 8 और 9 में कई मैतेई घरों और दुकानों को आग लगाना शुरू कर दिया। जिससे अन्य राज्यों के प्रवासियों की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, भीड़ ने लगभग 15-16 घरों को जला दिया और वन गेस्ट हाउस को भी आंशिक रूप से जला दिया। झड़प के बाद संदिग्ध कुकी आतंकवादियों और सीमावर्ती शहर में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक और राज्य सुरक्षा बलों की टीम के बीच गोलीबारी हुई। सूत्रों के मुताबिक, देर शाम तक गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। मोरेह की घटना के जवाब में इम्फाल पूर्व के अकंपट राहत केंद्र में रहने वाले विस्थापित लोगों ने बुधवार को सिंगजामेई ब्रिज पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विस्थापित लोग मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मिलने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें सिंगजामेई पुल पर रोक दिया। बाद में समूह के चार प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से मिलने की अनुमति दी गई थी। राहत शिविर में रह रहे पीड़ितों में से एक ने मीडिया को बताया कि हम अपने घर वापस लौटना चाहते हैं। लेकिन, उचित सुरक्षा के बिना हम कैसे लौट सकते हैं। संकट के बीच कुकी उग्रवादी लगातार अलग-अलग जगहों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर वे हमलों को नहीं रोक सकते तो बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों को तैनात करने का क्या फायदा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विस्थापितों के प्रतिनिधियों में से एक ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री ने मोरेह में अतिरिक्त बल भेजने का निर्देश दिया है। साथ ही मोरेह क्षेत्र में तैनात असम राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर को भी कुकी उग्रवादियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

## तीताबर के युवक की मौत से सनसनी

**जोरहाट ( हिंस )।** जिले तिताबार से रोजगार की तलाश में राज्य से बाहर जाने वाले असम के एक युवक की हुई मौत से सनसनी फैल गई है। युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से बरामद हुआ है। आरोप है कि तीताबर के आदित्य दास (26) की रहस्यमय तरीके से हुई मौत एक हत्या है। मृतक रविवार 23 जुलाई को बेकाजान एसघरिया गांव से चेन्नई में काम करने के लिए दो पड़ोसियों के साथ ट्रेन से घर से निकला था। आदित्य दास का शव पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कहीं एक रेलवे लाइन के पास रहस्यमय तरीके से पाया गया था। आदित्य की मौत को उसके परिवार वालों ने गंभीरता से लिया है। परिवार और स्थानीय लोगों को संदेह है कि आदित्य की हत्या ट्रेन में किसी ने की है। आदित्य के परिवार के सदस्यों के गुरुवार की सुबह पश्चिम बंगाल पहुंचने के बाद, पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## कंझावला कांड : अंजलि को घसीटने वाले चार आरोपियों पर चलेगा हत्या का केस





**नई दिल्ली।** दिल्ली के कंझावला कांड पर कोर्ट का फैसला आ गया है। कंझावला कांड में आरोपियों के खिलाफ रोहिणी कोर्ट ने आरोप तय किए हैं। अब अंजलि को घसीटने वाली कार में मौजूद सभी 4 आरोपियों पर हत्या का केस चलेगा। कोर्ट ने आरोपी अमित खन्ना, किशन, मनोज मित्तल और मिथुन के खिलाफ हत्या के आरोप तय किए हैं। रोहिणी कोर्ट ने गुरुवार को चार आरोपियों पर कत्ल की धारा के तहत चार्ज फ्रेम किए हैं। दिल्ली के कंझावला में 1 जनवरी की सर्द रात को 20 साल की अंजलि सिंह का शव नग्न अवस्था में मिला था। अंजलि को 13 किलोमीटर तक दिल्ली की सड़कों पर घसीटा गया था। 1 जनवरी की सुबह करीब 3.15 बजे एक राहगीर ने कार के पीछे लाश घिसटती हुई देखी थी, इसके बाद उसने पुलिस को करीब 3.24 बजे कॉल की। इसके बाद सुबह 4 बजे अंजलि का शव कंझावला में मिला। अंजलि के जिस्म पर कोई कपड़ा तक नहीं था। थोड़ी दूरी पर पुलिस को अंजलि की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली थी। पुलिस ने बताया था कि मामला एक्सीडेंट का है। पुलिस के मुताबिक, बलेनो कार से अंजलि की स्कूटी की टक्कर हुई थी। इस टक्कर के बाद उसका पैर कार में फंस गया। इसके बाद वह 13 किमी तक घिसटती गई। पुलिस ने इस मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अंजलि की मौत के बाद उसकी दोस्त निधि ने बताया था कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी की रात अंजलि ने काफी शराब पी थी। पुलिस ने अंजलि के पोस्टमॉर्टम के दौरान उसके सैंपल्स को विसरा जांच के लिए भेजा था। जिसकी रिपोर्ट में शराब पीने की बात सामने आई, यानि कि हादसे के वक्त अंजलि शराब के नशे में स्कूटी चला रही थी। इस मामले में रोहिणी कोर्ट में 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी और पुलिस ने 7 लोगों को आरोपी बनाया था।

No. B/GWL /Tender/2023-24/ 2022-24

**NOTICE INVITING TENDER**

NIT No. **004**

Sealed tender affixing court fee stamp worth Rs. 8.25 (Rupees eight & twenty five paisa) only for the following work under Guwahati Wildlife Division, Basistha Guwahati-29 is hereby invited from the intending Govt. registered Contractors / Firms on the basis of terms & conditions laid down in tender document under E.E Head. The tender paper will be received with effect from **28-07-2023 up to 1.00 pm of 18-68-2023** during all office working days by the office of the undersigned and it will be open **at 1.30 p.m.** of the same day *i.e,* on **18-08-2023** by the Tender Evaluation Committee. If the office happens to be closed on the date of receipt of tender as specified, the same will be received in the next working day up to the same time.

| SL No | Name of Work | Estimated Cost (in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) | Cost of Tender Document (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of 8 KM Patrolling Path | 8.00 | 2% of the estimated cost (1% of the estimated cost for SC/ST/OBC/MOBC/UGE) | Rs. 500.00 |
| **Total Estimated Cost :** | | **8.00** | | |

The undersigned reserves the right to accept or reject any/ all tenders without assigning any reason whatsoever. Intending tenderers may collect tender document/ paper on payment of Rs 500.00 (Rupees five hundred) only in the form of Bankers Cheque / Demand Draft payable in favour of the undersigned on any working day during office hours till **11.00 am of 18-08-2023**

Sd/-
Divisional Forest Officer
Guwahati Wildlife Division
Basistha, Guwahati-29

*-- Janasanyog /C/7965/ 23*

## 180 यात्री भरे 2 विमानों को डिब्रूगढ़ में उतरने में दिक्कतें

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** 180 यात्रियों को ले जा रहे 2 विमानों को डिब्रूगढ़ में आज उतरने में काफी मुश्किलें हुईं। प्राप्त समाचार के अनुसार डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर यह घटना हुई। दो विमानों को उतरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस की इन दोनों विमानों को करीब 50 मिनट तक आसमान में उड़ते रहना पड़ा। दोनों विमानों में 180 लोग सवार थे। इनमें से एक फ्लाइट इंडिगो की दिल्ली से डिब्रूगढ़ की फ्लाइट थी। जबकि, दूसरी फ्लाइट गुवाहाटी से डिब्रूगढ़ के लिए थी। पता चला है कि इंस्ट्रूमेंटल लैंडिंग सिस्टम के बंद होने की वजह से लैंडिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में दोनों विमानों को अगरतला की ओर मोड़ दिया गया। दूसरी ओर मौसम भी प्रतिकूल होने के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि, दोपहर बाद दोनों विमानों की सुरक्षित लैंडिंग डिब्रूगढ़ में हो गई है उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पहले भी इस तरह की घटना घटित हुई। इंडिगो की विमानों के साथ इस तरह की घटनाएं हालिया दिनों में कई बार होते हुए देखा गया है।

# पृष्ठ एक का शेष

## मणिपुर वायरल वीडियो ...

कई दौर की बातचीत भी की है। कहा जा रहा है कि अबतक प्रत्येक समुदाय के साथ छह दौर की बातचीत हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन सामान्य नहीं है। लगभग 35,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मणिपुर में दवा और दैनिक आपूर्ति वाले सामानों की कोई कमी नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खाद्य और आवश्यक आपूर्ति की कीमतें नियंत्रण में हैं। बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी काम पर लौट रहे हैं और स्कूल भी फिर से शुरू हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के कांगपोकपी जिले में चार मई को दो आदिवासी महिलाओं को नग्न कर घुमाने के संबंध में अबतक सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही मोबाइल फोन को भी बरामद कर लिया गया है।

## यूपीए ने पाप छिपाने ...

कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दौर था कि अहंकार से भरी कांग्रेस ने इंदिरा इज इंडिया का नारा दिया गया, जिस पर देशवासियों ने हिसाब चुकता कर दिया। प्रधानमंत्री ने खचाखच भरे पांडाल से आह्वान किया कि जिस प्रकार देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी ने क्विट इंडिया (अंग्रेजों भारत छोड़ो) का नारा दिया उसी प्रकार समृद्ध भारत के लिए भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण भारत छोड़ो का नारा गांव गांव पहुंचाएं। कांग्रेस को दिशाविहीन पार्टी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नया बोर्ड लगाकर लूट की नई दुकान चलाना चाहती है। सभा में दूर दूर तक उपस्थित जनसैलाब का अभिवादन कर प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में भाजपा की जीत का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, कहावत का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां ऊंट की करवट की बदलेगी और राजस्थान वासियों की किस्मत भी। राजस्थान में एक ही नारा चलेगा जीतेगा कमल, खिलेगा कमल। केंद्र सरकार राजस्थान की आधारभूत सुविधा के लिए लगातार पैसा भेज रही है। गत दस वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस की केंद्र सरकार ने जहां टैक्स कलेक्शन में राजस्थान के हिस्से के एक लाख करोड़ रुपए दिये वहीं नौ वर्ष की केंद्र की भाजपा सरकार ने चार लाख करोड़ रुपए दिए। इसी प्रकार अपने शासन काल में कांग्रेस ने केंद्रीय ग्रांट में पचास हजार करोड़ दिए वहीं नौ वर्ष में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने डेढ़ लाख करोड़ रुपए राजस्थान सरकार को दिए। राजस्थान की कांग्रेस सरकार को विकास में रोड़ा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर जल की महत्वाकांक्षी जल जीवन योजना में रोड़ा अटका कर राजस्थान को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। भाजपा की पांच हजार करोड़ रुपए से आरंभ शेखावाटी की कुंभाराम लिफ्ट योजना को लटकाकर खर्च दोगुना कर दिया। प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को काम का हिसाब भी नहीं देती है। बहुचर्चित लाल डायरी का उल्लेख करते ही सभा में उपस्थित लोग जोश से भर गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार ने लूट की दुकान खोल रखी है, लाल डायरी के पन्ने खुलेंगे तो अच्छे से अच्छे निपट जाएंगे। लाल डायरी का नाम सुनते ही इनकी बोलती बंद हो जाती है। राजस्थान में पेपर लीक एक उद्योग का रूप ले चुका है, जिससे बेरोजगारों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। राजस्थान में पनपे पेपर लीक माफिया से छुटकारा पाने के लिए यहां से कांग्रेस को हटाना होगा। राजस्थान में कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि शांत प्रदेश में गैंगवार, गरीबों पर अत्याचार, नशे की तस्करी, तीज त्योहारों पर खतरा मंडराने लगा है। कब गोली चल जाए, कर्फ्यू लग जाए, पता नहीं। वीर प्रसूता धरती राजस्थानवासी अपनी बहू बेटियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं कर सकते। कांग्रेस राज में दलित बेटी से बलात्कार कर एसिड उड़ेल दिया जाता है, पति के सामने पत्नी से बलात्कार कर वीडियो वायरल किया जाता है फिर भी पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में भी टालमटोल करती है। कांग्रेस के नेता घटनाओं को ही झूठा होने का आरोप लगाते है। हुंकार भरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा बहुत हो गया, अब नहीं सहेंगे। उन्होंने बहन बेटियों, दलितों, भ्रष्टाचार, कर्ज में दबा किसान, अपराध बेलगाम नहीं सहेगा राजस्थान, उद्‌बोधन के साथ सभा में मौजूद जनता से नारे लगवाए। शिक्षा नगरी के रूप में विख्यात शेखावाटी से साथ देने की अपील के साथ प्रधानमंत्री ने सभी से आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का हाथ उठाकर संकल्प कराया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वागत भाषण तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व स्थानीय सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने संयुक्त रूप से बाबा खाटूश्याम का चित्र भेंट किया। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हल भेंट किया। मंच पर भाजपा के केंद्रीय व राज्यस्तरीय नेतागण उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान सभा से मोदी मोदी के नारे लगते रहे। महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति थी। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के आगमन पर हैलीपेड पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वागत किया।

## भारत की हमेशा...

प्राथमिकताओं और देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। उन्होंने भारत पर राष्ट्र के व्यापक हितों की उपेक्षा करते हुए केवल मणिपुर मामले जैसे विशिष्ट मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए चुनिंदा चिंताओं को उठाने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्तारूढ़ भाजपा की निष्ठा देश के प्रत्येक नागरिक के साथ है, चाहे उनका राज्य या क्षेत्र कुछ भी हो। 25 जुलाई को, शर्मा ने ट्विटर पर अपना रुख व्यक्त करते हुए कहा कि मिस्टर गांधी, यह अंतर्निहित पूर्वाग्रह वास्तव में भारत की समस्या है। केवल मणिपुर के खिलाफ बोलें और दूसरों के लिए बोलने वालों को दंडित करें। भारत में, हमारी निष्ठा प्रत्येक के प्रति है और प्रत्येक नागरिक – चाहे वह मणिपुर हो, राजस्थान हो, पश्चिम बंगाल हो, या असम हो। भारत जीतेगा, भारत को जीतना है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और आम आदमी पार्टी (एएपी) सहित 26 विपक्षी दलों से बना इंडिया गठबंधन विभिन्न मुद्दों पर सत्तारूढ़ सरकार की आलोचना में मुखर रहा है।

## अगर किसी ने एफआईआर ...

हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कृष्ण और रुक्मिणी के बीच प्रेम था, जिहाद नहीं। महाभारत के समय में, उषा और अनिरुद्ध, कृष्ण और रुक्मिणी जैसे प्रेम के उदाहरण थे। हालांकि, आजकल, जिहाद की अवधारणा है, जो हिंसा की ओर ले जाता है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कहा कि सुंदर और शिक्षित मुस्लिम लड़कियां हैं, इसलिए मुस्लिम लड़कों को उनसे शादी करनी चाहिए। इसी तरह, कई अच्छी हिंदू लड़कियां हैं, इसलिए हिंदू लड़कों को उनसे शादी करनी चाहिए। हालांकि, अंतरधार्मिक विवाह के मामले में, सरकार द्वारा एक विशेष विवाह अधिनियम पेश किया गया है, जो लड़की को अपना धर्म बनाए रखने की अनुमति देता है। सीएम शर्मा ने कहा कि अंतरधार्मिक विवाह पहले भी होते रहे हैं। इसलिए शादी के बाद लड़की को अपना धर्म नहीं बदलना पड़ता है; ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि उसे ऐसा करना ही होगा।

## चीन पर भड़का ...

संज्ञान में आया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को स्टेपल्ड वीजा जारी किया गया था, जिन्हें चीन में एक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करना था। बागची ने कहा कि यह अस्वीकार्य है और हमने चीनी पक्ष के समक्ष इस मामले पर अपनी सतत स्थिति दोहराते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है और भारत इस तरह की कार्रवाइयों पर उचित प्रतिक्रिया देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह मुद्दा तब उठा जब अरुणाचल प्रदेश से संबंधित तीन एथलीटो, को चीनी अधिकारियों द्वारा स्टेपल वीजा दिया गया। स्टेपल्ड वीजा जारी करना भारत-चीन संबंधों में विवाद का विषय रहा है। चीन, जिसने बार-बार अरुणाचल प्रदेश पर क्षेत्रीय दावे किए हैं। उसने पूर्वोत्तर राज्य के निवासियों को मुद्रांकित वीजा के बजाय स्टेपल वीजा जारी करने की अपनी नीति बरकरार रखी है। अधिकांश एथलीटों को कल रात रवाना होने का कार्यक्रम था, अरुणाचल के तीन खिलाड़ियों को उनके वीजा में देरी के कारण आज रात रवाना होना था। हालांकि, चीनी अधिकारियों की प्रतिक्रिया से नाराज होकर, भारत सरकार ने वुशू टीम के किसी भी सदस्य को खेलों के लिए चीन की यात्रा करने से रोकने का फैसला किया।

## असम माला से ...

बंगाईगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का काम पूरा हो जाएगा। इंजीनियर कॉलेज, उपायुक्त कार्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर आदि के निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में 555 करोड़ रुपए की योजना का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अपनी बंगाईगांव यात्रा के दौरान *आई* नदी पर बने 481 मीटर लंबे पुल का कीर्तनपाड़ा में उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के कुल 1086 पुल असम में बन रहे हैं, जिनमें से 842 पुल बनकर तैयार हो चुके हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री कीर्तनपाड़ा मंदिर तथा अभयापुरी के प्रसिद्ध गणेश मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। इससे पहले बंगाईगांव पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

## तीन दिवसीय दौरे ...

होजाई के गीताश्रम पहुंचे। उल्लेखनीय है कि संघ के संघ शिक्षा वर्ग का द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण शिविर 12 जुलाई से एक अगस्त तक होजाई के गीताश्रम में आयोजित किया जा रहा है। सरसंघचालक शिविर में उपस्थित रहकर बुद्धिजीवियों को जानकारी देंगे और स्वयंसेवकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। होजाई के गीताश्रम में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के द्वितीय वर्ष में असम क्षेत्र के कुल 161 स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं। असम क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में, उत्तर असम से 95, दक्षिण असम क्षेत्र से 12, अरुणाचल प्रदेश से चार, त्रिपुरा प्रांत से 44 और मणिपुर प्रांत से छह स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं, डॉ. मोहन भागवत 29 जुलाई की दोपहर होजाई से गुवाहाटी पहुंचेंगे और 30 जुलाई की सुबह गुवाहाटी से रवाना होंगे।

## देश का नाम इंडिया ...

लगातार ढाई सौ साल तक भारत पर शासन किया और देश का नाम भारत से बदल कर इंडिया कर दिया। भारत की स्वतंत्रता सेनानियों की मेहनत और बलिदानों के कारण जब 1947 में देश आजाद हुआ और भारत का संविधान 1950 में लिखा गया तो उसमें भी हम भारतीयों ने लिख दिया इंडिया दैट इज भारत। जबकि हमारे देश का नाम हजारों सालों से भारत ही रहा है। भारत को भारत बोला जाना चाहिए। इसके बजाए लिखा गया इंडिया दैट इज भारत इसलिए आज भी भारत मां के साथ इंडिया नाम जुड़ा हुआ है। भारत या भारत वर्ष इस देश का वास्तविक नाम है।

## इंडिया में दरार...

सांसद से जब उनकी आपत्ति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही क्यों ? आई.एन.डी.आई.ए. के सभी गठबंधन दल अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर क्यों नहीं करते ? बिनॉय विश्वम ने कहा कि वह अध्याय बंद हो गया है। अब संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर्याप्त संख्या में सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित है। न केवल सीपीआई बल्कि कई दलों का मानना है कि यह प्रभावी और सार्थक होता, अगर भारत के सभी दलों ने हस्ताक्षर द्वारा उस प्रस्ताव में प्रतिनिधित्व किया होता... हम सभी ने जिम्मेदार तरीके से कांग्रेस नेतृत्व के सामने अपनी आपत्ति जताई। कांग्रेस नेतृत्व ने इसे समझा है और वे इतने लोकतांत्रिक हैं कि वे सहमत हुए कि यह जल्दबाजी में हुआ है। हम इसे बड़ा मुद्दा नहीं बनाना चाहते हैं। संसद के अंदर और बाहर भाजपा सरकार से लड़ने में सभी दल एक साथ होंगे... । संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जैसा कि पीएम मोदी ने 2019 में भविष्यवाणी की थी और विपक्ष से 2023 में अविश्वास प्रस्ताव के लिए तैयार रहने को कहा था, वे तैयार होकर तो आए लेकिन थोड़ा विभाजन था। जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सामान्य रवैये के अनुसार, अन्य विपक्षी दलों से परामर्श नहीं लिया। सबसे पहले, विपक्षी दलों के बीच एक-दूसरे के बीच विश्वास होना चाहिए। उसके बाद, वे पीएम मोदी के संबंध में लोगों के विश्वास के बारे में बात कर सकते हैं। काले कपड़े पहनने का कोई फायदा नहीं है। आपको बाद में भी काले कपड़े पहनने होंगे।

## पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी...

बचाने में उनकी सहायता मांगी। चीमा ने अपने बेटे को बेनकाब होने से बचाने के लिए इजाज शाह की गिरफ्तारी और स्पष्ट वीडियो और छवियों को जब्त करने की भी मांग की। इजाज को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस ने उसके कब्जे से कई कामोत्तेजक गोलियां और दवाएं बरामद कीं। इसके अलावा, आईयूबी छात्रों और कर्मचारियों की आपत्तिजनक रिकॉर्डिंग और तस्वीरें भी बरामद की गई हैं। पुलिस को इतने बड़े सेक्स स्कैंडल के बारे में अबू बकर की गिरफ्तारी के बाद पता चला, जो इस्लामिया यूनिवर्सिटी बहावलपुर के डायरेक्टर फाइनेंस हैं और उन्हें 28 जून को एक लड़की के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया था। उसके मोबाइल में हजारों अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद रिटायर्ड मेजर एजाज हुसैन को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान, इजाज ने खुलासा किया कि वह आईयूबी में सुरक्षा कैमरों की निगरानी कर रहा था।

## अब चीनी लड़की ...

बुधवार को इस्लामाबाद पहुंची। पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय लड़की से उसके 18 वर्षीय प्रेमी जावेद ने रास्ते में मुलाकात की। प्रेमी अफगानिस्तान की सीमा से लगे आदिवासी जिले बाजौर का निवासी है। अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में सुरक्षा स्थिति के कारण जावेद महिला को अपने गृहनगर के बजाय निचले दीर जिले के समरबाग तहसील में अपने मामा के घर ले गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों पिछले तीन साल से स्नैपचैट के जरिए संपर्क में थे और दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। निचले दीर जिले के जिला पुलिस अधिकारी जियाउद्दीन ने मीडिया को बताया कि चीनी महिला को समरबाग इलाके में पूरी सुरक्षा प्रदान की गई है। हालांकि, मुहर्रम और क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के कारण उसे खुले में आने जाने की सुविधा नहीं दी जा रही है। प्यार की तलाश में चीनी लड़की के पाकिस्तान जाने की खबर ऐसे समय में आई जब एक ऐसी ही घटना में राजस्थान की एक 34 वर्षीय विवाहित भारतीय महिला अंजू अपने 29 वर्षीय पाकिस्तानी दोस्त नसरुल्ला से मिलने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी दीर जिले चली गई। फेसबुक पर हुए प्यार के बाद अंजू ने इस्लाम धर्म अपनाकर नसरुल्ला से शादी कर ली और अब उसका नया नाम फातिमा है। इसी तरह की एक अन्य घटना में चार बच्चों की 30 वर्षीय मां सीमा गुलाम हैदर, 22 वर्षीय हिंदू लड़के सचिन मीना के साथ रहने के लिए भारत में छिपकर आई थी। महिला जो 2019 में पबजी खेलने के दौरान उसके संपर्क में आई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस के मुताबिक, सीमा और सचिन दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा इलाके में रहते हैं, जहां वह एक प्रोविजन स्टोर चलाते हैं।

## मणिपुर : काले कपड़े...

नहीं कर रहे हैं। इसी के विरोध में विपक्षी सांसदों ने काला कपड़ा पहन कर संसद आने का साझा निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि इंडिया के सभी घटक दलों के सांसद सदन जाने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर पहुंचकर चर्चा की उसके बाद वह सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभी इंडिया घटक के सांसद संसद भवन परिसर में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान खड़गे ने कहा कि आज लोग जागृत हो गए हैं, वो लड़ेंगे और लड़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र के मंदिर में नहीं बोलना चाहते हैं। वह राजस्थान जाकर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं।

## बांग्लादेश के मंत्री ...

संपन्न हुआ है। उसमें क्या कुछ हुआ है, यह आप सभी लोग जानते हैं। हमारे यहां बांग्लादेश में चुनाव के समय एक उम्मीदवार के साथ हाथापाई हुई थी। शिकायत मिलते ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश के चुनाव आयोग की निगरानी में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव हुए हैं। भारत-बांग्लादेश संबंधों की गर्माहट का जिक्र करते हुए बांग्लादेश के मंत्री ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच का संबंध दो देशों के बीच का नहीं बल्कि खून का संबंध है। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है, जहां किसी मुल्क की आजादी के लिए किसी अन्य देश के सैनिकों ने अपना खून बहाया हो। भारत के सैनिकों ने अपनी कुर्बानी देकर हमें आजादी दिलाई है। यह बात बांग्लादेश का अस्तित्व रहने तक याद रखी जाएगी।

## स्वर्वेद भाष्य




**पंचम मंडल** **प्रथम अध्याय**

**( विविध योग )**

**मन व पवन कारण भये, सुरति निरति गम लीन।**
**अक्षर पर पर नि:शब्द है, अपरछिन्न लवलीन॥ 49॥**

**शब्दार्थ :** (अपरछिन्न) सीमारहित, सर्वव्यापक (लीन) मिल जाना, साधर्म्य।

**भाष्य :** मन तथा पवन अपने कारण में लीन हो जाते हैं एवं सुरति आगे शब्द-द्वार में गमन कर निरतिस्वरूप हो जाती है तथा अक्षरपार व्यापक सारशब्द में जाकर तन्मय और तदाकर हो जाती है।

**सहज योग सत मार्ग है, परम पुरुष है देव।**
**सद्‌गुरु भव तारण बने, करो चरण रज सेव॥ 50॥**

**शब्दार्थ :** (तारण) तरने का साधन (देव) आराध्य, प्रकाश करने वाला (सेव) भक्ति।

**भाष्य :** सहज योग सत्यमार्ग है और परम पुरुष आराध्यदेव है तथा सद्‌गुरु इस भवसागर से पार करने वाले हैं इसलिए अध्यात्म जगत के अधिपति सद्‌गुरु की चरणधूलि को प्राप्त कर महाप्रभु की भक्ति केरं।

**मीन विहंगम मार्ग है, अनुभव गम पर देव।**
**देव सदाफल गुरु कृपा, सुरति निरति करु सेव॥ 51॥**

**शब्दार्थ :** (गम) पथ (देव) परमप्रभु।

**भाष्य :** मीन तथा विहंगम का मार्ग है जिससे अंतर अनुभवगमन द्वारा परम प्रकाशमान देव की प्राप्ति होती है। विहंगम मार्ग चेतन-पथ है इसलिए सद्‌गुरु की कृपा द्वारा सुरति को निरति करके महाप्रभु की अनन्य भक्ति करें।

**॥ इति स्वर्वेद पंचम मंडल, प्रथम अध्याय भाष्य समाप्त॥**

# ट्रिपल मर्डर के अभियुक्त की मां और भाई गिरफ्तार



**गोलाघाट ( हिंस )।** 24 जुलाई को गोलाघाट में हुए ट्रिपल मर्डर की वीभत्स घटना के आरोपित नाजीबुर के भाई हिजबुर और उसकी मां सालेहा बेगम को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि इस बर्बर हत्या ने पूरे असम को हिलाकर रख दिया है। स्वयं मुख्यमंत्री बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलकर आ चुके हैं। परिवार को शीघ्र और उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दे चुके हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह भी इस सिलसिले में सख्त रुख अपनाए हुए हैं। पुलिस एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के आरोपित नाजीबुर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस बीच, गोलाघाट के पुलिस अधीक्षक पुष्किन जैन ने घटना की जांच के लिए गुरुवार को आठ सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) मृणमय दास के नेतृत्व में इस जांच दल का गठन किया गया है। इस बीच, सीआईडी की टीम ने सबूतों की तलाश के लिए आज भी घटनास्थल का दौरा किया।

## गोलाघाट ट्रिपल मर्डर से लव जिहाद का स्वरूप उभरा : सीएम

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि गोलाघाट में हुए ट्रिपल मर्डर की घटना ने एक बार फिर लव जिहाद का असली स्वरूप उजागर कर दिया है। गोलाघाट में तीन निर्दोष लोगों की हत्या लव जिहाद के कारण ही हुई। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यहां पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी के समय ही लड़कियों से शर्त मनवा लेते हैं कि उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करना होगा। मंदिर जाने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। लव जिहाद की हकीकत यही है।

## धेमाजी में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

**धेमाजी ( हिंस )।** धेमाजी थाना अंतर्गत बतुआमुख मिसिंग गांव निवासी दो दोस्तों की हुई मौत से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार इलाके में दोनों दोस्तों के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद हुए झगड़े में दोनों दोस्त बीती रात को घर से नीचे गिर गए। एक दोस्त 46 वर्षीय अमृत कदोंग गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश हो गया। दूसरे दोस्त नहेरू नरह (45 अमृत कडंग) ने उसे तुरंत एक ई-रिक्शा में उठाकर धेमाजी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल ने तुरंत इलाज की व्यवस्था की, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही अपने दोस्त के मौत की खबर सुनी, नहेरू नरह ने होश खो दिया और डर के मारे अस्पताल के फर्श पर गिर गया। तुरंत डॉक्टरों ने उसके इलाज की व्यवस्था की। लेकिन, देरात डॉक्टरों ने नरह को भी मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना की जांच करते हुए धेमाजी सदर थाना पुलिस ने दो दोस्तों के शवों का पोस्टमार्टम करने भेज दिया।

## असम पुलिस में आधिकारिक स्तर पर व्यापक फेरबदल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस में किए जा रहे व्यापक पैमाने पर सुधार के सिलसिले में आज असम सरकार के गृह विभाग के सचिव देब प्रसाद मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित एक आदेश के जरिए असम पुलिस के शीर्ष स्तर पर कई अधिकारियों का तबादला किया गया है। उलुबारी में असम पुलिस मुख्यालय में सहायक आईजीपी के रूप में तैनात एपीएस अधिकारी रणदीप कुमार बरुवा का तबादला कर उन्हें श्रीमंतपुर में सीमा शाखा (द्वितीय) में पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। प्रभारी विक्रम गोगोई को काहिलीपारा में 10वीं बटालियन में कमांडेंट के रूप में स्थानांतरित किया गया है। उलुबारी में सीआईडी कार्यालय के पुलिस अधीक्षक (कानून) के रूप में सेवारत एपीएस अधिकारी प्रणवज्योति गोस्वामी का तबादला कर उन्हें उलुबाड़ी में सीआईडी कार्यालय में विशेष पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया गया है। इसी तरह, धेमाजी के लिकाबाली स्थित 22 एपी (आईआर) बीएन के कमांडेंट, एपीएस अधिकारी मुस्लेहुद्दीन अहमद को शिवसागर के लिगिरीपुखुरी में पहले एपीबीएन में कमांडेंट के रूप में स्थानांतरित किया गया है। एपीएससी अधिकारी और 23 एपी (आईआर) बीएन, चिलनी, कार्बी आंगलोंग के एपीएस अधिकारी को स्थानांतरित कर दिया गया है । उन्हें पुलिस अधीक्षक, जांच ब्यूरो, श्रीमंतपुर, गुवाहाटी के रूप में तैनात किया गया है। असम पुलिस मुख्यालय से संबद्ध एपीएस अधिकारी सत्यजीत नाथ का तबादला कर उन्हें दक्षिण सलमारा के मनकाचार के सामरासाली में 26 एपी (आईआर) बटालियन के कमांडेंट के रूप में तैनात किया गया है। असम पुलिस की विशेष शाखा (क्षेत्रीय), काहिलीपाड़ा के पुलिस अधीक्षक, एपीएस रिपुल दास को काहिलीपारा में विशेष शाखा के पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरित किया गया है। गुवाहाटी पुलिस आयुक्तालय के उपायुक्त बुधींद्रनाथ मरांग का तबादला कर उन्हें धेमाजी के लिकाबाली में 22 एपी (आईआर) बीएन के कमांडेंट के रूप में तैनात किया गया है। बीटीसी डेरगांव के कमांडेंट एपीएस निर्मल बैश्य का तबादला 23 एपी (आईआर) बीएन में किया गया है। कार्बी आंगलोंग के दलदली में तीसरी असम कमांडो बटालियन के कमांडेंट डॉ. मानवेंद्र गोगोई का तबादला कर उन्हें उलुबारी में असम पुलिस के कार्यालय का सहायक आईजीपी नियुक्त किया गया है। होजाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पनजीत दुवरा को पावई में पुलिस अधीक्षक/कमांडेंट/डीसीपी/एआईजीपी स्तर और पांचवीं असम कमांडो बटालियन (शहरी अभियान और कानून व्यवस्था) के कमांडेंट के रूप में पदोन्नत किया गया है। बजाली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रधान कार्यालय) एपीएस, गायत्री सोनोवाल को पुलिस अधीक्षक/कमांडेंट/डीसीपी/एआईजीपी स्तर के पद पर पदोन्नत किया गया है और गुवाहाटी पुलिस आयुक्तालय के उपायुक्त (प्रोटोकॉल) का तबादला किया गया है। गुवाहाटी के अतिरिक्त उपायुक्त (वाहन-2) एपीएस अशरफ अहमद को पुलिस अधीक्षक/कमांडेंट/डीसीपी/एआईजेपी स्तर के पद पर पदोन्नत किया गया है और उन्हें पुलिस अधीक्षक (राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के पद पर उलुबारी, सीआईडी स्थित कार्यालय में तैनात किया गया है।

## डीआईजी की मोबाइल चोरी मामले में एक गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस के डीआईजी (कानून व्यवस्था) की हुई मोबाइल चोरी की घटना के सिलसिले में आज एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार कामरूप (ग्रामीण) जिले के नगरबेरा से मोबाइल चोरी के संदेह में गिरफ्तार चोर की पहचान जावेद अली के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले असम पुलिस के डीआईजी का मोबाइल फोन उस समय चोरी हो गया था, जब वे अपने कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। राजधानी के उलुबारी मजार के पास से उनके हाथ से झपटमार मोबाइल छीन कर ले गए थे। इसकी सूचना मीडिया को प्रत्यक्षदर्शियों ने दी थी। इस घटना को लेकर असम पुलिस की मीडिया में काफी किरकिरी भी हुई। इस घटना के दूसरे दिन ही राजधानी के आठ थाना के प्रभारियों का तबादला कर दिया गया था। आखिरकार आज मोबाइल चोर के पकड़े जाने के बाद निश्चित ही असम पुलिस को राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि इस चोरी की घटना संबंधी प्राथमिकी राजधानी के हातीगांव थाने में दर्ज कराई गई थी। आज मोबाइल चोर की गिरफ्तारी के बाद उसे नगरबेरा पुलिस ने हाथीगांव थाने में भेज दिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गुवाहाटी में शव बरामदगी को लेकर उत्तेजना

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी के हातीगांव इलाके में एक शव बरामदगी को लेकर उत्तेजना का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यानी गुरुवार की सुबह हातीगांव थाने से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक शव बरामद हुआ। फ्रेंड्स रोड पर मिले इस शव से इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मृतक की हत्या की गई है। मृतक की पहचान जावेद अली अहमद के रूप में हुई है। मृतक अहमद असम सरकार के सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता थे। मृतक फ्रेंड्स नगर जामे मस्जिद के अध्यक्ष भी थे। यह क्रूर घटना उस समय हुई जब वे बुधवार की रात की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद के लिए ईश्वर से निकले थे। पुलिस ने घटनास्थल से एक रॉड बरामद किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, अहमद की हत्या रॉड से पीट-पीटकर की गई होगी। शव के सिर पर चोट के निशान स्पष्ट हैं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में हत्या के दौरान दो लोगों की आवाजाही दिख रही है। कुछ लोगों को संदेह है कि हत्या में दोनों लोग शामिल थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की व्यवस्था की है। हत्या क्यों की गई इसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता चला है कि पिछले साल भी इसी स्थान पर एक व्यक्ति की हत्या हुई थी।

## एटीएम पिन बदलकर ठगी के छह आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी पुलिस बड़े साइबर क्राइम सिंडिकेट गिरोह के सदस्यों को पकड़ने में सफल हुई। है। यह गिरोह एटीएम का पिन बदलकर कई लोगों को ठग रहा था। आरोपों के अनुसार ठगों ने सबसे पहले कई लोगों के मोबाइल फोन पर एक मैसेज भेजा। बाद में एटीएम कार्ड बंद करने की धमकी दी और बाद में उनके मोबाइल पर भेजे गए ओटीपी की मदद से बैंक एकाउंट से पैसे लूट लिए। इस गिरोह के साथ कोलकाता का एक रैकेट भी जुड़ा हुआ है। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

## 156वीं बटालियन ने मनाया केरिपुब का 84वां स्थापना दिवस

**चिरांग ( हिंस )।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) के 84वां स्थापना दिवस के अवसर पर बल के 156वीं बटालियन के कमांडेंट ओम प्रकाश टोकस द्वारा अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों, एवं श जवानों को हार्दिक बधाई दी एवं बल में शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही बल में पदक प्राप्त करने वाले कार्मिकों का नाम पढ़कर सुनाया। इस अवस पर कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बल के वीर शौर्य गाथाओं के बारे में जवानों को बताया एवं ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी निर्वहन करने को निर्देश दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर बल के 156वीं बटालियन के कमांडेंट के नेतृत्व में आज अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा बटालियन मुख्यालय के मुख्य द्वार, स ?क के किनारे जमी गन्दगी व कूड़ा-कचरे की सफाई की गई एवं कमांडेंट द्वारा 1000 पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जवानों के मोरल/ मनोबल को उच्च बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के खेल-कूद प्रतियोगिता, बच्चों के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## बच्ची से शादी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** पुलिस ने बाल विवाह के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की रात हैलाकांदी पुलिस ने एक सूचना के आधार पर जाकिर हुसैन लश्कर नामक व्यक्ति को भिसिंगचा से गिरफ्तार कर लिया। जाकिर पर आरोप है कि उसने एक 12 साल की बच्ची के साथ शादी की थी। उनका एक बच्चा भी है। पुलिस ने एक अन्य 15 वर्षीय लड़की और एक बच्चे को भी बचाया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज कर चुकी थी। मामले की जांच कर रही है।

## कोकराझाड़ तेयुप की सार संभाल महाअभियान यात्रा



**कोकराझाड़ ( विभास )।** तेरापंथ युवक परिषद्, कोकराझाड़ * अभातेयुप के परिषद सार संभाल महा अभियान के अंतर्गत रमेश डागा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष 1), आशीष कोचर (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं असम सार संभाल महा अभियान के संयोजक), मनीष सिंघी (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), राकेश जैन (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं जैन संस्कार विधि के राष्ट्रीय प्रभारी) एवं हितेश चोपड़ा (समिति सदस्य) आज कोकराझाड़ पधारें। आज का कार्यक्रम रमेश डागा की अध्यक्षता में आयोजित साधारण सभा की शुरुआत नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से की गई। तत्पश्चात रमेश डागा द्वारा श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन कराया गया एवं परिषद के सदस्यों द्वारा विजय गीत का संघान किया गया। परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित सेठिया ने स्वागत वक्तव्य देते हुए सभी का स्वागत किया। अभातेयुप कार्यकारणी सदस्य एवं तेयुप कोकराझाड़ के शाखा प्रभारी बजरंग कुंडलिया ने किशोर मंडल श्रेणी के युवकों को अधिक संख्या में जुड़ने के साथ किशोर मंडल गठन करने के लिए आग्रह किया। अभातेयुप के राष्ट्रीय जैन संस्कार विधि के प्रभारी राकेश जैन ने जैन संस्कार विधि से कार्यों और कार्यशालाओं से अधिक से अधिक जोड़ने के लिए कहा। पधारे हुए अभातेयुप के उपाध्यक्ष श्री रमेश डागा ने अभातेयुप के मुख्य आयाम सेवा-संस्कार-संगठन के विभिन्न पहलुओं को बहुत ही अच्छे से समझाया और अभातेयुप द्वारा संचालित मुख्य आयाम जैसे फिट युवा हिट युवा, आचार्य तुलसी डाइग्नोसिस सेंटर, युवा वाहिनी,जैन संस्कार विधि, टास्क फोर्स, आचार्य तुलसी जैन हास्टल आदि की विस्तृत जानकारी रखी और परिषद को सभी आयामों से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने का आह्वान किया। संघ के प्रति समर्पित और जागरूक रहकर गुरुदेव के इंगीत शनिवार की सामायिक और मैं हूं सामायिक साधक से सभी युवकों को जुड़ने के लिए साथ ही मासिक धर्मजागरण हर घर जाकर करने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम का संचालन साथ ही गत वर्ष सत्र 22-23 में किए गए कार्यों का विवरण मंत्री राज कुमार बोथरा द्वारा किया गया एवं आभार ज्ञापन सहमंत्री निखिल भंडारी द्वारा किया गया। सभा में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापंथ महिला मंडल, कन्या मंडल एवं समाज के व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## आईएनआईएफडी की स्किल्स यूनिवर्सिटी सहित कई ऐतिहासिक पहल शुरू की




**गुवाहाटी।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन, आईएनआईएफडी गुवाहाटी ने हाल ही में मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी और एनएसडीसी-स्वीकृत डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों को पेश करके एक ऐतिहासिक पहल शुरू की है। इस अवसर पर आईएनआईएफडी ग्लोबल के सीईओ श्री अनिल खोसला, बॉलीवुड अभिनेता और सेलिब्रिटी होस्ट श्री अमन वर्मा, प्रसिद्ध असमिया सेलिब्रिटी बिक्रम राजखोवा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। फैशन और इंटीरियर डिजाइन के ये अभिनव कार्यक्रम मेधावी स्किल्स यूनिवर्सिटी की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ दुनिया की सबसे बड़ी डिजाइन संस्थान आईएनआईएफडी की कौशल निर्माण प्रणाली को जोड़कर नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत पेश किए जाएंगे। अनिल खोसला (सीईओ, आईएनआईएफडी) ने बड़े विश्वास के साथ कहा कि ये पाठ्यक्रम डिग्री और डिप्लोमा छात्रों की मूल बातें मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें व्यावहारिक परीक्षण की क्षमता भी प्रदान करेंगे। इस शैक्षिक कार्यक्रम के तहत दिए जाने वाले व्यावहारिक प्रशिक्षण से उनकी रचनात्मकता, निर्णय लेने की क्षमता और रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी। उनकी शिक्षा के अंत में, उन्हें नई शिक्षा नीति के अनुसार बीवीओसी, एमवीओसी और बिड्स की यूजीसी द्वारा अनुमोदित डिग्री मिलेगी। उन्होंने छात्रों के असाधारण डिजाइन कौशल की सराहना की और उनकी रचनात्मकता को प्रेरित किया। उन्होंने नृत्य और मनोरंजक कार्यक्रमों से इस उत्साहपूर्ण कार्यक्रम को और अधिक रोचक बना दिया। श्री अमन वर्मा (बॉलीवुड अभिनेता और सेलिब्रिटी होस्ट) ने डिजाइन क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा आईएनआईएफडी के छात्रों को प्रतिभा बाजार की जरूरतों के अनुरूप विशेष कौशल से सुसज्जित होने की आवश्यकता पर भी जोर डाला। काफी सोच-विचार के साथ पेश किए गए, इन पाठ्यक्रमों को डोमेन-विशिष्ट बनाया गया है और ये राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के अनुरूप हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्र निदेशक चिंकी अग्रवाल ने आईएनआईएफडी द्वारा कैरियर-उन्मुख यात्राओं और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के माध्यम से रचनात्मकता को बढ़ाकर पेशेवर उत्कृष्टता के लिए छात्रों को तैयार करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotations are invited affixing court fee stamp of Rs. 8.25 from the manufacturer/dealer for supply of the following verification equipments indicating rates as per specification below for the year, 2024. The quotation will be received in drop box to be kept at office of the Commissioner of FCS,CA and Legal Metrology, Assam, Guwahati-7 up to 2 PM of the 16th Aug'23 and will be opened on the same day at 4 PM in presence of the Quotationer or their representatives in the office chamber of the undersigned.

| | Item | | Particulars | Font Size |
|---|---|---|---|---|
| A. (i) | Year Punch, 2024<br>4 nos in a set.<br>(Size 1,2,3 & 4) | (I) Size - | 1. length = 9.5 cm. -------<br>2. length = 9.0 cm. -------<br>3. length = 10.5 cm. -------<br>4. length = 12.0 cm. ------- | 12<br>18<br>24<br>27 |
| (ii) | Year Plier dies, 2024<br>4 nos in a set.<br>(Size A,B,C & D) | (II) Size - | 12 mm diameter. | |

**General Condition.**

1. The verification equipments should be made of best Steel and well tempered. If any defect is found in the aforesaid item within six month from the date of use then the replacement will have to be made free of cost.
2. The Quotationer should deliver the articles in good conditions at the office of the Commissioner of FCS,CA and Legal Metrology, Assam, Guwahati-7 within 30 days on receipt of the formal supply order at their own cost.
3. The estimate cost of year punch is Rs. 2814.00 (per set) and for year plier dies is Rs.2184.00 (per set).
4. The rates should be valid up to 12 months from the date of acceptance of the quotation.
5. The rates and taxes payable should be indicated against each item separately and should be F.O.R. destination.
6. The Quotationer must furnish attested copy of the Pan Card and GST Registration Certificate & Bank Account No. with IFSC Code along with their quotation.
7. The quotation paper should be submitted in sealed cover and to be written clearly. "Supply of year punch & plier dies 2024".
8. The Commissioner of F,CS,CA and Legal Metrology, Assam, Guwahati-7 is not bound to accept the lowest or any other quotation.
9. The decision of the Commissioner, of FCS,CA and Legal Metrology, Assam, Guwahati-7 will be final in all respect.

Sd/-
Commissioner,
Food, Civil Supplies, Consumer Affairs
and Legal Metrology, Assam.

*-- Janasanyog /C/7881/23*

## 21 सदस्य वाली राष्ट्रीय कल्याणकारी परिषद की नई जिला समिति का गठन



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ शहर के बैंक कॉलोनी के दुर्गा मंडप प्रांगण में राष्ट्रीय कल्याणकारी परिषद (आरजेपी) की एक सभा आयोजित हुई। सभा में राष्ट्रीय कल्याणकारी परिषद के उपाध्यक्ष पीयूस सरकार की अध्यक्षता में आयोजित सभा में सर्वसम्मति से कोकराझाड़ जिला समिति का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष रंजीत घोसल, उपाध्यक्ष बाबला चंद्र घोष, पिंकू बालसया, संजय सिंह, गाथार बसुमतरी, प्रशांत दे, बाली मंडल, फूंखा बसुमतरी, महामंत्री (साधारण सचिव) उत्पल बर्मन, अनुज भट्टाचार्जी, बिनय कुमार राय, राजीब राय, अमन कुमार सिंह, नारायण दे, बिशाल सेन समेत कुल 21 सदस्यीय नई जिला समिति का गठन किया गया।

## विश्वनाथ के बमगांव में अमृत महोत्सव के साथ विकास कार्यों पर परिचर्चा




**विश्वनाथ ( विभास )।** नाबार्ड ने विश्वनाथ में शोणितपुर जिले के बमगांव में वित्तीय साक्षरता केंद्र के कार्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के संयोजन में कैडेटों के सहयोग से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा किए गए विकास कार्यों पर एक चर्चा का आयोजन किया। नाबार्ड के जिला प्रबंधक प्रीतम कुमार नाथ ने बैठक के उद्देश्यों को समझाया। उन्हें पावर प्वाइंट के माध्यम से डीआर की विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि सरकारी एजेंसियों ने देश के नागरिकों के लिए क्या विकास कार्य किए हैं और वे और क्या कर सकते हैं, इस विषय में आलोचना किया गया। इधर बैठक में वित्तीय साक्षरता पर भी चर्चा हुई। बैठक में नाबार्ड के जिला प्रबंधक प्रीतम कुमार नाथ ने भाग लिया, जिन्होंने कोइलाजुली में बाजरा कृषि बहुउद्देशीय सहकारी समिति को पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनआरबीएडी बिश्वनाथ जिला प्रबंधक प्रीतम कुमार नाथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक, बिश्वनाथ कृषि विश्वविद्यालय डॉ. पल्लवी कुमार शर्मा और वित्तीय साक्षरता प्रबंधक देवजीत बोरा उपस्थित थे।

# भाजपा के आने से राजस्थान की किस्मत करवट दोनों बदलेगी : प्रधानमंत्री

**- यूपीए के कुकर्म छिपाने के लिए अब इंडिया नाम रखा गया : मोदी**
**- आज एक बार फिर महात्मा गांधी के क्विट इंडिया नारे की जरूरत : मोदी**

**सीकर/नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के सीकर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, अपराध और कुप्रशासन के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर यहां की किस्मत और करवट दोनों बदल जाएगी। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने लूट की दुकान और झूठ का बाजार सजा रखा है। इसमें ताजा मामला लाल डायरी का जुड़ गया है जिसके खुलने पर अच्छे-अच्छे नेता निपट जाएंगे। लाल डायरी के बारे में बड़े-बड़े नेताओं की बोलती बंद हो जाती है। यह लाल डायरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों पर कांग्रेस को घेरते हुए जनसभा के दौरान कहा कि राजस्थान अब बहन-बेटियों और दलितों पर अत्याचार, कर्ज के बोझ तले मरता किसान, बेलगाम अपराध, पेपर लीक, परेशान युवा और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को नहीं सहेगा। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लोगों को उनके घरों तक नल से जल पहुंचाने की योजना में राजस्थान के पीछे रहने पर भी कांग्रेस सरकार को घेरा। प्रधानमंत्री ने विपक्षी एकता के लिए बने गठबंधन इंडिया पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपीए के कुकर्म छिपाने के लिए अब इंडिया नाम रखा गया है। लेकिन इससे कुछ बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के नाम में भी इंडिया (सिमी) था लेकिन उसका मकसद देश में आतंक फैलाना था। जब उस पर प्रतिबंध लगा तो उसने अपना नाम बदलकर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कर दिया। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के क्विट इंडिया मूवमेंट का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में भी इसी तरह के अभियान की जरूरत है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद को अब देश को क्विट इंडिया कहना होगा। क्विट इंडिया देश को विकसित बनाएगा।



# गृह मंत्री अमित शाह ने मप्र विधानसभा चुनाव की रणनीति पर किया मंथन

**- गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के लिए रवाना, मुख्यमंत्री ने दी भावभीनी विदाई**

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुरुवार को सुबह भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां राजकीय विमानतल पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा तथा सांसद वीडी शर्मा भी उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह बुधवार को रात आठ बजे विशेष विमान से भोपाल आए थे। उन्होंने यहां रात 8.30 बजे से 12.30 तक तक पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में करीब चार घंटे चली इस बैठक में अमित शाह ने प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव की रिपोर्ट के आधार पर सभी 230 विधानसभा सीटों के सियासी समीकरण की जानकारी ली। इस दौरान 11 जुलाई को हुई बैठक में दिए गए टास्क का फीडबैक भी लिया। देर रात तक मंथन के बाद अमित शाह ने भोपाल के ताज लेक फ्रंट होटल में रात्रि विश्राम किया गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे दिल्ली रवाना हो गए। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह ने प्रदेश के मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड, विंध्य, महाकौशल और मध्य क्षेत्र की अलग-अलग नेताओं के साथ समीक्षा की। उन्होंने ग्वालियर-चंबल को लेकर केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ अलग बात की, जबकि मालवा-निमाड़ का फीडबैक पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय से लिया। अमित शाह ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रोडमैप लगभग तय कर दिया है। इसी के तहत पार्टी प्रदेश में चार जगहों से विजय संकल्प यात्रा निकालने जा रही है। मुख्य यात्रा सितंबर महीने में उज्जैन से निकाली जाएगी। अभी इसकी तारीख तय नहीं हुई है। उज्जैन के अलावा ग्वालियर, चित्रकूट और जबलपुर से भी ये यात्राएं निकाली जाएंगी। इसमें प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता शामिल रहेंगे। इसके अलावा 16 सदस्यीय चुनाव समिति गठित की जाएगी।



## कश्मीर की पहचान सिर्फ खूबसूरती के लिए ही नहीं, कई संस्कृतियों और सूफीवाद के लिए भी : सिन्हा

**श्रीनगर, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि 30 साल से अधिक के अंतराल के बाद पहली बार श्रीनगर में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। श्रीनगर के एसकेआईसीसी में आयोजित सूफीवाद पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि सड़क पर होने वाली हिंसा कभी कश्मीर घाटी में एक नियमित घटना थी, जो अब नहीं है। एक समय में शटडाउन कॉल से लोग पीड़ित थे, लेकिन आज शांति कायम है और लोग स्वतंत्र रूप से सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए नहीं, बल्कि कई संस्कृतियों और सूफीवाद के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि घाटी सूफियों की भूमि और सूफीवाद का केंद्र है। संस्कृति और सभी धर्मों का सम्मान करना दशकों से कश्मीर की परंपरा रही है। सभी के साथ समान व्यवहार करना ही असली सूफीवाद और उसका संदेश है। उन्होंने कहा कि सूफीवाद झुंड को एक साथ रखता है और धर्म, जाति और लिंग की बाधाओं को तोड़ने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए शांति जरूरी है। अगर शांति नहीं है तो विकास नहीं हो सकता। इस अवसर पर उपस्थित केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि श्रद्धेय संत शेखुल आलम (आरए) की शिक्षाओं का दुनिया भर में पालन किया जा रहा है और यही कारण है कि उन्हें शेख-उल-कश्मीर नहीं शेख-उल-आलम के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस महान संत की शिक्षाओं का पालन करने से सूफीवाद के वास्तविक अर्थ को समझने में मदद मिलती है। इस मौके पर पुलिस के आला अधिकारी और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। शिया नेताओं ने ऐतिहासिक फैसले के लिए उपराज्यपाल प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



## चुनावों में पंजाबियों के हकों को मानने वाली पार्टी का करेंगे समर्थन : बत्रा

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** हरियाणा के पूर्वमंत्री एवं अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच के अध्यक्ष सुभाष बत्रा ने कहा है कि आगामी चुनावों में जो पार्टी पंजाबी समाज के हकों को मानेगी, समाज उसी को समर्थन करेगा, फिर वह चाहे कोई भी पार्टी हो। बत्रा ने कहा कि पंजाबी वोट बैंक कभी कांग्रेस का होता था जिसकी वजह से कांग्रेस सरकार में 11 मंत्री पंजाबी समुदाय से होते थे तथा कांग्रेस के इस एहसान के बदले पंजाबी समाज ने फरीदाबाद से स्व. भजनलाल को भारी मतों से जितवाया था, लेकिन जब कांग्रेस के राज में पंजाबी समाज की अनदेखी की तो कांग्रेस से पंजाबी वोटर खिसक गया और कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ा इसलिये अगर कांग्रेस को दुबारा सत्ता की रेस में आना है तो नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनावों तथा नौकरियों में पंजाबी समाज को संख्या अनुसार हिस्सेदारी देनी होगी। पूर्वमंत्री सुभाष बत्रा गुरुवार को एन.एच.-3 स्थित अरावली गोल्फ क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुभाष बत्रा ने कहा कि अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच पिछले कई महीनों से पंजाबी समाज को एकजुट करने के लिये व पंजाबी समाज के रानितिक हकों की मांग के लिये हर जिले में सभायें कर रहे हैं ताकि पंजाबी वोटर विभाजित न हों और एकजुट होकर हमारे समाज के हकों को मानने वाली पार्टी को ही वोट दें। चाहे वह कोई भी पार्टी हो जो पार्टी हमारे समाज के हकों को मानेगी हमारा समाज उसी को साथ व वोट देगा। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि फरीदाबाद पंजाबियों की सख्या के हिसाब से सबसे बड़ा शहर है जिसमें 6 विधानसभा सीटें आती हैं और उसमें से बडखल और फरीदाबाद सीटों पर पंजाबी समाज का हक है, इसलिए सभी पार्टियां इन सीटों पर पंजाबी उम्मीदवारों को टिकट दें। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद का पंजाबी वोटर ही किसी पार्टी को सत्ता की कुर्सी तक पंहुचाता है इसलिये पंजाबी समाज की माँगों की अन्देखी किसी भी पार्टी को सत्ता से दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ने पंजाबी समाज को लगातार एकजुट होने का कार्य किया है और इस बार भी पंजाबी समाज अपनी राजनितिक भागीदारी लेने के लिये एकजुट है। इस मौके पर संध्या बजाज प्रधान महिला विंग, नन्द बजाज प्रधान हरियाणा व्यापार मंडल, अश्वनी कालड़ा राष्ट्रीय सह सचिव, सुनील गुलाटी प्रदेश सचिव, अमर नाथ अरोड़ा पूर्व पार्षद रोहतक, मनमोहन आजाद चेयरमैन स्वतंत्रता सेनानी संस्था और विजय रत्तरा उपस्थित थे।

## पंजाब के राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त आप नेता के साथ मप्र में मारपीट, बदमाशों ने तोड़े कार के कांच

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में पंजाब के आम आदमी पार्टी के नेता नवदीप सिंह जिद्दा पर हमला हुआ है। शहर के चार बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। इसके बाद बदमाश उनका बैग चुराकर भाग गए। मामला बुधवार देर रात का है। आप नेता जिद्दा ने गुरुवार सुबह शहर कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। आप नेता नवदीप सिंह जिद्दा पंजाब सरकार में शुगरफेड के चेयरमैन हैं और उन्हें पंजाब सरकार ने उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया है। पार्टी ने उन्हें खंडवा में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए भेजा है। वे एक सप्ताह से खंडवा में सिनेमा चौक पर एक होटल में रुके हुए हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बुधवार रात शहर के सिनेमा चौक स्थित होटल के बाहर टहल रहे थे, तभी उन पर हमला हुआ। हमलावरों ने पत्थर और बेसबॉल के डंडे से कार के कांच फोड़ दिए। इसके बाद कार में रखा बैग भी चुरा लिया। बैग में कपड़ों के अलावा पार्टी के दस्तावेज भी थे। उनका कहना है कि एक सोची समझी साजिश के तहत उन पर हमले की योजना बनाई गई है। प्रदेश में भाजपा सरकार की स्थिति खराब है। इस वजह से यह हमला किया गया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में ले लिया है। वहीं, आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेता दलजीत सिंह का कहना है कि पप्पी यादव और आकाश यादव सहित अन्य लोगों ने पंजाब के पार्टी पदाधिकारी जिद्दा के साथ मारपीट की है। ये शहर के नामचीन गुंडे हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी के कारण लाया जा रहा है अविश्वास प्रस्ताव : अधीर रंजन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कह कि मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में हमारे पास अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। चौधरी ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि अविश्वास प्रस्ताव लाने से उनकी सरकार नहीं गिरेगी लेकिन इसके अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम यही चाहते हैं कि मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री संसद के अंदर बोलें। समाजवादी पार्टी प्रमुख व सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि मणिपुर में जो हो रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। इस मुद्दे पर संसद में बात होनी चाहिए, क्योंकि मणिपुर में जो भी हो रहा है, इसकी जानकारी सरकार को होगी। ऐसे में इस मुद्दे पर सदन में बात करना जरूरी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मणिपुर में जो हुआ, वह भयावह है। वहां 55 हजार से अधिक लोगों को घरों से विस्थापित होना पड़ा है। वहां उपजी हिंसा के कारण 149 लोग मारे गए। यह कोई छोटी समस्या नहीं है। इन समस्याओं पर विरोध जताने के लिए विपक्ष के नेताओं ने काले कपड़े पहने हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर की कोई चिंता नहीं है। वह देश विदेश में जाकर लगातार भाषण दे रहे हैं लेकिन मणिपुर मुद्दे पर संसद में बोलने को तैयार नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को गृह मंत्री शाह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे को पत्र लिखकर मणिपुर मुद्दे पर चर्चा का अनुरोध किया था। शाह ने कहा था कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार इस मुद्दे पर कुछ भी छिपाना नहीं चाहती है। बीते दिनों मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न करके घुमाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसे लेकर विपक्ष लगातार केन्द्र और राज्य सरकार की आलोचना कर रहा है और संसद के दोनों सदनों में मणिपुर के हालात पर चर्चा की मांग कर रहा है। मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान हिंसा भड़क गई थी।




## मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भांगड़ में कोलकाता पुलिस की विशेष टीम ने किया दौरा

**कोलकाता, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना के हिंसाग्रस्त भांगड़ को कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक और अन्य संबंधित पक्षों को इसके लिए कदम उठाने के निर्देश बुधवार को दिए थे। इसके बाद गुरुवार को दोपहर के समय लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय से एक विशेष टीम कोलकाता लेदर कंपलेक्स थाने के असिस्टेंट कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारियों को साथ लेकर भांगड़ थाने पहुंची। यहां राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक हुई। कोलकाता पुलिस की टीम ने भांगड़ और करीमपुर थाना क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा किया है। पंचायत चुनाव के पहले से ही तृणमूल कांग्रेस और आईएसएफ के कार्यकताओं के बीच बार-बार टकराव की वजह से भांगड़ व्यापक हिंसा के लिए हमेशा सुर्खियों में रहा। राज्य पुलिस से हालात संभाल में नहीं रहने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने कोलकाता पुलिस को इस पूरे क्षेत्र को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने का निर्देश दिया था। उसी के मुताबिक गुरुवार को विशेष अधिकारियों की टीम ने दौरा कर हालात का जायजा लिया है। यह बात पूरे इलाके में सुर्खियां बनी हुई है कि अब दक्षिण 24 परगना के इस इलाके में कोलकाता पुलिस का राज चलने वाला है। ऐसे में अबाध हिंसा और असीमित हथियार गोला बारूद बम आदि एकत्रित करने वालों में खौफ का माहौल भी है।



## आईएनएस विक्रांत पर लटका मिला नाविक का शव, जांच के आदेश

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत में गुरुवार सुबह एक नाविक का शव लटका मिला। नौसेना ने जांच के आदेश दिए हैं। (एलसीए) नेवी और मिग-29 के लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग के बाद आईएनएस विक्रांत पूरी तरह से ऑपरेशनल होने के इंतजार में है, इसलिए विमानवाहक पोत फिलहाल कोच्चि में खड़ा है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह एक नाविक को आईएनएस विक्रांत पर लटका हुआ पाया गया। यह 19 वर्षीय नाविक अग्निवीर नहीं, बल्कि नियमित कैडर से मुजफ्फरपुर, बिहार का रहने वाला था। उसका शव युद्धपोत के एक डिब्बे में लटका हुआ पाया गया, नौसेना ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। आईएनएस विक्रांत के डेक पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) नेवी और मिग-29 के लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग के बाद पूरी तरह से ऑपरेशनल होने के इंतजार में है, इसलिए विमानवाहक पोत फिलहाल कोच्चि में खड़ा है। भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत, 45,000 टन का विक्रांत कोचीन शिपयार्ड में 20 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। केवल अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन के पास ही इस आकार के विमान वाहक पोत बनाने की क्षमता है। इसका नाम विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के नाम पर रखा गया है, जिसे 1961 से 1997 तक नौसेना ने संचालित किया था। युद्धपोत विक्रांत 262 मीटर लंबा है, इसकी ऊंचाई 61 मीटर (कील टू मस्तूल) है। इसका फ्लाइट डेक 12,500 वर्ग मीटर (10 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर) है। इसकी क्षमता 7,500 समुद्री मील और अधिकतम गति 28 समुद्री मील है।



## मुख्यमंत्री चौहान ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल, (हि.स.)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) गुरुवार को अपना स्थापना दिवस मना रहा है। सीआरपीएफ की स्थापना 27 जुलाई 1939 में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव्स पुलिस के तौर पर हुई थी। बाद में इसे 28 दिसम्बर 1949 में इसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नाम दे दिया गया। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की है। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट कर कहा देश सेवा के लिए समर्पित समस्त जवानों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं! जब-जब भी देश को जरूरत पड़ी, CRPF जवानों ने अपनी असाधारण कर्तव्यनिष्ठा, साहस और वीरता से देश को गौरवान्वित किया। आपकी सेवा भावना, समर्पण और कर्मशीलता अभिनंदनीय है। मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अपने ट्वीट संदेश में कहा आजादी के बाद देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस की सभी वीर जवानों व उनके परिजनों एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आंतरिक सुरक्षा के साथ ही दुश्मन को देश की सीमाओं से दूर रखने में सीआरपीएफ जवानों के समर्पित योगदान एवं त्याग को नमन करता हूं।




## मुंबई में भारी बारिश से निचले इलाकों में जलभराव, जुलाई महीने में हुई रिकॉर्ड बारिश

**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई में बुधवार रात से हो रही भारी बारिश से मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। इसका असर सड़क यातायात के साथ मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाले हार्बर रेलवे की लोकल सेवा भी पड़ा है, जबकि पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे की सेवा सुचारु रूप से चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार मुंबई में हो रही बारिश ने जुलाई महीने में होने वाली बारिश के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जलनिकासी का काम मुंबई नगरनिगम कर्मी पंपिंग के सहयोग से कर रहे हैं। मौसम विभाग ने कोलाबा और सांताक्रूज में क्रमशः 124.8 मिमी और 124 मिमी बारिश दर्ज की है। चर्चगेट, मरीन लाइंस में सड़कों पर जलभराव हो गया है। इससे इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। इस तरह के हालात दादर, माटुंगा, किंगसर्कल, लालबाग, अंधेरी, कुर्ला आदि स्थानों पर भी हैं। मुंबई नगर निगम कर्मी जलनिकासी कर रहे हैं, लेकिन लगातार अचानक भारी बारिश होने से स्थिति पहले जैसी ही बन जा रही है।

इससे नागरिकों का हाल बेहाल हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को मुंबई की हुई भारी बारिश ने जुलाई 2020 में बनाए गए 1,502.6 मिमी के रिकॉर्ड को पार कर लिया। अब तक जुलाई महीने में कुल वर्षा 1,512.7 मिमी तक हुई और इस वर्ष के जुलाई माह में वर्षा का एक नया रिकॉर्ड बन गया है। बुधवार को हुई बारिश ने जुलाई 2005 की याद दिला दी, जब मुंबई में एक ही दिन में 944 मिमी बारिश हुई थी। जुलाई 2005 कुल मासिक वर्षा 1454.4 मिमी दर्ज की गई थी। यह इस महीने दर्ज की गई बारिश से 58 मिमी कम थी। मुंबई में 25 जून से बारिश की शुरूआत हुई और एक महीने के भीतर मुंबई में 2,000 मिमी तक बारिश दर्ज की जा चुकी है। शहर में पहली बार 1,000 मिमी बारिश 21 जुलाई तक और उसके बाद पांच दिनों में 1,000 मिमी बारिश दर्ज की गई है।



# यूथ फॉर पनुन कश्मीर ने सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 को लेकर लंबित मामले में पक्षकार बनाने की मांग की

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में नरसंहार का दंश झेलने वाले कश्मीरी पंडितों के संगठन यूथ फॉर पनुन कश्मीर ने भी अनुच्छेद 370 को लेकर संविधान बेंच में लंबित सुनवाई में खुद को पक्षकार बनाये जाने की मांग की है। संगठन ने अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का समर्थन किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं और सिखों को आतंकवाद और पलायन झेलना पड़ा है। अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से अलग रखता है। ऐसे में अनुच्छेद 370 को हटाने का सरकार का फैसला पीड़ितों के जख्म पर मरहम लगाने जैसा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर दो अगस्त को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच सुनवाई करेगी। पांच सदस्यीय बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। दो मार्च, 2020 के बाद इस मामले को पहली बार सुनवाई के लिए लिस्ट किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च, 2020 को अपने आदेश में कहा था कि इस मामले पर सुनवाई पांच जजों की बेंच ही करेगी। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने मामले को सात जजों की बेंच के समक्ष भेजने की मांग को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केंद्र ने राज्य के सभी विधानसभा सीटों के लिए एक परिसीमन आयोग बनाया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के स्थायी निवासियों के लिए भी भूमि खरीदने की अनुमति देने के लिए जम्मू एंड कश्मीर डेवलपमेंट एक्ट में संशोधन किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर महिला आयोग, जम्मू-कश्मीर अकाउंटेबिलिटी कमीशन, राज्य उपभोक्ता आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग को बंद कर दिया गया है।



# शिवसैनिकों ने मनाया उद्धव ठाकरे का 63वां जन्म दिवस



**मेरठ, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कार्यकताओं ने गुरुवार को उद्धव ठाकरे का 63वां जन्मदिन मनाया। कार्यकताओं ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में शिवसेना दमदार प्रदर्शन करेगी। छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय पर शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव बालासाहेब ठाकरे के 63वें जन्मदिवस पर उनकी दीघार्यु की कामना करते हुए यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ में मुख्य यजमान जिला प्रमुख संदीप गर्ग रहे। यज्ञ पंडित देवदत्त शास्त्री द्वारा संपन्न कराया गया। यज्ञ के पश्चात प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने केक काटकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुछ गद्दारों ने शिवसेना तोड़कर उद्धव ठाकरे को कमजोर करने की कोशिश की है लेकिन ये कोशिश तभी तक ही है जब-तक गद्दार महाराष्ट्र की सत्ता में हैं। जिस दिन सत्ता गई तो उसी दिन गद्दारी करने वालों का वजूद समाप्त हो जाएगा और शिवसेना एक बार पुनः उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाराष्ट्र की सत्ता में होगी। जन्मदिवस पर शिवसैनिको ने मिठाईयां बांटकर एक दुसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अवनीश आर्य, पंकज गुप्ता, मुकेश शर्मा, विनित जैन, सोनिया उत्तम, पवन पार्चा, राम सिंह यादव, आरपी सिंह, अमरनाथ, अमित तोमर, पिंटू त्यागी, सागर प्रजापति, सहेंद्र तोमर, बाली कश्यप, अनुज जैन, अमित पाल, राजेश तोमर, दीपक धानक, प्रमोद जैन, यतेन्द्र कुमार रोमी, दीपक वैश्य आदि उपस्थित रहे।

# औरैया, इटावा जाने के लिए रास्ता बंद, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से 110 किमी का चक्कर



**जालौन, (हि.स.)।** औरैया पुल क्षतिग्रस्त होने की वजह से मार्ग को बंद कर दिया गया है और एक महीने बाद इस रास्ते को खोला जाएगा । वहीं बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर 26 जुलाई से टोल टैक्स लगना शुरू हो गया है। इसको लेकर लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। औरैया की तरफ जाने वाले लोगों को अब एक 110 किमी लंबा चक्कर लगाना होगा। वहीं लोगों ने जिला प्रशासन से कोई दूसरा रास्ता खोलने की अपील की है। बता दें कि औरैया पुल क्षतिग्रस्त हो गया है और उस पर मरम्मत का कार्य जारी है तकरीबन 1 माह बाद काम पूरा कर उसे खोल दिया जाएगा लेकिन इसको लेकर लोग काफी परेशान हैं । इसी को लेकर व्यापार मंडल कुठौंद के प्रतिनिधि,वाहन स्वामि, एवं दूध डेयरी के मैनेजरों ने पहुंचकर ज्ञापन दिया और मांग रखी कि जब तक वहां मरम्मत कार्य चल रहा है विकल्प के तौर पर कोई दूसरा मार्ग खोल दिया जाए। क्योंकि इस रास्ते के बंद होने से अब लोगों को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर गुजरना पड़ेगा जहां पर टोल टैक्स लगना शुरू हो गया है आम आदमी वहां से 110 किलोमीटर का चक्कर लगा कर आएगा जो लोगों के लिए परेशानी का सबब है।

# तेजी से फैल रहा "आई फ्लू", घबराएं नहीं डॉक्टर से परामर्श लें



**जालौन, (हि.स.)।** शहरी व ग्रामीण इलाकों में अब तेजी से आई फ्लू फैलने लगा है, रोजाना इसकी संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आई फ्लू को लेकर सैकड़ों की संख्या में नेत्र चिकित्सालय में मरीज अपना उपचार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को वायरस से बचने के उपचार के दौरान सलाह भी दे रहे हैं। बता दें कि, नगर व ग्रामीण क्षेत्र भर में इस वक़्त आई फ्लू संक्रमण तेजी से फैल रहा है। बारिश के मौसम में अक्सर आई फ्लू के बहुत मामले सामने आ रहे हैं। इसे पिंक आई भी कहा जाता है यह एक संक्रामक बीमारी है, जो संक्रमित व्यक्ति या उसके आंसुओं के संपर्क में आने से फैलता है। इसके अलावा यह आई कॉन्टैक्ट बनाने और संक्रमित व्यक्ति के खांसी के दौरान छींकने से भी फैल सकता है गुरूवार जिला नेत्र चिकित्सालय में सैकड़ों मरीज अपना उपचार कराने पहुंच रहे हैं। इस समय आई फ्लू वायरस तेजी से बढ़ रहा है जिसमें बीते 6 दिनों के अन्दर में सीएचसी पर 2000 से 3000 मरीज अपना उपचार कराने पहुचे है। नेत्र चिकित्सक डॉ आरपी सिंह ने बताया कि रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ रही है । वह लोगों को चश्मा लगाकर मरीजों को देख रहे हैं। मरीज भी चश्मा लगाकर आ रहे हैं जो मरीज आ रहे हैं उनको आई ड्रॉप देकर तथा एंटीबायोटिक दवाएं दी जा रही है इसके बढ़ने के मुख्य कारण है की आखों में आँखे डालकर देखना, एक दूसरे की तौलिया का प्रयोग करना आंसू आना ये आई फ्लू होता है।

# माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित लोगों ने दुकान में लगाई आग




**रांची, (हि.स.)।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार रात की है। जानकारी के अनुसार नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली चौक के पास दो बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने सुभाष मुंडा को गोली मार दी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सुभाष मुंडा को आनन-फानन में रिंची हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि छह से सात गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद एसएसपी, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, डीएसपी, नगड़ी थाना, रातू थाना, पुनदाग थाना की भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची है। सुभाष मुंडा का दलादली चौक स्थित ऑफिस था। अपराधियों ने ऑफिस में घुस कर सुभाष मुंडा को गोली मार दी। इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि सुभाष मुंडा को जमीन विवाद को लेकर गोली मारी गई है। सुभाष मुंडा जमीन के कारोबार से जुड़ा हुआ था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। सड़क जाम कर कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। सिटी एसपी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई है। आक्रोशित लोगों ने पुलिस को भी खदेड़ दिया। एक शराब दुकान में आग लगाने की सूचना है। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अनूप बिरथरे और आईजी पंकज कंपोज भी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। परिवार के लोगों से बातचीत की जा रही है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**हत्या के विरोध में बंद** – सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ, 21 पड़हा नगड़ी ने गुरुवार को नगड़ी बंद का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि सुभाष मुंडा हटिया और मांडर विधानसभा में चुनाव लड़ चुके हैं।

# भाजपा सरकार की सोच में है किसानों का कल्याण : संतोष साह



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के सबौर प्रखंड के रजन्दीपुर ग्राम पंचयात के बाबुपुर गांव में गुरुवार को भाजपा जिला किसान मोर्चा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत राजस्थान के सीकर से एलईडी के माध्यम से ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम देखा गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान से 8.5 करोड़ पीएम-किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 14वीं किस्त का हस्तांतरण करेंगे। किसानों के लिए देशभर में 1.25 लाख वन स्टॉप रीटेल शॉप "पीएम किसान समृद्धि केंद्र" का उद्घाटन किये हैं। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की देश के प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में बहुत अच्छी-अच्छी जनकल्याणकारी योजनाएं लाई जा रही है। जो किसानों के लिए काफी लाभकारी है। प्रधानमंत्री देश के प्रत्येक नागरिक के हित को ध्यान में रखते हुए कई प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनता को लाभान्वित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र एक ही छत के नीचे उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरक, बीज और कीटनाशक जैसी गुणवत्तापूर्ण कृषि इनपुट उपलब्ध कराएगा। मंच संचालन भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सोनू कुमार ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता, उमाशंकर, महामंत्री विजय कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, प्रवक्ता विनोद सिन्हा, भागलपुर विधानसभा प्रभारी प्रदीप सिंह, नाथनगर प्रभारी श्रीराम राय, अविनाश पोद्दार, गोवर्धन मंडल, उमेश मंडल, नरेश मंडल, शोभा देवी, बेबी देवी, हरिद्वार, महेन्द्र पोद्दार, अर्जुन मंडल उपस्थित रहे।

# गठित होगा उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण : मुख्यमंत्री

**– उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का राज्य, जलमार्ग परिवहन की अपार संभावनाएं**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विमर्श किया और अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जलमार्ग प्राधिकरण के गठन का ऐलान करते हुए अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में जलमार्ग परिवहन का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है। अन्तर्देशीय जल परिवहन में यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए परिवहन के एक साधन के रूप में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। हमें इसे विस्तार देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का प्रदेश है। यहां अधिकांश नदियों में हर समय पर्याप्त जल उपलब्ध रहता है। प्रदेश में जल परिवहन की प्राचीन परंपरा रही है। एक समय था कि जब अयोध्या की राजकुमारी जलमार्ग से ही दक्षिण कोरिया गई थीं। बदलते समय के साथ इस सेक्टर को उपेक्षित कर दिया गया। प्रदेश में जलमार्गों के सृजन, विकास और उन्हें यातायात एवं माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। इसे नियोजित रूप देते हुए प्रदेश में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाना चाहिए। इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अन्तर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित समस्त गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगा। साथ ही जल परिवहन से संबंधित पर्यावरण एवं सुरक्षा कानूनों का अनुपालन, जलमार्गों के विकास एवं बेहतर उपयोग के लिए हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण एवं जांच की जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेगा। योगी ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा अन्तर्देशीय जल यातायात डेटा का अध्ययन एवं विश्लेषण किया जाना चाहिए। अंतर्देशीय जल परिवहन, पर्यटन एवं शिपिंग तथा नेविगेशन संबंधित गतिविधियों के संबंध में वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाए। अन्तर्देशीय जल परिवहन से संबंधित स्टेकहोल्डर्स एवं अधिकारियों, कर्मचारियों का तकनीकी प्रशिक्षण भी कराया जाए। उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण में परिवहन मंत्री को पदेन अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाना चाहिए। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में जल परिवहन क्षेत्र में सुदीर्घ अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ की तैनाती की जानी चाहिए। प्रदेश के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को प्राधिकरण के सीईओ की भूमिका दी जानी चाहिए। इसके अलावा, वित्त, संस्कृति, सिंचाई तथा वन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को बतौर सदस्य सम्मिलित किया जाना चाहिए। नदियों के कैचमेंट एरिया में अवैध खनन, बसाहट कतई न हो। इसके लिए सतर्क रहें। नदियों के चैनेलाइजेशन, सिल्ट सफाई का कार्य समय से किया जाए।

# गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर, (हि.स.)।** जिले में गुरुवार को गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक के नेतृत्व में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुँचीं और मणिपुर हिंसा व महिला अत्याचारों के विरुद्ध नारेबाजी की। मणिपुर सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि यदि मांगों व समस्याओं का निराकरण शीघ्र नहीं हुआ तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि मणिपुर राज्य में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण अमानवीय कृत्य किया जा रहा है, वह देश के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। ऐसा कृत्य करने वाले जघन्य अपराधियों को फांसी दी जाये और मणिपुर राज्य सरकार जो पूरी तरह से हिंसा रोकने व महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल है, उसे बर्खास्त कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। इस दौरान सरला सिंह, उर्मिला, मधू पटेल, संयोगिता, राजरानी, प्रीती, शहरून, कमला, रंजना, सुधा, विमला, रानी, संजना, गंगाविशुन, रेखा, आरती आदि सदस्य मौजूद रहीं।

# सांसद संजय सिंह के समर्थन में आए अखिलेश यादव, मणिपुर की घटना पर भी बोले बीजेपी




**लखनऊ, (हि.स.)।** मैं संजय सिंह और उन तमाम सांसदों का समर्थन करता हूं जो मणिपुर की घटना पर बहस चाहते हैं। बीजेपी के लोग जब हर बात पर बोलते हैं तो मणिपुर की जो घटना हुई उसपर भी कहना चाहिए। यह बातें गुरूवार को नई दिल्ली पहुंचे समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने मणिपुर में बिगड़े हालात को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एक संगठन ने जो नफरत फैलाई और भाजपा की वोट की राजनीति के कारण मणिपुर में ये सब हुआ है। सरकार की सब जानकारी में रहा होगा, ऐसा नहीं है कि एजेंसियों को कुछ नहीं पता। अगर यह सब होते हुए सरकार ने देखा है तो सरकार को सत्ता में नहीं रहना चाहिए।

# माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में आज रांची बंद

**रांची, (हि.स.)।** रांची के नगड़ी थानाक्षेत्र के दलादली चौक में बुधवार रात माकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) नेता सुभाष मुंडा को उनके कार्यालय में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के विरोध में आदिवासी-मूलवासी संगठनों ने गुरुवार को रांची बंद का ऐलान किया है। 21 पड़हा सरना समिति, राजी पड़हा सरना समिति और आदिवासी छात्र संघ ने कहा कि पुलिस तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाए। बताया जाता है कि हत्या के विरोध में रात में ही ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने दलादली चौक को जाम कर दिया। दलादली चौक में शराब दुकान में घुसकर उसे आग लगा दिया गया। वहां आसपास के दर्जनों झुग्गी-झोपड़ी में भी आग लगा दिया। देर रात तक उग्र भीड़ सड़क पर जाम कर विरोध करती रही। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अनूप बिरथरे और आईजी पंकज कंपोज भी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा कर मामला शांत कराया।



# हिंदू नहीं हो सकते राहुल गांधी: गिरिराज

**बेगूसराय, (हि.स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को सीआरपीएफ स्थापना दिवस की बधाई देने के साथ राहुल गांधी और बिहार सरकार पर ट्वीट कर जोरदार हमला किया है। सीआरपीएफ स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हम सब अपने बहादुर जवानों की अटूट बहादुरी और बलिदान का सम्मान करें। हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए उनका समर्पण सराहनीय है और हमारे लिए अत्यंत सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सच्चे हिंदू नहीं हो सकते। जिस मुस्लिम लीग को वह धर्मनिरपेक्ष बता कर प्रचारित कर रहे हैं, वह हिंदुओं को जिंदा जलाने और हिंदुओं को रामायण को ना पढ़ने लायक छोड़ने की बात कर रहे हैं। मुस्लिम लीग द्वारा एक नारा तो राहुल गांधी के खिलाफ भी बनता है, जब वह हिंदू की एक्टिंग करते हुए मंदिर जाते हैं। बिहार सरकार पर हमला करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा में सुधार के लिए रोजाना दस पत्र जारी करने का दिखावा किया जा रहा है। हकीकत यह है कि नीतीश सरकार बच्चों को पढ़ने के लिए किताबें तक नहीं दे पा रही है। सत्र के चार माह बीतने के बाद भी सरकारी स्कूल के 30 प्रतिशत से अधिक बच्चों को किताबें नहीं मिली हैं, तो शिक्षा व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 के तहत 17468 शौचालय बनाने का लक्ष्य




**कानपुर, (हि.स.)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 के तहत कानपुर जनपद के 25 ऐसे ग्राम पंचायतें जिनकी आबादी पांच हजार से अधिक है उनमें ग्रे वाटर मैनेजमेंट के लिए डब्लूएसपी तकनीकी का प्रयोग किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023–24 में 17468 शौचालय तैयार कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह जानकारी गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार की देर शाम जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्षित 305 ग्राम पंचायतों में से 5000 आबादी से अधिक वाली 25 ग्राम पंचायतों, जिसमें ग्रे वाटर मैनेजमेन्ट के लिए डब्लू0एस0पी0 तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए बनाए गए estimate के model estimate में अनुमन्य धनराशि के अनुसार बनाए जाने एवं उसके परीक्षण उपरान्त ही कार्ययोजना का अनुमोदन किये जाने का निर्देश दिया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 17468 शौचालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय की प्रथम व द्वितीय किस्त हेतु अंतरित की जाने वाली धनराशि का अनुमोदन भी प्रदान किया गया। पूरी कार्य योजना को उपायुक्त मनरेगा रमेश चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश सिंह सहित समिति के सदस्य व सम्बन्धित अधिकारी देखरेख करेंगे।

# रालोद ने की मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग




**–रालोद कार्यकर्ता यूपी के सभी जिला मुख्यालयों पर देंगे ज्ञापना**

**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और घटनाओं को लेकर प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देगा। इसको लेकर गुरुवार की सुबह से ही सभी जनपदों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटने लगे हैं। रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला एवं महानगर इकाइयों के कार्यकर्ता 27 जुलाई को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपेंगे। सिंह ने बताया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना घटित हुई है, वह मानवता को शर्मसार करने वाली है। सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को होने दिया जिसने मणिपुर के नाजुक सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर घटना पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई। किसी भी प्रदेश में हो लेकिन महिलाओं का सम्मान होना चाहिए। रालोद ने भारतीय जनता पार्टी पर मणिपुर में जातिगत राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मणिपुर में अराजकता और वीभत्स घटनाओं पर चर्चा न करने और निष्क्रियता के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की जितना निंदा की जाय कम है। उन्होंने मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग की और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग की।

# हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के जरिए आत्म विकास की ओर अग्रसर सरकारी स्कूल के बच्चे

**रांची, (हि.स.)।** राज्य में शुरू हुए उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चे हर्ष जोहार के जरिए अब अपने पाठ्यक्रम के महत्व के साथ-साथ रचनात्मकता और भावनात्मक तर्क विकसित करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य सरकार ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक की आवश्यकता और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर इसको शुरू किया है। हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बच्चों को नकारात्मक भावनात्मक अनुभवों से उबरने की कला सीखना, जटिल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने में सक्षम बनाना, आत्म विकास के लिए उनके प्रयास को बल देना, एक दूसरे से सकारात्मक संबंध बनाने एवं दूसरों के प्रति सहानुभूति के महत्व को समझाना है।

**पांच जिलों में है लागू** – हर्ष जोहार सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और राज्य के 5 जिलों चतरा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका के अन्य 60 स्कूलों में विगत 2 साल से चल रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड के सभी प्रखंडों में 360 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बच्चे हर्ष जोहार से जुड़ेंगे। राज्य सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालय में से प्रत्येक से दो शिक्षकों का प्रशिक्षण हर्ष जोहार के लिए पूरा हो चुका है।

**झारखंड की संस्कृति की झलक** – हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में झारखंड के प्रासंगिक क्षेत्र और संस्कृति की झलक है। इसमें लोककथाओं, वास्तविक अनुभवों, क्षेत्रीय गतिविधियों को एकीकृत किया गया है।

# नप के संविदा और दैनिक कर्मचारियों का हड़ताल समाप्त, एक हजार अग्रिम भुगतान पर बनी सहमती

**अररिया (हि.स.)।** फारबिसगंज नगर परिषद के संविदा पर बहाल और दैनिक कर्मचारियों का हड़ताल बुधवार देर शाम समाप्त हो गया। जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और बुधवार रात के साथ गुरुवार सुबह से मुहर्रम को लेकर शहर के सफाई कार्य में जुट गए हैं। बुधवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप के संविदा व दैनिक सफाईकर्मियों और नप प्रशासन के बीच घंटो चली वार्ता में वेतन वृद्धि के आलोक में प्रत्येक कर्मी को एक हजार अग्रिम भुगतान के सहमती के बाद हड़ताली कर्मचारियों ने अपना हड़ताल तोड़ा और काम पर लौटे। नप के संविदा व दैनिक सफाईकर्मियों के सामूहिक अवकाश की घोषणा को समाप्त कर काम पर लौटने के बाद शहर में साफ सफाई कार्य प्रारंभ हो जाने से लोगो ने राहत की सांस ली है। नप के साधारण बैठक में मानदेय बढ़ोतरी के फैसले के बावजूद बड़े हुए दर पर भुगतान नहीं होने से सोमवार से संविदा पर बहाल और दैनिक कर्मचारी हड़ताल करते हुए सामूहिक अवकाश पर चले गए थे। लगातार नप प्रशासन मुहर्रम को लेकर हड़ताली कर्मचारियों से वार्ता कर रहे थे,लेकिन वार्ता सफल नहीं हो पा रहा था।

बुधवार को भी दिनभर इसको लेकर गहमागहमी बनी रही। अंततः नप के ईओ संदीप कुमार,नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि उमाशंकर उर्फ बुलबुल यादव, नप सशक्त स्थायी समिति सदस्य मो इस्लाम,मनोज कुमार सिंह, गणेश प्रसाद गुप्ता सहित अन्य वार्ड पार्षदो ने नप के संविदा व दैनिक सफाई कर्मियीं के साथ वार्ता की। वार्ता के क्रम में नप के दैनिक व संविदा सफाई कर्मियों के तरफ से प्रतिनिधित्व कर रहे बिहार लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के राज्य संगठन मंत्री सह नप कर्मचारी संघ के सचिव सूरज कुमार सोनू और भीम मरिक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि 30 मई को नगर परिषद में आयोजित किये गए नप बोर्ड के साधारण बैठक में बोर्ड के सर्वसम्मति से निर्णय के आलोक में भुगतान की मांग की। जिस पर तत्काल प्रत्येक कर्मी एक-एक हजार रुपया अग्रिम देने और जुलाई माह से बढ़े हुए दर से मानदेय का भुगतान पर सहमती बनी। वार्ता के क्रम में नप ईओ संदीप कुमार व मुख्य पार्षद वीणा देवी ने संविदा व दैनिक सफाई कर्मियों को भरोसा दिलाया कि वे उनलागो के साथ हैं। वार्ता के क्रम में सहमति बनी और नप अवकाश समाप्त करने काम पर लौटने की घोषणा की।

## संपादकीय

# अविश्वास प्रस्ताव के निहितार्थ

**प्रधानमंत्री** मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव एक 'राजनीतिक पैंतरा' साबित हो सकता है। विपक्ष जानता है और उसे लगातार एहसास रहा है कि लोकसभा में भाजपा-एनडीए को करीब 335 सांसदों का प्रचंड बहुमत हासिल है, जबकि सामान्य बहुमत के लिए 272 सांसदों का समर्थन ही पर्याप्त है। अविश्वास प्रस्ताव के बावजूद न तो मोदी सरकार का पतन होगा और न ही मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य बदलेगा। अलबत्ता अविश्वास प्रस्ताव के कारण प्रधानमंत्री को कमोबेश लोकसभा में अपना वक्तव्य देने को बाध्य जरूर होना पड़ेगा। जाहिर है कि वह मणिपुर पर जरूर बोलेंगे, लेकिन राजस्थान, बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं के अलावा नौजवानों को निर्वस्त्र होने को विवश किया गया, दूसरे यौन अपराध भी किए गए, प्रधानमंत्री उन पहलुओं को भी जरूर सदन में रखेंगे। विपक्ष की कुल राजनीति यह है कि प्रधानमंत्री मणिपुर समेत पूर्वोत्तर राज्यों के हालात पर अपनी सरकार का पक्ष रखें, ताकि उसके पलटजवाब में विपक्ष अपनी दलीलें और अपने तथ्य पेश कर प्रधानमंत्री की घेराबंदी कर सके और 2024 की राजनीति को जिंदा रखा जा सके। विपक्ष का मणिपुर के प्रति अचानक आकर्षण बढ़ा है, जबकि इतिहास गवाह है कि उग्रवाद के 'चरम दौर' में हालात इतने विस्फोटक और हिंसक थे कि भारत की वायुसेना को हस्तक्षेप करना पड़ा था। तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। मणिपुर में म्यांमार, थाईलैंड आदि देशों के ड्रग सिंडिकेट और अवैध हथियारों के सौदेबाज सक्रिय रहे हैं। अभी तीन दिन पहले म्यांमार से 718 घुसपैठियों ने मणिपुर में अवैध प्रवेश किया है। विपक्ष ने यह मुद्दा कभी, क्यों नहीं उठाया। शायद अविश्वास की बहस के दौरान विपक्ष को याद आ जाए कि 'इंडिया' के एक हिस्से की स्थितियों का सच यह भी है। दरअसल मणिपुर के जरिए विपक्ष सियासी बिसात बिछा कर प्रधानमंत्री मोदी और उनकी भाजपा को शिकस्त देना चाहता है, जो फिलहाल संभव नहीं लगता। कांग्रेस नेतृत्व के ही विपक्ष ने 20 जुलाई, 2018 को भी मोदी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन सत्ता-पक्ष को 325 और विपक्ष को 126 वोट मिले थे। अविश्वास का निष्कर्ष सामने था। यदि विपक्ष इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव लाता है, तो पहला विशेषाधिकार स्पीकर का है कि वह प्रस्ताव को स्वीकृत दें अथवा नहीं। यह किसी संवैधानिक, तकनीकी आधार पर ही अस्वीकृत किया जा सकेगा। विपक्ष की रणनीति यह है कि नवगठित 'इंडिया' गठबंधन को लेकर प्रधानमंत्री ने जो तुलनाएं की हैं, उसके मद्देनजर भी प्रचार किया जाए कि प्रधानमंत्री ने परोक्ष रूप से भारत देश की निंदा की है। अपमान किया है। हालांकि गठबंधन का संक्षिप्त नामकरण 'इंडिया' या 'भारत' का पर्यायवाची नहीं है, लेकिन विपक्ष इस 'मास्टर स्ट्रोक' नामकरण के जरिए भी भावुक राजनीति करना चाहता है। इसका कोई व्यापक राष्ट्रवादी प्रभाव पड़ेगा, हमें ऐसा नहीं लगता। हालांकि इस शब्द और मुद्दे पर विपक्ष को सत्ता-पक्ष और खासकर प्रधानमंत्री की ओर से तार्किक प्रहार झेलने पड़ सकते हैं। बहरहाल विपक्ष के विभिन्न 50 लोकसभा सांसद अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस देंगे अथवा दे दिए होंगे! कांग्रेस ने तीन लाइन का 'व्हिप' भी जारी कर दिया है। पूर्व यूपीए-कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का बुधवार को संसदीय दल की बैठक को संबोधित करना भी तय किया गया है। अविश्वास की राजनीति को शिद्दत से खेलने की पूरी तैयारी है। अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ही प्रभावी होता है, क्योंकि सभी सांसद प्रत्यक्ष तौर पर जनता के वोट से निर्वाचित होकर सदन में आते हैं। राज्यसभा देश के विभिन्न राज्यों का सदन है। अक्सर केंद्र सरकारों का राज्यसभा में बहुमत नहीं होता। भाजपा-एनडीए का भी नहीं है, लेकिन उनके सांसदों की संख्या सर्वाधिक है। उच्च सदन में किसी भी प्रस्ताव पर बहुमत या अल्पमत से सरकार का निर्धारण नहीं होता, लिहाजा अब भी पूरी ताकत लोकसभा में झोंकी हुई है। अविश्वास महज एक राजनीतिक कोशिश है।

> अलबत्ता अविश्वास प्रस्ताव के कारण प्रधानमंत्री को कमोबेश लोकसभा में अपना वक्तव्य देने को बाध्य जरूर होना पड़ेगा। जाहिर है कि वह मणिपुर पर जरूर बोलेंगे, लेकिन राजस्थान, बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं के अलावा नौजवानों को विर्वस्त्र होने को विवश किया गया, दूसरे यौन अपराध भी किए गए, प्रधानमंत्री उन पहलुओं को भी जरूर सदन में रखेंगे। वपिक्ष की कुल राजनीति यह है कि प्रधानमंत्री मणिपुर समेत पूर्वोत्तर राज्यों के हालात पर अपनी सरकार का पक्ष रखें, ताकि उसके पलटजवाब में वपिक्ष अपनी दलीलें और अपने तथ्य पेश कर प्रधानमंत्री की घेराबंदी कर सकें और 2024 की राजनीति को जिंदा रखा जा सके। वपिक्ष का मणिपुर के प्रति अचानक आकर्षण बढ़ा है, जबकि इतिहास वगाह है कि उग्रवाद के 'चरम दौर' में हालात इतने वस्फिोटक और हिंसक थे कि भारत की वायुसेना को हस्तक्षेप करना पड़ा था। तब देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं।

## बोधि वृक्ष

# खुशी के लिए तन से ज्यादा मन की तंदुरुस्ती चाहिए

**जीवन** में खुशी सब चाहते हैं। उसके लिए कई प्रकार के उपाय और साधन अपनाते हैं। आजकल स्वास्थ्य और स्वच्छता के ऊपर लोग अधिक ध्यान दे रहे हैं। क्योंकि खुशी के लिए शुद्ध और स्वच्छ परिवेश के साथ तन-मन की तंदुरुस्ती भी चाहिए। लोग अपने शारीरिक स्वास्थ्य और बाह्य वातावरण की स्वच्छता के लिए तो अधिक जागरूक हैं, पर मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य और शुद्धता के ऊपर कम ध्यान दे रहे हैं। यह सच है, खुशी के लिए शरीर का स्वस्थ होना जरूरी है। पर तन से ज्यादा मन का तंदुरुस्त होना जरूरी है। मन की खुशी और प्रसन्नता, व्यक्ति को कोई भी शारीरिक बीमारी और सांसारिक संकट के दुखदायी प्रभाव से बचाने के साथ उसे शांत, स्थिर, निर्भय, संतुलित और सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त आंतरिक शक्ति और सामर्थ्य देती है। सुख और खुशी में कुछ बुनियादी अंतर हैं। ये दो भिन्न अवस्थाएं हैं। सुख अधिकतर कर्मेंद्रियों की अनुभूति से जुड़ा है। खुशी मन की भावनाओं से जुड़ी है। सुख के लिए स्थूल साधन और संसाधन सहायक हैं। खुशी के लिए वस्तु या वैभवों का होना अनिवार्य नहीं है। सही सुख की अनुभूति अच्छे आहार, विहार और कर्म व्यवहार से होती है। जबकि खुशी के लिए अपनी सोच, विचार, दृष्टिकोण और आचरण का सकारात्मक और आशावादी होना जरूरी है।



खुशी एक भावनात्मक आहार है जो मन को प्रफुल्लित रखती है। तभी कहते हैं, खुशी जैसी खुराक नहीं। यानी कि जब मन खुश रहता है, तब मनुष्य शरीर की भूख-प्यास भी भुला देता है। दूसरा, सच्चा सुख कर्मेंद्रियों के सदुपयोग से मिलता है, जबकि सच्ची खुशी सांसारिक इच्छाओं को सीमित और संयमित करने से मिलती है। इंसान के दुखी, अशांत और नाखुश होने का मूल कारण उसकी समस्याएं नहीं, उसकी कलुषित मनोवृत्ति, प्रदूषित प्रवृत्ति और जटिल जीवन पद्धति है। क्योंकि हमारी वृत्ति से वातावरण और प्रवृत्ति से पर्यावरण बनता है। आज के भोगवादी जीवन, उपभोक्तावादी समाज, उत्पीड़ित प्रकृति और प्रदूषित पर्यावरण का कारण मनुष्यों में अधिक लोभ, लालच और भौतिक इच्छाएं हैं। इसलिए, मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अवश्य करे, पर इच्छाओं की वृद्धि नहीं। महात्मा गांधी ने कहा है, सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दुनिया में संपदा बहुत है। पर यह संपदा एक व्यक्ति के भी लालच को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मानव समस्याओं के समाधान के लिए इच्छाओं की पूर्ति करने से अधिक आत्मसंतुष्टि पाने की सलाह दी है। संतोष धन को सबसे बड़ा धन माना गया है। संतुष्ट व सफल जीवन के लिए भौतिक इच्छा और कामनाओं को कम और सीमित करने की बात कही गई है। इसलिए संतुष्ट रहने को सभी गुणों का राजा माना गया है। खुशी को संतुष्टि का पर्यायवाची शब्द और गुण कहा गया है। इस सद्गुण रूपी इंद्रधनुष में ज्ञान, शांति, शक्ति, सुख, आनंद, प्रेम व पवित्रता सातों गुण यानी सतोगुण समाया हुआ है। इन आत्मिक गुणों का चिंतन ही सच्ची खुशी का स्रोत है।

## हमारे देश में गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की संख्या बहुत बड़ी है, समृद्धि इनके लिए एक सपना मात्र है

# गरीब, अमीर और विकास

पीके खुरराना

> धन की कमी से जूझता व्यक्ति या धन की कमी हो जाने के डर से काम में लगा व्यक्ति वस्तुत: डर की भावना से ग्रस्त डरा हुआ व्यक्ति है। भयभीत मानसिकता वाला व्यक्ति कभी इन्नोवेशन की, अभिनव आविष्कार की बात नहीं सोच सकता। भयभीत मानसिकता वाला व्यक्ति सबसिडी चाहता है, सुविधाएं चाहता है, पेंशन चाहता है, सुरक्षा चाहता है। समृद्ध व्यक्ति को इनकी दरकार नहीं है, वह सुरक्षित भी है और स्वतंत्र भी। तो आइए, समृद्ध नागरिक बनने की दिशा में काम करें। मेहनत करें और इतना पैसा अवश्य कमाएं कि हमारा मासिक खर्च हमारी आय से कुछ कम हो। छोटी-छोटी बचत करें और उस बचत का ऐसा निवेश करें कि उससे अतिरिक्त आय होने लगे।

**भारत** एक विकासशील देश है, और यह बहस का मुद्दा है कि हम अभी तक विकासशील देश ही क्यों हैं? हमारे देश में गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की संख्या बहुत बड़ी है, समृद्धि इनके लिए एक सपना मात्र है। एक औसत भारतीय के मुकाबले में एक अमरीकी नागरिक 30 गुना ज्यादा, दक्षिण कोरिया का निवासी 15 गुना ज्यादा, पुर्तगाल और ग्रीस का निवासी 10 गुना ज्यादा और चीनी नागरिक 5 गुना ज्यादा कमाता है। ऐसा क्यों है? इस पर गंभीर मनन की आवश्यकता है। आज हम विकसित देश बनने का प्रयत्न कर रहे हैं। सरकार इसके लिए तरह-तरह की योजनाएं बनाती है, लेकिन इतनी योजनाओं के बावजूद देश से गरीबी दूर नहीं हुई। आज जब हमें एक 'स्मार्ट कंट्री' होना चाहिए था, हम सिर्फ कुछ स्मार्ट शहरों से ही संतुष्ट होने के लिए विवश हैं। दरअसल, हमारे देश के पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण हमारी शिक्षा प्रणाली है। हमारे शिक्षाविद, शिक्षा सुधार के नाम पर इसे और बोझिल बनाए दे रहे हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली अक्षम है क्योंकि यह असुरक्षा की भावना जागृत करती है। बच्चा जब बड़ा होने लगता है तो वह दुनिया को उत्सुकता से देखता है और हर चीज फटाफट सीखने की जल्दी में होता है। हमारी शिक्षा प्रणाली उसकी उत्सुकता का जवाब बनने के बजाय उसकी उत्सुकता को दबाने का प्रयास करती है। दुनिया का कोई भी काम हम बिना गलतियां किए नहीं सीख सकते, तो भी हमारी शिक्षा प्रणाली बच्चों को गलतियां करने पर सजा देती है और उनमें हमेशा के लिए असुरक्षा की भावना भर देती है। हमारी शिक्षा प्रणाली में वित्तीय शिक्षा शामिल नहीं है। वित्त के नाम पर हमारे देश में एकाउंटिंग, यानी लेखा-जोखा और उसके विश्लेषण की ही शिक्षा दी जाती है। हमारी शिक्षा प्रणाली में उस वित्तीय दृष्टि का अभाव है जो व्यक्ति को अपने समय, योग्यता और धन का उपयोग करना सिखाए। उदाहरणार्थ, यदि किसी कंपनी का कर्मचारी अथवा मैनेजर एक निश्चित समय के बाद भी अपने काम पर नहीं आएगा तो उसकी आय बंद हो जाएगी, परंतु कंपनी के मालिक का हाल भी इससे अलग नहीं है। यदि कंपनी का मालिक कंपनी के व्यवसाय की ओर ध्यान नहीं देगा तो न केवल उसकी कंपनी बंद हो जाएगी बल्कि उस पर कर्ज भी चढ़ जाएगा। वस्तुतः कंपनी का मालिक भी एक ऐसा मजदूर है जिसे अन्य कर्मचारियों की अपेक्षा सिर्फ ज्यादा वेतन मिलता है। हमारी शिक्षा हमें शारीरिक श्रम से मुक्त नहीं करती, हमें पैसे से पैसा बनाना नहीं सिखाती। सच्चे उद्यमी को अपना व्यवसाय चलाने के



लिए शारीरिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बहुराष्ट्रीय कंपनियां एक साथ कई-कई देशों में चलती हैं लेकिन उनके मालिकान हर जगह नहीं बैठते, वहां व्यवसायी एक निवेशक के रूप में अपने पैसे से पैसा कमाता है। व्यवसाय में छोटे से छोटे स्तर पर भी इसे लागू किया जा सकता है। उसके लिए सिर्फ धीरज, साहस और कल्पना की आवश्यकता होती है। इसे कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है। मकान या दुकान किराये पर देकर, रिक्शा या वाहन किराये पर देकर, घर अथवा दुकान की छत पर टावर लगवा कर, हम हर माह सुनिश्चित आय प्राप्त कर सकते हैं और इसके लिए हमें पूरा महीना किसी एक स्थान पर बंध कर रहने की आवश्यकता नहीं होती। यह निष्क्रिय आय है और यही वह आय है जिसके दम पर आप सदैव कार्यमुक्त जीवन बिता सकते हैं। समृद्धि का यह एक निश्चित रास्ता है। समृद्ध लोगों का देश ही विकसित देश या 'स्मार्ट कंट्री' बन सकता है, पर पहले हमें गरीबी, अमीरी और समृद्धि के अंतर को समझना आवश्यक है। शायद आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बहुत से करोड़पति लोग भी गरीबी का जीवन जीते हैं। विरासत में मिले कीमती मकान में रह रहा कोई व्यक्ति अपनी कम मासिक आय के कारण आर्थिक रूप से कठिनाई में हो सकता है। राशन का खर्च, बच्चों की शिक्षा का खर्च, चिकित्सा पर होने वाला खर्च आदि आवश्यक खर्च हैं। ऐसा हर व्यक्ति गरीब है जो अपनी रोजाना की आवश्यकताओं की पूर्ति में परेशानी महसूस करता है। गरीबी से अमीरी और अमीरी से समृद्धि की यात्रा आसान नहीं है, इसका कोई तुरत-फुरत इलाज का नुस्खा भी नहीं है। लेकिन समृद्धि के लक्ष्य की प्राप्ति असंभव नहीं है। वह हर व्यक्ति अमीर होता है जिसका मासिक खर्च उसकी नियमित मासिक आय से कम हो, लेकिन यदि वह व्यक्ति लंबी छुट्टी पर चला जाए, किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाए और काम करना बंद कर दे तो उसकी आय बंद हो जाएगी और वह शीघ्र ही गरीबों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। इसके विपरीत निष्क्रिय आय ऐसी आय है जिसमें हमारी शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता न हो। ऐसी आय जब हमारे मासिक खर्च से अधिक हो जाए, यानी निष्क्रिय आय इतनी बढ़ जाए कि केवल उसी आय से हमारे मासिक खर्च पूरे होने लग जाएं तो हम समृद्ध बन जाते हैं और हमें काम करने की विवशता समाप्त हो जाती है। फिर यदि हम काम करें भी तो वह हमारी इच्छा पर निर्भर करता है। देश का विकास तभी संभव है जब देश की अधिकांश जनता समृद्ध हो। पाठ्यक्रमों में शुरू से ही बच्चों को गरीबी, अमीरी और समृद्धि का अंतर शामिल होना चाहिए। समृद्ध व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की देखभाल कर सकता है, अपने खाली समय का आनंद उठा सकता है और दूसरों के विकास में सहायक हो सकता है। हमारे देश की शिक्षा पद्धति में यही गुण आना बाकी है कि व्यक्ति अपने श्रम से ही नहीं, बल्कि अपने पैसे से भी पैसा कैसे कमाए। धन की कमी से जूझता व्यक्ति या धन की कमी हो जाने के डर से काम में लगा व्यक्ति वस्तुतः डर की भावना से ग्रस्त डरा हुआ व्यक्ति है। भयभीत मानसिकता वाला व्यक्ति कभी इन्नोवेशन की, अभिनव आविष्कार की बात नहीं सोच सकता। भयभीत मानसिकता वाला व्यक्ति सब्सिडी चाहता है, सुविधाएं चाहता है, पेंशन चाहता है, सुरक्षा चाहता है। समृद्ध व्यक्ति को इनकी दरकार नहीं है, वह सुरक्षित भी है और स्वतंत्र भी। तो आइए, समृद्ध नागरिक बनने की दिशा में काम करें। मेहनत करें और इतना पैसा अवश्य कमाएं कि हमारा मासिक खर्च हमारी आय से कुछ कम हो। छोटी-छोटी बचत करें और उस बचत का ऐसा निवेश करें कि उससे अतिरिक्त आय होने लगे। कृपया ध्यान दें कि लाटरी निवेश नहीं, जुआ है। इसी तरह बिना आर्थिक ज्ञान के शेयर मार्केट में लगाया गया पैसा भी निवेश नहीं है। ऐसे जुए से बचें। छोटी-छोटी बचत अंततः बड़ी बचत में बदल जाती है। इसे अपनी स्वतंत्रता का साधन बनाएं और पहले अमीर और फिर समृद्ध बनें ताकि आप इलाज के लिए, शिक्षा के लिए, रसोई गैस के लिए, बुढ़ापे में आय के लिए सरकार पर निर्भर न रहें। इसी से आपका विकास होगा, समाज का विकास होगा, देश का विकास होगा और हम विकासशील देश से विकसित देश में बदल जाएंगे।

# फार्मा कंपनियों के काले धंधे पर रोक लगे

> भ्रष्ट फार्मा कंपनियां कुछ डॉक्टरों से मिलीभगत करके घटिया व महंगी दवाइयों का उत्पादन करके गरीब लोगों के पेट पर लात मारने में लगी हुई हैं। कंपनियों के सेल्समैन अस्पतालों में आमतौर पर मंडराते हुए देखे जा सकते हैं। डॉक्टरों को आकर्षित करने के लिए उन्हें महंगे से महंगे उपहार देते रहते हैं। हालांकि सरकार ने कुछ एक जेनेरिक दवाइयों का उत्पादन व वितरण अवश्य किया है, परन्तु कुछ डॉक्टर लोग इन दवाइयों की बजाय महंगी से महंगी दवाइयां ही लिखते रहते हैं तथा असहाय व बेबस मरीजों के पास अपनी जान बचाने के लिए इन्हें खरीदने के अतिरिक्त कोई और रास्ता नहीं होता। निजी अस्पतालों के डॉक्टर तो मरीजों की राह देखते रहते हैं तथा वे मरीजों को महंगे से महंगे टेस्ट करवाने के लिए मजबूर कर देते हैं। एक बार मरीज अस्पताल में दाखिल हो गया तो समझो उसे लाखों का भुगतान करना ही होगा।

**आज** भारत उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर होता हुआ विश्व की पांचवीं बड़ी ताकत बन चुका है, परंतु उन्नति के विभिन्न आयाम स्थापित करने के बावजूद भ्रष्टाचार जैसी विसंगतियां देश को अंदर ही अंदर खोखला करती जा रही हैं। भले ही कई समस्याओं जैसे आतंकवाद, महंगाई व बेरोजगारी इत्यादि का समाधान किया जा रहा है, परंतु भ्रष्टाचार के फन हर तरफ अपना सिर उठाकर लोगों को डस रहे हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का रास्ता बहुत ही चिकना होता है तथा हर दूसरा व्यक्ति इस पर चलकर अपनी मंजिल तय करते हुए धनवान बनना चाहता है। भ्रष्ट फार्मा कंपनियां कुछ डॉक्टरों से मिलीभगत करके घटिया व महंगी दवाइयों का उत्पादन करके गरीब लोगों के पेट पर लात मारने में लगी हुई हैं। कंपनियों के सेल्समैन अस्पतालों में आमतौर पर मंडराते हुए देखे जा सकते हैं। डॉक्टरों को आकर्षित करने के लिए उन्हें महंगे से महंगे उपहार देते रहते हैं। हालांकि सरकार ने कुछ एक जेनेरिक दवाइयों का उत्पादन व वितरण अवश्य किया है, परन्तु कुछ डॉक्टर लोग इन दवाइयों की बजाय महंगी से महंगी दवाइयां ही लिखते रहते हैं तथा असहाय व बेबस मरीजों के पास अपनी जान बचाने के लिए इन्हें खरीदने के अतिरिक्त कोई और रास्ता नहीं होता। निजी अस्पतालों के डॉक्टर तो मरीजों की राह देखते रहते हैं तथा वे मरीजों को महंगे से महंगे टेस्ट करवाने के लिए मजबूर कर देते हैं। एक बार मरीज अस्पताल में दाखिल हो गया तो समझो उसे लाखों का भुगतान करना ही होगा। मरता क्या न करता, वह इन बिलों को चुकाने के लिए अपनी जमीन-जायदाद को बेचने के लिए मजबूर हो जाता है। यहां पर यह उक्ति बिल्कुल सही उतरती है कि यमराज तो केवल जान लेता है, मगर कुछ डॉक्टर जो वैसे भी व्यावसायिक तौर पर अक्षम होते हैं, वे मरीजों की जान व उनके पसीने की कमाई दोनों को ले लेते हैं। फार्मा कम्पनियों व विशेषतः निजी अस्पतालों के डाक्टरों की करतूतें हर दिन सुनने को मिलती रहती हैं तथा ऐसे डाक्टर जो भगवान का रूप माने जाते हैं, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते दिखाई देते हैं। आखिर क्या कारण है कि सरकारें इस गंभीर समस्या की तरफ आंखें मूंदकर बैठी हुई हैं। नेताओं के यही बयान सुनने को मिलते हैं कि उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। चंद एक कंपनियों के लाइसेंस कुछ समय के लिए रद्द कर दिए जाते हैं, मगर कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती। दवाइयों के पत्तों व बोतलों पर मनचाही दरें लिख दी जाती हैं, जोकि वास्तविक मूल्य से 40-50 गुना अधिक होती हैं। क्या सरकार के पास कोई ऐसा पैमाना नहीं है जिसके माध्यम से इनकी दरें निश्चित की जा सकें। सरकार जैनरिक दवाइयों का राग अलापती रहती है, मगर यह कोशिश नहीं की जाती कि बाजार में बिकने वाली सभी दवाइयों की दरें उनकी गुणवत्ता के आधार पर ही निश्चित कर दी जाएं, ऐसा करने से बाजार में समानांतर दुकानें चलाने की कोई जरूरत ही नहीं रहेगी। सरकारी मुलाजिमों या फिर भूतपूर्व सैनिकों को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनकी दवाइयों का खर्चा तो सरकार ही उठाती है। मगर आम जनता,



असहाय व असमर्थ लोगों के साथ तो यह भद्दा मजाक किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक केवल हिमाचल में ही पिछले 6 महीनों में 93 सैंपल फेल हुए हैं। इसी तरह पूरे देश में न जाने कितने सैंपल फेल हुए होंगे। कितनी विडंबना है कि कोई भी राजनीतिक दल इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु अपने मेनिफेस्टो में कोई वर्णन नहीं करता। जब केंद्र सरकार देश की बड़ी-बड़ी समस्याओं, जैसे धारा 370 को रद्द करना व समान नागरिकता कानून इत्यादि को बनाने में प्रयासरत हो सकती है तो इस समस्या के उचित निदान के प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाती। इस समस्या के निदान के लिए यहां कुछ सुझाव दिए जाते हैं:

1. जो कंपनियां घटिया किस्म की दवाइयां तैयार करती हैं उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।
2. ऐसी भ्रष्ट कंपनियों की कहीं न कहीं ड्रग कंट्रोलर्स व अन्य अधिकारियों के साथ सांठगांठ अवश्य होती है। ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध विजिलेंस विभाग को उनके फोन टैप करने की खुली छूट होनी चाहिए ताकि उन्हें समय रहते पकड़ा जा सके।
3. ऐसी कंपनियों के निरीक्षण करने का पुलिस विभाग को अधिकार होना चाहिए जो कि वर्तमान में नहीं है। ऐसे अपराधों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाना चाहिए ताकि पुलिस किसी भी समय आवश्यक निरीक्षण करके मुकदमा दर्ज कर सके।

## नागरिक बोध

# डरावने शब्दों का आडंबर

**हिमाचल** में देव संस्कृति का पक्ष हिदायतें देता रहा या अब प्रलय के समुद्र में जब तबाही का शोर हुआ, तो पूछा जाएगा कि 'देव तुम कब आओगे'। तबाही से बर्बाद हुए पहाड़ के जिस हिस्से में देव संस्कृति का आदेश मौखिक होकर भी रेखांकित होता है, वहीं लोगों की इस खुशहाली पर यह दाग क्यों चस्पां है। हम जिसे मानते, जिसकी मन्नतों में खुद को संवारते, वह तब कहां था जब पहाड़ दरक गया या बादलों ने आसमान को हमारे आंगन में तोड़ दिया। पहाड़ जहां टूटता है, वहां देव संस्कृति के प्रतीक ढूंढें या जब उफान पर नदियां होती हैं, तो वहां देवताओं के चिन्ह खोजें। जो भी हो कहर होने के बाद देवता बोल रहा है, तो अस्तित्व के प्रश्न क्यों डरावने शब्दों में अभिव्यक्त हो रहे हैं। क्या आदमी का गुनाह किसी प्राकृतिक आपदा में परिलक्षित होता है या देव संस्कृति हमें अवैज्ञानिक छोर पर कूट डालेगी। कुछ देवताओं की वाणी में गूर डराने लगे हैं और यह मानवता के विरुद्ध भयावह उपाय होगा। आश्चर्य यह कि देवता तब नहीं बोलता जब अवैध खनन माफिया खड्डों या नदी नालों की इज्जत छीन रहा होता है। पिछले कुछ सालों में नशे की खेती जब पहाड़ की मर्यादा को चीर कर अप्रासंगिक बना दी गई, कोई देव इसके विरुद्ध नहीं बोला। पर्यटन के रास्तों पर पहाड़ की संस्कृति को दाग लग गए। मर्डर, बलात्कार, लूट और अवैध कारोबार के साम्राज्य में पहाड़ के चप्पे-चप्पे पर पर्यटन के नाम पर कानून-व्यवस्था लुट गई, कोई देवता नहीं बोला। देवता तब भी नहीं बोला, जब बाढ़ में फंसे पर्यटक को सौ रुपए में मैगी खानी पड़ी या बीस का पानी पचास में मिला। हमारी देव संस्कृति भी हमारी तरह भोली है। अंधेरे में तीर मारने की क्षमता में हमें यह मालूम नहीं हुआ कि क्यों हर साल जंगल में आग लगती है। ऐसे कितने देवस्थल हैं जहां आग ने सब कुछ भस्म कर दिया। हम जनता के विश्वास को छिन्न-भिन्न नहीं करना चाहते, लेकिन बारिश की त्रासदी में सबसे अहम भूमिका बचाव और राहत कार्यों की है। आपदाओं की फेहरिस्त में मुकदमा यूं तो इनसानी फितरत का है, लेकिन देव परंपराएं अब विज्ञान को नजरअंदाज करके घोर मुगालते में हैं। आस्था होना एक बात है, लेकिन विकास के साथ मनुष्य की आंखें खुल जाना अलग बात है। देवताओं के गूढ़ रहस्य में गूर का भगवान बने रहना अगर खतरे में नहीं है, तो भयंकर बारिश आने की सूचना व सजा पिछले दशहरे या शिवरात्रि में सुना देनी चाहिए थी। आश्चर्य है कि देवता को कभी स्की विलेज के विरोध में शरीक होते देखा गया, तो अब कई रज्जु मार्गों के खिलाफ देव की भूमिका परिलक्षित होती है। देवता फिर डराने लगे हैं। मौसम के प्रकोप को एक अज्ञानी भी बड़े आकार में व्यक्त कर सकता है, तो देव समाज इसके विरुद्ध सारे विनाश को रोक के दिखाए। बेशक पुरातन संस्कृति में प्रकृति के हर प्रतीक की ईश्वरीय तुलना हुई है। हर नदी देवी है, तो पेड़-पौधों में दिव्य ऊर्जा मानी गई है। पूजे तो रास्ते भी जाते और पूजी जाती हैं परंपराएं, लेकिन क्या प्राकृतिक प्रकोप की भविष्यवाणी सुनने के लिए हम देव संस्कृति पर विश्वास करेंगे। क्रोध में देव हमें और डराएंगे, तो क्या इस डर का सौदा सिक्कों में होता है। यह होने लगा है। सडक़ों पर ऐसी देव संस्कृति की टोलियां अब इस निगरानी में रहती हैं कि किसी वरदान की कीमत जुटाई जाए। ऐसे किस्से सामने आ चुके हैं जब देवता की पालकी उठाए लोगों का चरित्र शराब में धुत्त होकर इतना गिर गया कि शिकायत पुलिस तक पहुंच गई। हमारा एक सांस्कृतिक व सामाजिक पक्ष देव समाज के रुतबे व आस्था को ऊंचा स्थान देता है और इसके कारण प्रदेश की छवि देवभूमि की आभा में महिमामंडित है, लेकिन अब इसका भी दुरुपयोग होने लगा है। इस बाढ़ के बाद समाज व सरकार प्रदेश को उबारने की कोशिश में हैं, तो देव समाज खरी और आशाजनक बातें करने के बजाय डरावने शब्दों का आडंबर न रचे। अगर आम आदमी ऐसी किसी अफवाह फैलाने का दोषी हो सकता है, तो आपदा के बीच देव संस्कृति के प्रतिकूल मुखौटे भी हटाने होंगे।

## देश दुनीया से

# फिर बिछने लगा लाल गलीचा

**चुनाव** करीब हैं और नेता जी अपने शासनकाल की सफलता का लेखा-जोखा करने चले हैं। पिछली बार जब चुनाव जीते थे, उन्होंने वायदों के लाल गलीचे बिछा दिए थे। कहा था, वायदे का पक्का हूं, अपने शासनकाल में एक भी आदमी भूख से मरने नहीं दूंगा। एक भी बेकार को नौकरी के लिए छटपटाने नहीं दूंगा। लोगों के दफ्तरी काम चौबीस घंटे में करवा देने का वायदा तो पुरानी बात है, अब नई बात यह कि सरकारी कारिंदा आपके घर से आपके काम की गुजारिश नहीं, आप से काम का हुक्म लेकर जाएगा, और काम पूरा करने की सूचना सरकारी हस्ताक्षर सहित आपके घर पहुंचा कर दम लेगा। यह वायदा केवल एक सूबे से नहीं मिला था, जहां-जहां जिस सूबे में नए चुनाव की दुंदुभि बजी, वहां-वहां बेचारे लोगों (जो अब चुनाव के करीब जनता जनार्दन कहलाये जा रहे थे) ने पाया कि लगभग हर चुनाव में उतरने सूबे के गद्दीधारकों ने कम-ज्यादा ऐसे ही वचन देकर पिछली चुनावी महाभारत जीती थी। अब फिर जीतना चाहते थे। जब चुनावों का इन सब राज्यों में प्रचार भोंपू बजा तो गद्दी के अहलकारों ने फरमाया कि 'भाई जान, हमारा शासक उम्मीद से अधिक कामयाब रहा है। सरकार बहादुर ने गद्दी पर बैठते हुए जो वायदे किये थे, इनमें से पच्चीस प्रतिशत पूरे कर दिये हैं, जो बाकी पन्द्रह प्रतिशत रह गये थे, वे वोट पडऩे में जो बाकी दिन रह गये हैं, उनमें पूरे कर दिये जायेंगे।' इसलिए आप पिछले वायदे पूरे हुए कि नहीं, इसकी चिन्ता छोडिय़े। हमारे लेखे-जोखे सब पूरे हुए। यह मान लोगे तभी तो हमें नये सोनपंखी वायवीय वचनों के लाल गलीचे बिछाने का अवसर मिलेगा। ऐसा होता है, सदा ही ऐसे होता है। वायदों की अधूरी इमारत को अधर में लटका नई इमारत की नींव रख दी जाती है। वोट पड़ गये तो अधूरी इमारतें अपनी कहानी सुनाने के लिए श्रोता भी तलाश नहीं कर पाती। आधी छोड़ पूरी की और भागे, दुविधा में दोनों गये, न माया मिली न राम। नहीं यहां यह बात फिट नहीं बैठेगी। यहां तो अधूरी इमारतों, अधूरे वचनों की बारात सजी है। मतदाता को दूल्हा बनने का अवसर मिलता है, सिर्फ मतदान दिवस पर। उसके बाद तो वह पांच बरस अपनी खो गई बारात, या शुरू हो गई बैंड, बाजा और बारात ही तलाशता रहता है। लेकिन जिन्होंने वायदा किया था, उन्होंने पूरी वायदाखिलाफी की हो, ऐसा अंधेर भी नहीं है। जगह-जगह आपको खुदी हुई सडक़ें, अधूरे बने पुल आज भी अपनी अपूर्णता का रोना रोते नजर आते हैं। जैसे कहते हों, देखो वचन देने वालों की नीयत में खोट नहीं था। अब बीच में सौदा पटाने वाला दलाल या ठेकेदार ही छूमन्तर हो गया। उसे घर से मना कर लाने से तो रहे। क्या करें कभी मालिक की नीयत में खोट हो गया, कभी कामगार ने मुंह फेर लिया। पास करने वाले अफसर की नाक के नीचे हमारी पेश की गयी डाली नहीं आई, तब काम तो रुकना ही रुकना था। फिर अभी अगले चुनाव भी तो कोसों दूर थे, बस नेताओं को इस परिवार पोषण का मर्ज और जनता के प्रति स्मृति भ्रम का रोग हो गया। जनता गुम हो गई इसी भूलभलैया में। सदियों के रोग हैं, दशकों में थोड़ा निबट जाते। यहां बालाई आमदनी की गौरवशाली परम्परा है, हर बरस उसकी श्रीवृद्धि हो रही है। फिर इस बीच अधूरे पुल कैसे पूरे हो जाते, खुदी हुई सडक़ें कैसे भर जातीं? इस देश के लोगों में भी असीम धीरज है भय्या। बस इन्हीं खुदी हुई सडक़ों और अधूरे पुलों से ही काम चला लेते हैं। शुक्र करो, कम से कम यहां इनके निशां तो नजर आ जाते हैं, जो बता देते हैं कि वायदा करने वालों की नीयत इतनी बुरी न थी।

> पिछली बार जब चुनाव जीते थे, उन्होंने वायदों के लाल गलीचे बिछा दिए थे। कहा था, वायदे का पक्का हूं, अपने शासनकाल में एक भी आदमी भूख से मरने नहीं दूंगा। एक भी बेकार को नौकरी के लिए छटपटाने नहीं दूंगा। लोगों के दफ्तरी काम चौबीस घंटे में करवा देने का वायदा तो पुरानी बात है, अब नई बात यह कि सरकारी कारिंदा आपके घर से आपके काम की गुजारिश नहीं, आप से काम का हुक्म लेकर जाएगा, और काम पूरा करने की सूचना सरकारी हस्ताक्षर सहित आपके घर पहुंचा कर दम लेगा। यह वायदा केवल एक सूबे से नहीं मिला था, जहां-जहां जिस सूबे में नए चुनाव की दुंदुभि बजी, वहां-वहां बेचारे लोगों (जो अब चुनाव के करीब जनता जनार्दन कहलाये जा रहे थे) ने पाया कि लगभग हर चुनाव में उतरने सूबे के गद्दीधारकों ने कम-ज्यादा ऐसे ही वचन देकर पिछली चुनावी महाभारत जीती थी। अब फिर जीतना चाहते थे।



# दिमाग पढ़ने वाले न्यूरो-टेक्नोलॉजी डिवाइस खतरनाक : इसे बनाने वाली कंपनियां दिमाग का डेटा बेच रहीं, ब्रेन रेगूलेट करने का पूरा अधिकार मांग रहीं

**वॉशिंगटन।**
आपके दिमाग में जो कुछ चल रहा है, वह कंप्यूटर स्क्रीन पर लिखता जाए तो कैसा रहे... न्यूरोटेक्नोलॉजी डिवाइस यानी दिमाग पढ़ने वाली मशीनों के जरिए यह संभव है। इससे यह जाना जा सकता है कि कोई क्या सोच रहा है। यह सुनने में जितना अच्छा लगता है, उतना ही खतरनाक है। इस तरह के डिवाइसों की संख्या दुनिया भर में बढ़ती जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कानून बनाकर इनका अभी रेगूलेशन नहीं किया गया तो ये मानवता खासतौर पर लोगों की निजता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाएंगी।

### इसलिए कानून बनाने की जरूरत

कोलंबिया विश्वविद्यालय के न्यूरोसाइंटिस्ट राफेल यूस्ते ने न्यूरोफाइट्स फाउंडेशन की स्थापना की है। वे बताते हैं- 18 कंपनियां अपने उपभोक्ता को मजबूर कर रही हैं कि वे अपने दिमाग का डेटा हासिल करने का पूरा अधिकार कंपनी को दे दें। उनमें से एक कंपनी तो ये डेटा किसी तीसरे को देने का अधिकार भी ले लेती है। यह सब इसलिए हो पा रहा है क्योंकि न्यूरोटेक्नोलॉजी पर सरकारों का फोकस नहीं है और तेजी से बढ़ता यह उद्योग मनमाना रवैया अपना रहे हैं। इन पर अभी नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में ये इंसानी दिमाग को रेगूलेट करने लगेंगी।

### लोगों की सोच और व्यवहार नियंत्रित कर सकते हैं

लोगों की सोच और व्यवहार बदलने से रोकना न्यूरोटेक्नोलॉजिकल डिवाइस से लोगों की सोच और उनका व्यवहार दोनों बदला जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि ब्रेन मॉनिटरिंग डिवाइसों को नियंत्रित किया जाए। नॉर्थ कैरोलिना की ड्यूक यूनिवर्सिटी की नीतिशास्त्री नीता फैरहैनी कहती हैं- नीतियां बनाने वाले खासतौर से राजनीति से जुड़े लोग न्यूरोटेक्नोलॉजिकल डिवाइसों का इस्तेमाल लोगों को अपने पक्ष में करने के लिए करेंगे, जबकि मेडिकल उपकरणों में दूसरी समस्या आ सकती है कि सभी लोग एक खास तरह से ही व्यवहार करने लगें। बड़ी न्यूरो टेक्नोलॉजिकल कंपनियों से लेकर स्टार्टअप तक हेडसेट्स, ईयरबड्स, कलाई पर बांधने वाले बैंड बना रही हैं, जो इंसानी दिमाग की गतिविधियां रिकॉर्ड कर रही हैं। ये कंपनियां इनके जरिए इंसानों के दिमाग का डेटा बेस तैयार कर रही हैं और दूसरी कंपनियों को यह डेटा बेच रही हैं। इस डेटा के लीक होने से लोगों की निजता पूरी तरह खत्म हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान बोला- पीओके पर भारत का बयान गैर-जिम्मेदाराना: राजनाथ सिंह ने कहा था- जरूरत पड़ने पर एलओसी पार करेगी सेना



**इस्लामाबाद।** कारगिल दिवस पर राजनाथ सिंह के बयान को पाकिस्तान ने भड़काऊ बताया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने प्रेस रिलीज में कहा- हम लद्दाख में दिए गए भारत के रक्षा मंत्री के बयान की निंदा करते हैं। भारत को इस मामले में खास तौर पर सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि उनके ऐसे बयान क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। इससे साउथ एशिया में रणनीतिक माहौल खराब हो सकता है। मुमताज जहरा ने आगे कहा- ये पहली बार नहीं है जब भारत के किसी नेता या सैन्य अधिकारी ने पीओके और गिलगिट-बाल्टिस्तान को लेकर इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया है। इस तरह की राष्ट्रवादी बयानबाजी बंद होनी चाहिए। हम भारत को ये याद दिलाना चाहते हैं कि पाकिस्तान किसी भी खतरे के होने पर अपनी रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत के नेता चुनाव में अपने फायदे के लिए पाकिस्तान पर बयानबाजी करते हैं, जिसे बंद करने की जरूरत है। साथ ही पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारत को सलाह दी कि वो विवादित क्षेत्र पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों को ईमानदारी से लागू करे। दरअसल, 26 जुलाई को कारगिल दिवस के मौके पर द्रास में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि 1999 को कारगिल युद्ध जीतने के बाद भी सेना ने एलओसी पार नहीं की क्योंकि भारत एक शांतिप्रिय देश है। हम अपने सदियों पुराने मूल्यों में विश्वास रखते हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून को लेकर प्रतिबद्ध हैं। राजनाथ सिंह ने कहा था- हमने तब ऐसा नहीं किया इसका मतलब यह नहीं कि हम अब भी एलओसी पार नहीं कर सकते थे। हम ऐसा कर सकते थे, कर सकते हैं और जरूरत पड़ी तो ऐसा करेंगे भी।

### भारत के साथ मजबूत रिश्ते विकास के लिए महत्वपूर्ण' श्रीलंकाई मंत्री बोले- आर्थिक लाभ की संभावनाएं



**श्री जयवर्धनेपुरा कोट्टे।** श्रीलंका के विदेश राज्य मंत्री ने भारत के साथ रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे करीबी रिश्ते हैं। भारत के साथ मजबूत रिश्ते विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इससे देश के बेहतर भविष्य को सहायता मिलेगी। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा पर श्रीलंकाई विदेश राज्य मंत्री ठरका बालासूर्या ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कई गणमान्यों के साथ-साथ पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की। पड़ोसी देशों के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए संभावनाएं हैं। दोनों देशों के बीच सीधी नौका सेवा के साथ-साथ जाफना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सुधार पर भी चर्चा चल रही है। बालासूर्या ने कहा कि श्रीलंका के लिए भारत के साथ घनिष्ठता काफी महत्वपूर्ण है। इससे श्रीलंका के विकास को मजबूती मिलेगी। निवेश के साथ-साथ विकास परियोजनाओं के मामले में भी दोनों देशों के बीच लाभप्रद पहलू हैं। हम अगर भारत के साथ बातचीत करके पहले से मौजूद बंदरगाहों का विस्तार करें तो हमें आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### 3000 कारों से लदे मालवाहक जहाज में लगी आग, डूबने का खतरा; एक भारतीय की मौत, 20 घायल

**लंदन ।** करीब तीन हजार कार लदे एक मालवाहक जहाज में नीदरलैंड के तट पर भीषण आग लगने की खबर है। इस हादसे में एक भारतीय की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हुए है। हादसे में जान गंवाने वाला भारतीय, जहाज के क्रू का सदस्य था। नीदरलैंड्स के तटरक्षक बलों ने चेतावनी जारी की है कि यह आग अगले कई दिनों तक लगी रह सकती है, जिसे बुझाने के प्रयास जारी हैं। बता दें कि 199 मीटर लंबा पनामा का मालवाहक जहाज फर्मेंटल हाइवे जर्मनी से मिस्त्र का सफर कर रहा था लेकिन मंगलवार रात नीदरलैंड के तट के करीब इस जहाज में आग लग गई। नीदरलैंड्स स्थित भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। दूतावास ने बताया कि वह मृतक के परिजनों के संपर्क में हैं और जल्द ही पार्थिव शरीर को भारत भेजा जाएगा। दूतावास ने बताया कि वह हादसे में घायल 20 लोगों के भी संपर्क में हैं और उन्हें मालवाहक जहाज का संचालन करने वाली कंपनी के साथ मिलकर सभी जरूरी मदद दी जा रही है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि डच आइलैंड अमेलैंड से 27 किलोमीटर दूर स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल द वाडेन सी के नजदीक यह हादसा हुआ। खास बात ये है कि जिस जगह हादसा हुआ, वह दुनियाभर के प्रवासी पक्षियों के लिए बेहद अहम जगह है।

## किम जोंग से मिले रूसी रक्षा मंत्री

# पुतिन का खत सौंपा, नॉर्थ कोरिया के हथियार-मिसाइलें देखीं ; कहा- ये दुनिया की सबसे ताकतवर सेना



**प्योंगयांग।**
नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच सैन्य मसलों और सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। नॉर्थ कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि किम ने रूसी रक्षा मंत्री को विक्ट्री डे पर बतौर मेहमान आमंत्रित किया है। दरअसल, कोरियन वॉर एनिवर्सरी को नॉर्थ कोरिया में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। चीन का भी एक डेलिगेशन इस मौके पर उत्तर कोरिया पहुंचा है। नॉर्थ कोरिया में गुरुवार को डिफेंस ऐग्जिबिशन हुई, जिसमें उन बैलिस्टिक मिसाइलों को भी शामिल किया गया, जिसकी टेस्टिंग को लेकर नॉर्थ कोरिया पर बैन लगा हुआ है। इसके बाद रक्षा मंत्री शोइगू ने भी स्पीच दी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया की आर्मी दुनिया की सबसे ताकतवर आर्मी बन गई है।

### इस मौके पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मेंबर ली होंगझोंग भी मौजूद रहे।

सोवियत संघ टूटने के बाद पहली बार नॉर्थ कोरिया पहुंचे रूसी रक्षा मंत्री ये पहला मौका है, जब सोवियत यूनियन के टूटने के बाद कोई रूसी रक्षा मंत्री नॉर्थ कोरिया पहुंचा है। नॉर्थ कोरिया में कोरोना पाबंदियां हटने के बाद ये पहला मौका, जब कोई विदेशी डेलिगेशन प्योंगयांग पहुंचा। शोइगू ने किम जोंग को राष्ट्रपति पुतिन का एक लेटर भी सौंपा। इसके बाद किम ने मिलिट्री डेलिगेशन भेजने के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया। तानाशाह ने कहा- इस यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच सैन्य और परंपरागत रिश्ते बेहतर हुए हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा, आपसी हितों और वैश्विक शांति पर मैंने अपने विचार भी साझा किए।

### नॉर्थ कोरिया बोला- यूक्रेन में रूस का मिलिट्री ऑपरेशन सही

ऐग्जीबिशन से पहले दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत भी हुई। इसमें नॉर्थ कोरिया के रक्षा मंत्री कैंग सुन नैम शामिल हुए। उन्होंने यूक्रेन में चल रहे रूसी मिलिट्री के ऑपरेशन को देश की सुरक्षा के लिए सही बताया। कैंग ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई शक नहीं है कि पुतिन की लीडरशिप में रूस और मजबूत देश बनेगा।

### अमेरिका बोला- नॉर्थ कोरिया से हथियार ले रहा रूस

रूसी डेलिगेशन की यात्रा को लेकर व्हाइट हाउस प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा- ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब रूस दूसरे देशों से हथियार खरीदने की कोशिश कर रहा है। इसमें अब कुछ सीक्रेट नहीं रहा है। पुतिन दूसरे देशों से जंग में मदद मांग रहे हैं और इसमें नॉर्थ कोरिया भी शामिल है। तानाशाह ने हमेशा से जंग में रूस का पक्ष लिया है और अब वो हथियार और मिसाइल भी सप्लाई कर रहा है। हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया, दोनों ने ही इन दावों को खारिज कर दिया।

### नॉर्थ कोरिया ने दिखाए थे परमाणु हथियार

इससे पहले मार्च में नॉर्थ कोरिया ने कई इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सहित दूसरी मिसाइलों की टेस्टिंग की थी। देश ने पहली बार अपने परमाणु हथियार दुनिया के सामने पेश किए थे। इस दौरान नॉर्थ कोरिया ने और भी खतरनाक परमाणु हथियार बनाने की बात कही थी। न्यूक्लियर एक्सपर्ट्स का मानना है कि नॉर्थ कोरिया के हथियार बेशक छोटे हैं फिर भी इन्हें इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों पर लगाकर अमेरिका और साउथ कोरिया में तबाही मचाई जा सकती है। सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर क्यून सू के मुताबिक ने कहा था को पहली बार ऑफिशियली दिखाए गए नॉर्थ कोरिया के परमाणु हथियार 2016 के मुकाबले बड़े हैं। इससे परमाणु हथियार बनाने में उनकी तरक्की साफ दिख रही है। प्रतिबंध के बावजूद मिसाइल टेस्टिंग कर रहा नॉर्थ कोरिया संयुक्त राष्ट्र ने नॉर्थ कोरिया पर परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों की टेस्टिंग को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं। आसान शब्दों में कहें तो नॉर्थ कोरिया परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण नहीं कर सकता है।

## अमेरिका में सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही हैदराबाद की बेटी

# सामान चोरी हुआ, डिप्रेशन में गई; मां ने विदेश मंत्री से मदद मांगी



**शिकागो।**
हैदराबाद से पोस्ट ग्रेजुएशन करने अमेरिका पहुंची एक महिला शिकागो की सड़कों पर भूखी-प्यासी नजर आ रही है। महिला का नाम सैयदा लुलु मिन्हाज जैदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला का सामान चोरी हो गया था, जिसके बाद वो डिप्रेशन में चली गई। महिला की मां सैयदा वहाज फातिमा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को चिट्ठी लिखकर बेटी को वापस लाने की अपील की है। महिला की मां का ये लेटर सोशल मीडिया पर तब वायरल होने लगा, जब इसे भारत राष्ट्र समिति के लीडर खलीकुर रहमान ने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने इस महिला के पासपोर्ट-वीजा डीटेल्स शेयर करते हुए मदद की रिक्वेस्ट की है। इसके अलावा रहमान ने महिला का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वीडियो बनाने वाला शख्स उसे खाने का सामान और पानी देता नजर आ रहा है।

### मां ने अमेरिकी ऐंबैसी और इंडियन कॉन्सुलेट से मदद मांगी

पीड़िता की मां ने भी भारत में मौजूद अमेरिका की ऐंबैसी और शिकागो में इंडियन कॉन्सुलेट से अपनी बेटी को ढूंढने में मदद करने की अपील की है। विदेश मंत्री को लिखे पत्र में मां ने लिखा- मेरी बेटी सैयदा लुलु तेलंगाना के मौला अली की रहने वाली है। वो अगस्त 2021 में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर की ट्राइन यूनिवर्सिटी में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए गई थी। तब उसकी हमसे अक्सर बात होती रहती थी, लेकिन पिछले 2 महीनों से उसने हमसे कोई कॉन्टैक्ट नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा- हाल ही में मुझे हैदराबाद के ही 2 लोगों ने बताया कि मेरी बेटी डिप्रेशन में है और किसी ने उसका सारा सामान चोरी कर लिया है। मां ने लिखा- उसके पास खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं बचा है।

# पाकिस्तान में नसरुल्ला और उसके दोस्तों के संग बुर्के में अंजू ने खाया खाना, वीडियो हुआ वायरल

**इस्लामाबाद ।**
भारत से अपने दोस्त नसरुल्ला के पास पाकिस्तान गई अंजू इन दिनों काफी सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर उसको लेकर कई वीडियो सामने आए हैं। वहीं अब एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें वह अपने दोस्त नसरुल्लाह और उसके कुछ अन्य दोस्तों के साथ खाना खाती हुई नजर आ रही है। इस वायरल वीडियो में अंजू बुर्के में है और नसरुल्लाह के साथ कई अन्य लोग भी एक ही टेबल पर खाना खाते दिख रहे हैं। हांलाकि, खबरों में दावा किया जा रहा है कि अंजू की नसरुल्लाह के साथ निकाह कर लिया है।

### पहले भी एक वीडियो आ चुका है सामने

इससे पहले, अंजू और नसरुल्लाह का हाथ में हाथ डाले वीडियो शूट भी सामने आया था। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल हो गया था। वीडियो में दोनों पहाड़ों, सड़कों औ रहरे-भरे बगीचे में बैठे नजर आए और रिपोर्ट में दावा किया गया कि वीडियो खैबर पख्तूनख्वा के दीर बाला जिले में शूट किया गया।

### अंजू ने शादी के दावे को कर दिया था खारिज



पाकिस्तान की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अंजू नसरुल्लाह ने निकाह कर लिया है और दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली है। बातचीत के दौरान अंजू ने निकाह के दावों को सिरे से खारिज कर दिया था।

### धर्म परिवर्तन की बात से किया था इनकार

मामले की तह तक पहुंचने और पूरे घटनाक्रम का पता लगाने के लिए अंजू राफेल से फोन पर बातचीत कर सच्चाई जानने का प्रयास किया। अंजू से व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए बातचीत हुई। अंजू ने कहा कि मैंने किसी ने कोई निकाह नहीं किया है। धर्म परिवर्तन करने और नाम फातिमा रखने की खबरें भी अफवाह हैं। अंजू ने कहा मैं वापस आने के तैयारी में लगी हुई हूं। नसरुल्लाह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक गांव में रहता है।

# हड्डियों का अलग-अलग शेप सेहत पर असर डालता है: हाइट के अनुपात में धड़ लंबा तो पीठ दर्द, लंबी पिंडली की हड्डी से घुटनों में समस्या

**लंदन।**
अगर कोई कमर दर्द या टेढ़े-मेढ़े घुटनों की समस्या से जूझ रहा है... तो इसके लिए उसके माता-पिता से मिले जीन दोषी हो सकते हैं। एक ताजा अध्ययन उन जीन का पता चला है जिनके कारण इंसान के कंधे की चौड़ाई, पैरों की लंबाई और पूरे कंकाल का शेप तय होता है। इन्हीं के कारण ही लोगों का आकार अलग-अलग होता है और यही लोगों की सेहत प्रभावित करते हैं। जर्नल साइंस में प्रकाशित टेक्सास यूनिवर्सिटी की स्टडी के मुताबिक, अगर हाइट के अनुपात में धड़ लंबा है तो पीठ दर्द की आशंका रहती है। वहीं, कूल्हे ज्यादा चौड़े हैं तो ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या से घिर सकते हैं। इसके उलट जिनकी जांघ की हड्डियां (फीमर) लंबी हैं, उन्हें घुटने से जुड़ी समस्या, दर्द और गठिया का जोखिम बढ़ जाता है। स्टडी के मुख्य लेखक और बायोकेमिस्ट्री शोधकर्ता यूचरिस्ट कुन कहते हैं- शरीर के विभिन्न जोड़ों पर बायोमैकेनिकल तनाव के कारण बीमारी पैदा होती हैं। हमारी चाल से लेकर बैठने के तरीके तक सब कुछ कंकाल के अनुपात से प्रभावित होता है। इससे स्पष्ट है कि ये बीमारियों के लिए बड़े जोखिम फैक्टर्स हैं।



### शोधकर्ताओं ने बायोबैंक डेटा की स्टडी एआई से की

शोधकर्ताओं ने 40 से 80 साल उम्र वाले 30 हजार से ज्यादा लोगों के बायोबैंक के डेटा का अध्ययन किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए शोध कर्ताओं ने पूरे शरीर के एक्स-रे और जेनेटिक टेस्ट के नतीजों का विश्लेषण किया। एआई प्रोग्राम यह पता लगाने में सक्षम था कि कंकाल के अनुपात का जेनेटिक मैप बनाने के लिए कौन से जीन शरीर के हिस्सों को आकार दे रहे थे। इस प्रक्रिया से कंकाल के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन से जुड़े 145 क्षेत्रों का पता चला। इससे पहले केवल कुछ ही ज्ञात थे। वैज्ञानिकों ने पीठ दर्द, ऑस्टियोपोरोसिस के अलावा लंबी टिबिया (पिंडली की हड्डी) से घुटनों के लिए परेशानी के अलावा घुटने के ऊंचे जोड़ के कारण ऑस्टियोआर्थराइटिस के बीच संबंध भी खोजा। स्टडी में शामिल सभी कंकालों का अनुपात 30प्रतिशत से 50प्रतिशत जेनेटिक था। स्पष्ट है कि जेनेटिक्स से तय होता है कि कि आप कैसे होंगे। साथ ही भविष्य में सेहत से जुड़ी कौनसी समस्याएं हो सकती हैं। जेनेटिक मैप से पता चलता है इंसानी कंकाल वास्तुकला कैसे विकसित हुई इंटीग्रेटिव बायोलॉजी एक्सपर्ट वागीश नरसिम्हन कहते हैं- 500 साल पहले लियोनार्डो दा विंची ने एक इंसान के अनुपात के बारे में सोचा था। उसी पहेली से हम आज जूझ रहे हैं। एआई की मदद से तैयार मैप बताता है कि हमारी अनूठी कंकाल वास्तुकला कैसे विकसित हुई। इससे यह भी पता चलता है कि किस तरह जेनेटिक बदलावों के चलते इंसान दो पैरों पर सीधा चलने में सक्षम हुआ। दो पैरों की इस मूवमेंट ने प्राइमेट्स को हर तरह के वातावरण के लिए अनुकूल बना दिया। उपकरणों का इस्तेमाल करने के लिए हाथों को मुक्त किया।

## पूर्व अमेरिकी नेवी अफसर ने संसद में कहा-एलियन मिले थे

# 1930 में हुए क्रैश में यूएफओ के साथ बॉडीज भी पाई गईं, वो इंसान नहीं थे

**वॉशिंगटन।**
अमेरिकी संसद में बुधवार को यूएफओ और एलियन को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान यूएस नेवी के पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर रिटायर्ड मेजर डेविड ग्रश ने दावा किया कि अमेरिका कई सालों से यूएफओ और एलियन्स से जुड़ी जानकारियां छिपा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका इन यूएफओ की रिवर्स इंजीनियरिंग पर काम कर रहा है।

मेजर ग्रश ने 2022 के आखिर तक अमेरिका की डिफेंस एजेंसी के लिए (यूएफओ से जुड़ी संदिग्ध घटनाएं) पर एनालिसिस करते थे। उन्होंने बताया कि सरकार को एलियन मिले थे और वो उनके स्पेसक्राफ्ट पर सीक्रेट रिसर्च कर रही है।

ग्रश ने कहा कि उन्हें काम के दौरान कई सालों से क्रैश हुए यूएफओ पर चल रही रिसर्च और रिवर्स इंजीनियरिंग प्रोग्राम के बारे में पता चला था। हालांकि, उन्हें इस प्रोग्राम को देखने की मंजूरी नहीं दी गई। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने इन दावों को खारिज कर दिया। पेंटागन ने कहा कि अमेरिका ने एलियन से जुड़ा कोई भी प्रोग्राम न कभी चलाया था और न अब ऐसा कुछ हो रहा है।

### 1930 से एलियन्स पर रिसर्च प्रोग्राम चला रहा अमेरिका- पूर्व नेवी अफसर

एलियन लाइफ पर ये अब तक की सबसे हाई-प्रोफाइल सुनवाई रही। संसद में ग्रश ने ये भी दावा किया कि 1930 में हुए क्रैश में दूसरे ग्रह का स्पेसक्राफ्ट मिला। साथ में बॉडी भी थी, ये इंसान की नहीं थी। उन्होंने बताया कि यूएस के इस प्रोग्राम में सीधे तौर पर शामिल अधिकारियों के जरिए उन्हें ये सूचना मिली थी। उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिकी सरकार



1930 से ये प्रोग्राम चला रही है। मेजर ग्रश ने बताया कि सरकारी व्हिसलब्लोअर यानी सरकार से जुड़े खुलासा करने की वजह से उन्हें काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ा है। उन्हें प्रोफेशनल और पर्सनल, दोनों लेवल पर विरोध झेलना पड़ा है। ग्रश ने ये भी कहा कि इसकी वजह से उनकी जान को भी खतरा रहा है।

### जून में ग्रश ने पृथ्वी के बाहर जीवन होने का दावा किया था

दरअसल, जून में ग्रश ने पृथ्वी के बाहर जीवन होने और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास दूसरे ग्रह से जुड़ी बेहद अहम जानकारियां होने का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि वो संसद के सामने इसके सबूत पेश करने को भी तैयार हैं। इसके बाद विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन ने तुरंत इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए जांच कमेटी का गठन किया। रिपब्लिकन के नेता बर्शेट ने कहा था कि वो इस बात में यकीन रखते हैं कि एलियन हैं। इस सुनवाई में ग्रश के अलावा पूर्व नेवी कमांडर डेविड फ्रेवर और रिटायर्ड नेवी पायलट रायन ग्रेव्स भी शामिल हुए थे। इस दौरान इन दोनों ने ही एलियन स्पेसक्रफ्ट देखने का दावा किया।

### अमेरिका ने यूएफओ दिखने की बात स्वीकारी थी

2020 में यूएफओ की जांच के लिए बनाई गई अमेरिकी टास्क फोर्स ने एक रिपोर्ट जारी की थी। 9 पेज की इस रिपोर्ट में अमेरिकी गवर्नमेंट सोर्स के जरिए 2004 से 2021 के बीच 144 के बारे में जानकारी दी गई थी। पेंटागन इन्हें अनआइडेंटिफाइड एरियल फिनॉमिना कहता है। खास बात ये थी कि रिपोर्ट में देखे जाने की न तो पुष्टि की गई और न ही इस बात को खारिज किया गया। ये जरूर कहा गया कि इस तरह के ऑब्जेक्ट पृथ्वी पर एलियंस के आने का संकेत हो सकते हैं। 1947 से 1969 तक अमेरिकी एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट ब्लू बुक नाम से एक जांच ऑपरेशन चलाया। इसमें कुल 12,618 रिपोर्ट्स की जांच में पाया गया कि यह सामान्य घटनाएं थीं।

# पीएमओ और मुख्यमंत्री गहलोत में ट्वीट वार



**जयपुर ( हिंस )।** प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री के बीच गुरुवार को ट्वीट वार हुआ। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा पीएम के कार्यक्रम में मेरी स्पीच हटा दी गई, इसलिए भाषण के माध्यम से पीएम का स्वागत नहीं कर पाउंगा। इसके जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी मुख्यमंत्री को ट्वीट किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सीकर के दौरे पर थे। मुख्यमंत्री गहलोत इस कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े थे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया: श्री अशोक गहलोत जी, प्रोटोकॉल के अनुसार, आपको विधिवत आमंत्रित किया गया था और आपका भाषण भी रखा गया था। लेकिन, आपके ऑफिस ने बताया कि आप शामिल नहीं हो पाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की पिछली यात्राओं के दौरान भी आपको हमेशा आमंत्रित किया गया है और आपने अपनी उपस्थिति से उन कार्यक्रमों की शोभा भी बढ़ाई है। आज के कार्यक्रम में भी आपका बहुत-बहुत स्वागत है। विकास कार्यों से जुड़ी पट्टिका पर भी आपका नाम प्रमुखता से अंकित है। हाल में आपको लगी चोट की वजह से अगर कोई शारीरिक परेशानी ना हो, तो कार्यक्रम में आप जरूर शामिल हों और इसकी शोभा बढ़ाएं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार सुबह ट्वीट कर जानकारी दी थी कि वे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए ही शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से उनकी तीन मिनट की स्पीच हटा दी गई इसलिए भाषण के माध्यम से पीएम का स्वागत नहीं कर पाएंगे। उन्होंने लिखा- माननीय प्रधानमंत्री जी, आपके कार्यालय ने मेरे ट्वीट पर संज्ञान लिया परंतु संभवत: उन्हें भी तथ्यों से अवगत नहीं करवाया गया है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से भेजे गए प्रस्तावित मिनट टू मिनट कार्यक्रम में मेरा संबोधन रखा गया था। कल रात को मुझे पुन: अवगत करवाया गया कि मेरा संबोधन नहीं होगा। मेरे कार्यालय ने भारत सरकार को अवगत करवाया था कि डॉक्टर्स की राय के अनुसार पैर में लगी चोट के कारण मैं वीडियो कांफ्रेंस से कार्यक्रम में शामिल रहूंगा एवं मेरे मंत्रिगण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। अभी भी मैं राजस्थान के हित के इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नॉन इनटरेक्टिव मोड पर शामिल रहूंगा। आपके संज्ञान के लिए पूर्व में प्राप्त मिनट टू मिनट एवं मेरे कार्यालय से भेजा गया पत्र साझा कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हो रहे 12 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण और शिलान्यास राजस्थान सरकार व केंद्र की भागीदारी का परिणाम है। इन मेडिकल कॉलेजों की परियोजना लागत 3, 689 करोड़ रुपए है जिसमें 2, 213 करोड़ केंद्र का और 1, 476 करोड़ राज्य सरकार का अंशदान है। मैं राज्य सरकार की ओर से भी सभी को बधाई देता हूं। मैं इस कार्यक्रम में अपने भाषण के माध्यम से जो मांग रखता वो इस ट्वीट के माध्यम से रख रहा हूं। आशा करता हूं छह महीने में की जा रही इस सातवीं यात्रा के दौरान आप इन्हें पूरी करेंगे- राजस्थान खासकर शेखावटी के युवाओं की मांग पर अग्निवीर स्कीम को वापस लेकर सेना में परमानेंट भर्ती पूर्ववत जारी रखी जाए। राज्य सरकार ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी को-ऑपरेटिव बैंकों से 21 लाख किसानों के 15 हजार करोड़ रुपए के कर्जमाफ किए हैं। हमने केंद्र सरकार को राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्जमाफ करने के लिए वन टाइम सैटलमेंट का प्रस्ताव भेजा है जिसमें किसानों का हिस्सा हम देंगे। इस मांग को पूरा किया जाए। राजस्थान विधानसभा ने जातिगत जनगणना के लिए संकल्प पारित कर भेजा है। केंद्र सरकार इस पर अविलंब निर्णय ले। एनएमसी की गाइडलाइंस के कारण हमारे तीन जिलों में खोले जा रहे मेडिकल कॉलेजों में केंद्र सरकार से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। ये पूरी तरह स्टेट फंडिंग से बन रहे हैं। इन आदिवासी बाहुल्य तीनों जिलों के मेडिकल कॉलेजों में भी केंद्र सरकार 60 प्रतिशत की फंडिंग दे। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा दिया जाए।

# महिला का शव लेने से परिजनों का इनकार, डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कैथल ( हिंस )।** सरकारी अस्पताल में रखा मृतक कविता का शव लेने से परिजनों ने इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, वह शव नहीं ले जाएंगे और दाह संस्कार भी नहीं करेंगे। मृतका के जेठ के अनुसार अगर पुलिस ने उन पर जबरदस्ती शव ले जाने के लिए दबाव डाला तो वह आरोपी डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर तेल छिड़ककर आत्मदाह कर लेंगे। परिजनों ने मौके पर पेट्रोल भी मंगवा लिया। सूचना पाकर डीएसपी ललित कुमार अस्पताल में पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। गोगा माड़ी मोहल्ला सीवन के रहने वाले मृतका के पति राजेश ने बताया कि इलाज में सरासर लापरवाही बरती गई। इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन पुलिस डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रही है। मृतका के जेठ राम मेहर ने कहा अगर पुलिस डेड बॉडी ले जाने के लिए जबरदस्ती करेगी तो वह आरोपी डॉक्टर के क्लीनिक के बाहर आत्मदाह कर लेंगे। इसी बीच मृतका का एक परिजन पेट्रोल भी लेकर आ गया। विवाद बढ़ता देख डीएसपी ललित कुमार भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। सिटी थाना के प्रभारी रोहताश कुमार ने बताया कि मृतका कविता का बुधवार को पोस्टमार्टम करवा दिया गया था। उसके बाद उसका विसरा सील करके जांच के लिए भेजा गया है। विसरा की रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को हुए विवाद के बाद सरकारी अस्पताल में कविता का पोस्टमार्टम करवा दिया गया था। रात देर होने के परिजनों के अनुरोध पर शव को सिविल अस्पताल में रखवा दिया गया था, जिसे सुबह उन्होंने ले जाने से इंकार कर दिया। विसरे की रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई कार्रवाई बनती होगी तो पुलिस करेगी।

# धमाके से टूटी हाइटेंशन केबल दो स्कूली छात्राओं सहित पांच झुलसे



**फरीदाबाद ( हिंस )।** जिले के सेहतपुर पल्ला इलाके में गुरुवार को धमाके के साथ बिजली की हाईटेंशन केबल टूट गई। इस हादसे में 2 बच्चियों सहित 5 लोग इसकी चपेट में आने से झुलस गए। उनको बादशाह खान सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करंट की चपेट में आने से इनके कपड़ों ने आग पकड़ ली थी। घायल अरुण ने बताया कि वह उसके साथी राजकिशोर और संदीप सेहतपुर पल्ला इलाके के ही रहने वाले हैं। तीनों सरकारी स्कूल के सामने खड़े थे कि तभी एक जोरदार धमाका हुआ। वे इधर उधर जा गिरे। उन्होंने उठ कर देखा तो सभी के कपड़ों में आग लगी हुई थी। आसपास लोगों ने उनके कपड़ों की आग बुझाई और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वहीं इस हादसे में पल्ला इलाके की रहने वाली और सरकारी स्कूल में पढने् वाली लगभग 12-13 साल की 2 स्कूली छात्राएं भी चपेट में आ गई। दोनों का नाम काजल है और वे सहेली हैं। उन्होंने बताया कि जहां यह हादसा हुआ वहीं सरकारी स्कूल है। वह स्कूल से बाहर दुकान से सामान खरीदने के लिए आई थी कि तभी एक जोरदार धमाका हुआ। धमाके से निकली चिंगारी में वे झुलस गई। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया की घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। फिलहाल पांचों घायलों को निजी अस्पताल और सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है कि आखिर हादसे की असल वजह क्या थी।

# मणिपुर की तुलना राजस्थान और छत्तीसगढ़ से करना अनुचित, गिरता है मनोबल : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मणिपुर के हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे देश की बदनामी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मणिपुर की तुलना राजस्थान और छत्तीसगढ़ से किया जाना अनुचित है। भ्रामक तथ्यों पर आधारित खबरों से प्रदेश के लोगों का मनोबल गिरता है। राज्य में एफआईआर की अनिवार्यता से आंकड़ों में जरूर बढ़ोतरी हुई है, लेकिन लोगों को न्याय सुनिश्चित हो रहा है। गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाल डायरी को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को लाल डायरी की बजाए लाल टमाटर व लाल सिलेंडर की बात करनी चाहिए। गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर एक साथ 36.76 लाख लाभार्थियों के खातों में 155.92 करोड़ रुपए के लाभ का हस्तातंरण किया। इसमें अप्रेल माह के डीबीटी के लाभ से शेष रहे 1.72 लाख उपभोक्ताओं को 7.32 करोड़ रुपए के साथ ही मई माह के 16 लाख 71 हजार उपभोक्ताओं को 70 करोड़ 86 लाख रुपए एवं जून माह के 18 लाख 33 हजार उपभोक्ताओं को 77 करोड़ 73 लाख रुपए हस्तांतरित किए गए। इस प्रकार कुल 36 लाख 76 हजार उपभोक्ताओं को 155 करोड़ 92 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के पंजीकृत उपभोक्ताओं को लाभ हस्तांतरण का यह दूसरा चरण है। इससे पूर्व पांच जून को मुख्यमंत्री ने लगभग 14 लाख पंजीकृत उपभोक्ताओं के खातों में करीब 60 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई थी। लाल डायरी को लेकर पीएम मोदी के बयानों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि लाल डायरी जैसा तो कुछ ही नहीं। आने वाले समय में उनको लाल झंडी दिखा दी जाएगी। मोदी व उनकी पार्टी हमसे घबरा गई। प्रधानमंत्री को लाल डायरी की बजाए लाल टमाटर व लाल सिलेंडर की बात करनी चाहिए। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री पद की अपनी गरिमा होती है। उन्होंने कहा कि हमारे साथी मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा को मोहरा बनाया गया। भाजपा वाले कल संसद में प्रदर्शन कर रहे थे, वे घबराकर ऐसी वैसी बातें कर रहे। गहलोत ने कहा कि आज देश का आम नागरिक बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना लागू की, लेकिन गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ते हुए 1150 रुपए तक पहुंच गई। इसी प्रकार टमाटर के दाम भी 150 रुपए किलो तक पहुंच चुके हैं। निरंतर बढ़ रही महंगाई से आमजन में रोष है। केंद्र सरकार को आम लोगों को महंगाई से राहत देने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई से राहत देने के लिए ही राज्य सरकार मात्र 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। देश के कई अन्य राज्य भी इस पहल का अनुकरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि बजट घोषणाओं को पूरा किया जा रहा है। उन्नीस नए जिले बनाये है, इनका फायदा मिलेगा। 2030 तक राजस्थान के लिए हमने विजन बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ किए गए हर वादे को पूरा कर रही है। प्रदेशभर में महंगाई राहत कैंप के माध्यम से 10 योजनाओं के लाभ की गारन्टी दी जा रही है, जिनमें से आठ योजनाएं धरातल पर उतर चुकी है। गहलोत ने कहा कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना गारंटी के तहत एक करोड़ छह लाख परिवारों को नि:शुल्क फूड पैकेट का वितरण 15 अगस्त, 2023 से प्रारम्भ होगा। वहीं, मुख्यमंत्री कामधेनू बीमा योजना भी शीघ्र लागू होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राज्य सरकार ने जो कहा वो कर के दिखाया। कोरोना काल में राज्य सरकार ने बेहतर प्रबंधन करते हुए *कोई भूखा नहीं सोये* के संकल्प को साकार किया। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महंगाई राहत कैंपों में दिए जा रहे 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से आमजन को महंगाई से राहत मिली है। इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़, राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचन्द खैरिया, डांग क्षेत्रीय विकास मण्डल के अध्यक्ष लाखन सिंह मीणा, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह अवाना, विधायक संदीप यादव, वाजिब अली, अमीन कागजी, आलोक बेनीवाल, गंगा देवी, मनोज मेघवाल, जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# चुनावों में पंजाबियों के हकों को मानने वाली पार्टी का करेंगे समर्थन : बत्रा



**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के पूर्वमंत्री एवं अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच के अध्यक्ष सुभाष बत्रा ने कहा है कि आगामी चुनावों में जो पार्टी पंजाबी समाज के हकों को मानेगी, समाज उसी को समर्थन करेगा, फिर वह चाहे कोई भी पार्टी हो। बत्रा ने कहा कि पंजाबी वोट बैंक कभी कांग्रेस का होता था जिसकी वजह से कांग्रेस सरकार में 11 मंत्री पंजाबी समुदाय से होते थे तथा कांग्रेस के इस एहसान के बदले पंजाबी समाज ने फरीदाबाद से स्व. भजनलाल को भारी मतों से जितवाया था, लेकिन जब कांग्रेस के राज में पंजाबी समाज की अनदेखी की तो कांग्रेस से पंजाबी वोटर खिसक गया और कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ा इसलिए अगर कांग्रेस को दुबारा सत्ता की रेस में आना है तो नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा चुनावों तथा नौकरियों में पंजाबी समाज को संख्या अनुसार हिस्सेदारी देनी होगी। पूर्वमंत्री सुभाष बत्रा गुरुवार को एनएच-3 स्थित अरावली गोल्फ क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुभाष बत्रा ने कहा कि अखिल भारतीय पंजाबी जागृति मंच पिछले कई महीनों से पंजाबी समाज को एकजुट करने के लिए व पंजाबी समाज के रानितिक हकों की मांग के लिए हर जिले में सभायें कर रहे हैं ताकि पंजाबी वोटर विभाजित न हों और एकजुट होकर हमारे समाज के हकों को मानने वाली पार्टी को ही वोट दें। चाहे वह कोई भी पार्टी हो जो पार्टी हमारे समाज के हकों को मानेगी हमारा समाज उसी को साथ व वोट देगा। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि फरीदाबाद पंजाबियों की सख्ंया के हिसाब से सबसे बड़ा शहर है जिसमें 6 विधानसभा सीटें आती हैं और उसमें से बडखल और फरीदाबाद सीटों पर पंजाबी समाज का हक है, इसलिए सभी पार्टियां इन सीटों पर पंजाबी उम्मीदवारों को टिकट दें। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद का पंजाबी वोटर ही किसी पार्टी को सत्ता की कुर्सी तक पंहुचाता है इसलिए पंजाबी समाज की मांगों की अन्देखी किसी भी पार्टी को सत्ता से दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था ने पंजाबी समाज को लगातार एकजुट होने का कार्य किया है और इस बार भी पंजाबी समाज अपनी राजनितिक भागीदारी लेने के लिए एकजुट है। इस मौके पर संध्या बजाज प्रधान महिला विंग, नन्द बजाज प्रधान हरियाणा व्यापार मंडल, अश्वनी कालड़ा राष्ट्रीय सह सचिव, सुनील गुलाटी प्रदेश सचिव, अमर नाथ अरोड़ा पूर्व पार्षद रोहतक, मनमोहन आजाद चेयरमैन स्वतंत्रता सेनानी संस्था और विजय रत्तरा उपस्थित थे।

# मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों ने फूंका सरकार का पुतला

**जींद ( हिंस )।** हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार को कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हडताली कर्मचारी 16वें दिन भी नागरिक अस्पताल स्थित सीएमओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। रोष प्रदर्शन से पहले कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य प्रधान हितेंद्र सिहाग, महासचिव जगमेंद्र ने बताया कि सरकार कर्मचारियों से बातचीत करने की बजाए आंदोलन को दबाने के लिए अंग्रेजों की भांति फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही है। लिपिक वर्ग के कर्मचारियों का प्रारंभिक वेतनमान 35400 करने सहित सभी जायज मांगों को लागू करने बजाए जो टालमटोल करने की कौशिश कर रही है, उसके लिए कर्मचारी तीव्र गति से आंदोलन की रूपरेखा बनाते हुए अन्य कर्मचारी संगठनों से मिलकर तथा जनता का सहयोग लेते हुए जन आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य स्तर पर 22 तथा जिला स्तर पर 10-10 टीमों का गठन कर दिया गया है जो कि प्रतिदिन गांवों व वार्डों में जाकर सरकार की जन व कर्मचारी विरोधी नीतियों का खुलास कर जनता को जागरूक करते हुए समर्थन हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की हठधर्मिता की वजह से सभी विभाग मे रोजमर्रा के कार्य प्रभावित होने से आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि जब तक सरकार टरकाऊ नीति त्याग कर 25 अगस्त 2014 के कैबिनेट निर्णयानुसार लिपिक व स्टेनो वर्ग का प्रारंभिक वेतनमान 35400 करने सहित सभी जायज मांगों का समाधान नहीं करती तब तक कर्मचारी आंदोलन जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता छाजूराम ने सरकार के नो वर्क, नौ पे का पत्र जारी करने की निंदा करते हुए चेताया कि यदि हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने की कोशिश की तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अंबाला में 1.70 लाख एकड़ में खड़ी फसल तबाह

**अंबाला।** घग्गर, मारकंडा और टांगरी नदी से घिरा हरियाणा का अंबाला जिला अभी बाढ़ की मार से उभरा नहीं है। जिले में जलप्रलय ने खूब तबाही मचाई है। 1.70 लाख एकड़ से ज्यादा किसानों की फसल तबाह हो चुकी है। किसानों पर पिछले 18 दिनों में 2 बार मार पड़ चुकी है। घग्गर नदी के पंजाब एरिया में 2 जगह बांध टूटने के कारण हरियाणा की हजारों एकड़ फसल तबाह हुई है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी घग्गर नदी पर पहुंचे। यहां उन्होंने पंजाब सरकार से बांध पक्का करने की मांग की। मोहड़ी ने कहा कि बाढ़ आए को 17-18 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन हरियाणा और पंजाब सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। किसानों की लाखों एकड़ फसल खत्म हो चुकी है, लेकिन सरकार अभी भी गंभीर नहीं है। वे सरकार का सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन सरकार समय रहते उचित कदम उठाए। अगर सरकार इसकी ओर ध्यान नहीं देती तो वे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। उधर, अंबाला कैंट के साथ लगते संभाली हरड़ा-हरड़ी में मारकंडा नदी का बांध टूटने के कारण जहां गांव के गांव जलमग्न हो चुके हैं। वहीं, किसानों की फसल भी नष्ट हो चुकी है। खेतों में जलभराव होने के कारण आगामी जुताई भी प्रभावित हो रही है। जब प्रशासन बांध बांधने में विफल रहा तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप ने गुरुवार को खुद जेसीबी लगा बांध बंधवा रही है।

# एडीजीपी ने की रेंज में सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय अवैध हथियार तस्करों पर कार्रवाई की समीक्षा

**हिसार ( हिंस )।** हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने रेंज के पांचों जिलों में अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किए गए प्रयासों व प्राप्त परिणामों की समीक्षा की। इस दौरान सामने आया कि जुलाई के पहले 21 दिनों में अंतर्राज्यीय हथियार तस्करों से 8 अवैध पिस्तोल व 10 लाख से अधिक की धनराशि बरामद की गई है। कार्यालय के अनुसार एक जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान के पहले 21 दिनों में रेंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 183 पूर्व अवैध हथियार तस्करों को चेक किया, उनकी तलाशी ली गई व उनकी दिनचर्या व आचरण बारे जानकारी ली गई। चेक किए गए अवैध हथियार तस्करों में जिला हिसार से 50, पुलिस जिला हांसी से 48, जिला जींद से 66, जिला सिरसा से 06 व जिला फतेहाबाद से 13 हथियार तस्करों के नाम शामिल हैं। चेकिंग के दौरान हिसार रेंज में 08 अवैध हथियार तस्करों की हिस्ट्री सीट भी तैयार की गई। रेज पुलिस ने इस दिशा में कार्य करते हुये इस माह के 21 दिनों में अनेक ठिकानों पर छापेमारी करते हुए छह अवैध हथियार तस्करों की पहचान करके उन्हे गिरफ्तार किया गया। रेंज पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हथियार तस्करों से आठ पिस्तोल व चार कारतूस के साथ-साथ 108800 रुपए की धनराशि भी बरामद की है। इनमें जिला हिसार से पांच अवैध पिस्तोल, चार कारतूस, 93800 रुपए व जिला सिरसा से तीन अवैध पिस्तोल 12 बोर, 15 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। आरोपियों से अवैध हथियार बरामद करके उनके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा जारी वार्षिक अभियान कैलेंडर की अनुपालना में हिसार रेंज के एडीजीपी के निर्देशन में रेंज में अवैध हथियार तस्करी के नेटवर्क को तोड़कर उन पर शिकंजा कसने के लिए यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने रेंज के सभी अवैध हथियार सप्लायरों का नेटवर्क तोड़ने के लिए पूर्व अपराधियों की कुंडली खंगालनी शुरु कर दी है।

# जर्जर भवन की दीवार गिरी, तीन घायल : भवन का ऊपरी हिस्सा उतारा

**बीकानेर ( हिंस )।** बारिश के बाद शहर के हालात बदतर हो गए है। कई स्थानों पर बारिश के पानी का अभी भी जमावड़ा लगा है। बारिश ने नगर निगम की पोल भी खोल दी है। जगह-जगह नाले, नालियां उफान मार रहे है। पानी जमा होने से राहगीर परेशान है। इन दिनों हो रही बारिश आफत बनती जा रही है। तेज बारिश के कारण शहर में जर्जर भवन, मकान ढह रहे हैं। जगह जगह पानी का जमावड़ा हो गया है। राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गुरुवार को सुबह डागा चौक में स्थित एक पुराने भवन की दीवार का पिछला हिस्सा समीप के घर में जा गिरा। इस मकान में रह रहे एक परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए जिनका ट्रोमा सेन्टर में उपचार चल रहा है। अचानक हुए हादसे के कारण लोग सकते में आ गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायल हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर मौके पर नया शहर थाना पुलिस और नगर निगम के अधिकारी पहुंच गए। पहले तीन दिन का नोटिस मकान पर चस्पा गिया गया। फिर निगम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर भवन की ऊपरी मंजिल को उतारने का काम आज ही शुरू का दिया। जानकारी के अनुसार डागा चौक में शिवदास डागा का भवन है, जिसमें पहले सरकारी विद्यालय संचालित होता था। लेकिन यह स्कूल बीते करीब तीन दशक से बंद है। यह भवन अब जर्जर हो चुका है। इसके पीछे की एक दीवार हिस्सा आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे भरभराकर समीप के मकान में जा गिरी। इस दौरान मकान में रह रहे रामचंद्र राय, मुन्नी और नेहा घायल हो गए जिन्हें पीबीएम में भर्ती कराया गया है। मौके पर नगर निगम निरीक्षक अशोक, गिरदावर श्याम सुथार, पटवारी संदीप पुरोहित, कनिष्ठ अभियंता श्याम सुन्दर, पार्षद प्रदीप उपाध्याय सहित अधिकारी मौके पर रहे। पुराने भवन की दीवार हिस्सा जिस घर में गिरा है। वह डागा चौक निवासी राजकुमार बिस्सा का है। इसमें बिहार निवासी रामचंद्र राय का परिवार किरायेदार है। आज सुबह जब यह हादसा हुआ पूरा परिवार घर पर था। उसी दौरान दीवार का हिस्सा इनकी रसोईघर और आंगन में गिर गया। रसोई की पट्टियां टूट गई, जिसकी चपेट में आने से महिला व बालिका घायल हो गए। रामंचद्र के भी चोंटे आई है। सूचना मिलने पर मौके नया शहर थाने की प्रभारी मोनिका सहित पुरा जाप्ता पहुंच गया। वहीं नगर निगम के निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता, पटवारी, गिरदावर, वार्ड पार्षद पहुंचे। बाद में एसडीएम ने भी मौके का अवलोकन किया। नगर निगम के अधिकारियों ने भवन पर तीन में उतारने का नोटिस चस्पा कर दिया। हालांकि दोपहर को उच्च अधिकारियों से मिले निर्देश के बाद निगम की टीम ने भवन के ऊपरी हिस्से को उतारने का कार्य शुरू कर दिया है। डागा चौक में ही एक अन्य जर्जर मकान पर भी निगम ने नोटिस चस्पा किया है। यह मकान भी बंद है, जिसके मालिक बाहर रहते हैं।

**PRESS NOTICE**

The Superintending Engineer, PWD, Goalpara Building Circle, Goalpara on behalf of Governor of Assam invites item rate bids in electronic tendering system for the following works from APWD (Building) registered Class-I (A/ B/ C) & Class-II contractors having experience of similar nature of work. Details of the bids may be seen at e-procurement portal website: www.assamtenders.gov. In and also in the office of the undersigned during office hours. The bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov.in for participating in the bidding process.

| Sl. No. | Name of Work | Approx. value of work | Time of comple-tion | Bid Secruity | Cost of Bid Document (Tender Processing Fees) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of New Academic Block RCC 3 (Three) storied at Sainik School, Mornai, Goaipara | Rs. 79,08,398.00 | 365 days | Rs. 1,58,168.00 (for General) Rs. 79,084.00 (For reserved Category) | Rs. 1,700.00 |
| 2 | Construction of 6 (Six) nos of New Toilet Block in Cadet’s Hostel at Sainik | Rs. 75,57,672.00 | 365 days | Rs. 1,51,153.00 (for General) Rs. 75,577.00 (For reserved Category) | Rs. 1,700.00 |
| 3 | Repairing and Renovation of 6 (Six) nos of Toilet Block in Cadet's Hostel at Sainik School, Mornai, Goalpara | Rs. 51,78,360.00 | 180 days | Rs. 1,03,567.00 (for General) Rs. 51,784.00 (For reserved Category) | Rs. 1,500.00 |

Note :-
i) Any modification of tender may be seen in the PWD portal www.assamtenders.gov.in
ii) The prospective bidder may visit the proposed site before submission of bid.

Superintending Engineer, P.W.D.
Goalpara Building Circle,
Goalpara

*-- Janasanyog /C/7959/23*




# पीएम किसान की 14वीं किस्त जारी: प्रधानमंत्री मोदी ने 8 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में ट्रांसफर किए 17 हजार करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त जारी की। राजस्थान के सीकर से देशभर के साढ़े 8 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 2000 रुपए की किस्त ट्रांसफर की गई। 14वीं किश्त के रूप में 17 हजार करोड़ रुपए किसानों को दिए गए। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में 6000 रुपए ट्रांसफर करती है।

**अगर किस्त नहीं आई है तो क्या करें** - अगर आपको इस योजना के रजिस्ट्रेशन में कोई परेशानी आ रही है, या आपकी किस्त से जुड़ी कोई समस्या है, या कोई और अन्य सवाल है तो इसके लिए आपको पीएम किसान सम्मान निधि योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर फार्मर कॉर्नर में हेल्प डेस्क पर जाना होगा। हेल्प डेस्क पर क्लिक करने के बाद यहां आप अपना आधार नंबर, अकाउंट नंबर या मोबाइल नंबर दर्ज करें। गेट डिटेल्स क्लिक करने पर क्वेरी फॉर्म आ जाएगा। यहां ड्रॉप डाउन में अकाउंट नंबर, पेमेंट, आधार और अन्य समस्याओं से जुड़े ऑप्शन दिए गए हैं। अपनी समस्या के हिसाब से इसे चुने और नीचे इसका विवरण भी लिखे। अब इसे सब्मिट करें।

**किसानों में हर साल मिलते हैं 6 हजार रुपए** - इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें, साल में (कुल 6000 रुपए), दी जाती हैं। स्कीम के तहत पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। इस योजना की शुरुआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी। योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

**पीएम किसान योजना में सभी किसानों को मिलता है फायदा** - शुरुआत में जब पीएम-किसान योजना शुरू की गई थी (फरवरी, 2019), इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों के लिए था। इसमें वो किसान शामिल थे जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की कम्बाइन्ड लैंड होल्डिंग (संयुक्त भूमि) थी। जून 2019 में स्कीम को रिवाइज किया गया और सभी किसान परिवारों के लिए इसे एक्सटेंड कर दिया गया। हालांकि, कुछ किसानों को अभी भी इस योजना से बाहर रखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत को 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र देश बनाने का लक्ष्य, वित्त मंत्री ने किया एलान



**नई दिल्ली।** भारत ने 2047 तक ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र होने का लक्ष्य रखा है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में आयोजित ग्लोबल केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरिंग हब्स इन इंडिया शिखर सम्मेलन में कही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने आजादी के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर वर्ष 2047 तक ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा है। यह ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र बनने जैसा है। वित्त मंत्री ने कहा, ''हमें याद रखना है कि भारत ने 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और 2070 तक शून्य कॉर्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य तबतक हासिल नहीं हो सकता, जबतक कि सभी उद्योग और सभी क्षेत्र इसमें अपना योगदान नहीं दें।'' उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिबद्धताएं भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय उद्योग जगत को शुद्ध शून्य उत्सर्जन और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट की स्थापित बिजली क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत से हाइड्रोजन मिशन पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। सरकार ने उत्सर्जन में कटौती के लिए हरित हाइड्रोजन के विनिर्माण को प्रोत्साहन देने को 19,744 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा भारत को इन उत्पादों का विनिर्माण केंद्र बनाने का है।

### बैंकों ने नौ साल में 10 लाख करोड़ से ज्यादा बकाया वसूले, आरबीआई ने कहा- सरकार के उपायों का दिखा असर




**नई दिल्ली।** बैंकों ने फंसे कर्जों का बोझ कम करने के लिए सरकार और आरबीआई के उपायों की बदौलत नौ साल में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बकाया वसूली की है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने इस अवधि में कुल 10,16,617 करोड़ की वसूली की है। बड़े कर्जों से संबंधित आंकड़ों के केंद्रीय संग्राहक के मुताबिक, अधिसूचित बैंकों का 1,000 करोड़ से अधिक कर्ज वाली कंपनियों पर बकाया मार्च, 2023 अंत में 1,03,975 करोड़ था। केंद्रीय बैंक की ओर से गठित सीआरआईएलसी कर्जदाताओं के कर्जों से संबंधित आंकड़े जुटाता है और उसका विश्लेषण करता है। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के 20 करोड़ रुपये या उससे अधिक फंसे कर्जों की मात्रा पिछले पांच वर्षों में घटी है। 2018-19 के अंत में बकाया एनपीए 7,09,907 करोड़ रुपये था, जो मार्च, 2023 में घटकर 2,66,491 करोड़ रुपये रह गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने देश में चीनी स्टेनलेस स्टील उत्पादों की डंपिंग की जांच शुरू कर दी है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, इस मामले पर आंतरिक रूप से चर्चा होने की संभावना है। स्टेनलेस स्टील उत्पादकों ने चीनी उत्पादों पर काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगाने के लिए सरकार के पास याचिका दायर की है।

### मणिपुर पर हंगामे के बीच अपतटीय क्षेत्र खनिज कानून में संशोधन के लिए विधेयक पेश, विपक्ष ने ये कहा



**नई दिल्ली।** मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के बीच अपतटीय क्षेत्र खनिज कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया गया। मणिपुर की स्थिति पर स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधेयक पेश किया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से जब सभापति ने विधेयक पेश किए जाने के बारे में बोलने को कहा तो उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्य गौरव गोगोई की ओर से पेश विपक्ष समर्थित अविश्वास प्रस्ताव का मुद्दा उठाया।

## रिलायंस स्ट्रेटेजिक इंवेस्टमेंट्स का नाम अब जियो फाइनेंशियल सर्विसेज

# आरआईएल से अलग होने के बाद बदला नाम, जल्द लिस्टेड होगी कंपनी

**नई दिल्ली।**
रिलायंस स्ट्रेटेजिक इंवेस्टमेंट्स का नाम बदलकर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड कर दिया गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए इसकी जानकारी दी है। आरआईएल से रिलायंस स्ट्रेटेजिक इंवेस्टमेंट्स के सफल डीमर्जर के बाद मुकेश अंबानी के इस फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस के नाम में बदलाव किया गया है। नाम में बदलाव 25 जुलाई से प्रभावी हो गया है। कंपनी के नाम में ये बदलाव नए स्टॉक की लिस्टिंग से पहले देखने को मिला है।




### 20 जुलाई को आरआईएल से अलग हुई थी कंपनी

आरआईएल का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जियो फाइनेंशियल सर्विसेज 20 जुलाई को अपनी मूल कंपनी से अलग हो गया था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ।

भाव तय करने के लिए एक घंटे के लिए आरआईएल के शेयर के लिए स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा गया था। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक रखे गए इस सेशन में ऑर्डर लगाया जा सकता था। इसे मॉडिफाई और कैंसिल भी कर सकते थे। रिलायंस के शेयर पर सबसे ज्यादा ऑर्डर जिस रेट पर आए उस हिसाब से जियो फाइनेंशियल का रेट तय हुआ।

रिलायंस इंडस्ट्रीज एनएसई पर सुबह 10 बजे 2,580 रुपए प्रति शेयर पर सेटल हुआ, जो कल 2,841.85 प्रति शेयर पर था। इसी हिसाब से जियो फाइनेंशियल का रेट तय हुआ है। 2,841.85 रुपए में से 2,580 घटाने पर होता है 261.85 रुपए। डीमर्जर के बाद रिलायंस के शेयर 1.50प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 2620 रुपए के करीब ट्रेड कर रहे थे।

### अगले 2-3 महीने में लिस्ट हो सकता है शेयर

जियो फाइनेंशियल को प्रमुख इंडेक्स में शामिल किया गया है, लेकिन लिस्टिंग तक इस शेयर में ट्रेडिंग नहीं होगी। अगले दो से तीन महीने में इस शेयर की लिस्टिंग हो सकती है। डीमर्जर के बाद यह रिलायंस की नई इंडिविजुअल कंपनी बन गई है, जिसके एमडी और सीईओ हितेश कुमार सेठी होंगे। इससे पहले इस कंपनी का नाम स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट लिमिटेड था।

### आरआईएल के 100 शेयर हैं तो जेएफएसएल के 100 शेयर मिलेंगे

19 जुलाई को कारोबारी दिन के अंत में जिन-जिन शेयरहोल्डर्स के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर्स थे उन्हें 1:1 के रेश्यो में यानी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर मिलेंगे। उदाहरण के लिए, यदि आपके पास आरआईएल के 100 शेयर हैं, तो आपको जेएफएसएल के 100 शेयर दिए जाएंगे, लेकिन आप स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने की तारीख तक जेएफएसएल शेयरों में ट्रेड नहीं कर सकते।

### कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का प्लान

जियो फाइनेंशियल का प्लान कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का है। ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की दिग्गज कंपनी मैक्वेरी ने पिछले साल अपनी रिपोर्ट में रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस को मार्केट ग्रोथ के मामले में पेटीएम और अन्य फिनटेक कंपनियों के लिए एक बड़ा खतरा बताया था।

### पिछले साल मुकेश अंबानी ने किया था ऐलान

पिछले साल मुकेश अंबानी ने जियो फाइनेंशियल को एक अलग यूनिट बनाने का ऐलान किया था। उन्होंने इस बात की घोषणा करते हुए कहा था कि जियो फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी बेस्ड बिजनेस होगा, जो देशभर में डिजिटल तरीके से फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स ऑफर करेगा।

### रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस में 6 कंपनियां

रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स लिमिटेड रिलायंस पेमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड रिलायंस रिटेल फाइनेंस लिमिटेड जियो इंफॉर्मेशन एग्रीगेटर सर्विसेज लिमिटेड रिलायंस रिटेल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड का इन्वेस्टमेंट इस साल पहले क्वार्टर में आरआईएल का नेट प्रॉफिट 16,011 करोड़ कंपनी ने 21 जुलाई को इस साल की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के रिजल्ट्स अनाउंस किए थे। कंपनी का नेट प्रॉफिट 16,011 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 17,955 करोड़ रुपए था। यानी इस फाइनेंशियल ईयर की पहली तिमाही में कंपनी के नेट प्रॉफिट में 11प्रतिशत गिरावट आई है। रिजल्ट के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने निवेशकों के लिए 9 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड का ऐलान भी किया है।

## इन्वेस्टर्स को सफाई देते हुए रो पड़े थे बायजूस फाउंडर

# ईडी ने छापा मारा तो रवींद्रन दुबई में थे, फिर निवेशकों के कॉल आने लगे



**नई दिल्ली।**
बात इसी साल अप्रैल की है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने एडटेक स्टार्टअप बायजूस के ऑफिस पर छापा मारा। ये मामला विदेशी करेंसी के उल्लंघन से जुड़ा था। जब छापेमारी हुई तो कंपनी के मालिक रवींद्रन मिडिल ईस्ट के निवेशकों से 1 बिलियन डॉलर का फंड जुटाने के लिए दुबई में थे। वो अपने अपार्टमेंट में घूमते हुए ब्लैक कॉफी पी रहे थे। तभी कंपनी के टॉप इन्वेस्टर्स की कॉल आने लगी। रिपोर्ट के अनुसार रवींद्रन अपनी कंपनी का बचाव करते हुए रोने लगे। प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई कुछ लोगों की शिकायतों के आधार पर की थी। रवींद्रन पर यह भी आरोप है कि उनके नाम पर कई समन जारी हुए, लेकिन वह ईडी के सामने कभी पेश नहीं हुए। इसके अलावा कई अमेरिकी निवेशकों ने बायजूस पर 50 मिलियन डॉलर छिपाने का आरोप लगाया है और मुकदमे दायर किए हैं।

इससे पहले कंपनी के शुरुआती निवेशकों में से एक, प्रोसस एनवी ने बताया कि कंपनी की खराब प्रशासनिक व्यवस्था और डॉयरेक्टर्स की सलाह नहीं मानने के कारण बोर्ड से इस्तीफा दिया है। हालांकि बायजूस ने इससे इनकार किया है। हाल ही में पीक वीएक्स पार्टनर्स के जीवी रविशंकर, चैन जुकरबर्ग इनिशिएटिव के विवियन वु और प्रोसस के रसेल ड्रिसेनस्टॉक ने भी बायजूस का बोर्ड छोड़ दिया था।

### बायजूस की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश

हाल ही में केंद्र सरकार ने बायजूस की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश दिए थे। इस जांच के बाद कंपनी के मामलों का आंतरिक आकलन किया जाएगा। इसमें जो सामने आएगा, उसके आधार पर सरकार फैसला लेगी कि क्या मामले को सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस के पास ले जाने की जरूरत है या नहीं।

# चीन ने पाकिस्तान को दी बड़ी राहत, 2.4 अरब डॉलर का लोन चुकाने में दी ये रियायत

**नई दिल्ली।**
चीन ने अपने प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान को दो साल के लिए 2.4 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने में छूट दी है ताकि नकदी संकट से जूझ रहे बीजिंग के सहयोगी को अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में मदद मिल सके। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इसाक डार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डार ने एक ट्विटर पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान को अगले दो वित्तीय वर्षों में ऋण का भुगतान करना था उन्होंने कहा, चीनी एक्जिम बैंक ने दो साल के लिए कुल 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की मूल राशि चुकाने पर राहत दी है, यह अगले दो वित्तीय वर्षों में देय है। पाकिस्तान को वित्त वर्ष 1.2 अरब डॉलर और 2024-25 में 1.2 अरब डॉलर चुकाने थे। उन्होंने कहा, अब पाकिस्तान दोनों वर्षों में केवल ब्याज का भुगतान करेगा। इससे एक सप्ताह पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की थी कि चीन ने पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था की मदद के लिए उसे 600 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है। यह पिछले तीन महीनों में चीन की ओर से पाकिस्तान को दिए गए पांच अरब डॉलर से अधिक के कर्ज के अतिरिक्त है। यह मदद चीन ने अपने प्रमुख सहयोगी को कर्ज में चूक से बचाने के लिए दिया है। चीन ने समय-समय पर नए ऋणों के प्रावधान और मौजूदा ऋण के रोल ओवर के माध्यम से पाकिस्तान को अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने में मदद की है।




### बीजिंग ने जून में 1.3 अरब डॉलर के वाणिज्यिक ऋणों को किया था रिफाइनेंस

बीजिंग ने जून में अपने 1.3 अरब डॉलर के वाणिज्यिक ऋणों को समय से पहले ही पुनर्वित्त (रिफाइनेंस) कर दिया था, जिससे इस्लामाबाद को अपने अंतरराष्ट्रीय ऋण दायित्वों पर चूक से बचने में उस समय मदद मिली जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम ठप हो गया था। पाकिस्तान को 30 जून को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से तीन अरब डॉलर का राहत पैकेज मिला था, जिसने बाद में करीब 1.2 अरब डॉलर की शुरुआती अग्रिम किस्त जारी कर दी गई।

# ऑनलाइन गेमिंग पर 28प्रतिशत जीएसटी, 2 अगस्त को अंतिम फैसला: जीएसटी काउंसिल नहीं करेगी संशोधन, 11 जुलाई का फैसला बरकरार रहेगा

**नई दिल्ली।**
ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़सवारी पर 28प्रतिशत जीएसटी लागू करने और उनके चार्ज करने के तरीकों को लेकर अंतिम फैसला 2 अगस्त को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक काउंसिल अपने पुराने निर्णय को बरकरार रखते हुए इसमें कोई रिव्यू या संशोधन नहीं करेगी।



### 11 जुलाई को हुआ था ऑनलाइन गेमिंग पर 28प्रतिशत टैक्स का ऐलान

11 जुलाई को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कसीनो पर 28प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया गया था। इन पर पहले 18प्रतिशत टैक्स लगता था। सरकार ने गेम ऑफ स्किल और गेम ऑफ चांस को एक जैसा माना है। इस फैसले के बाद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने सरकार से जीएसटी को कम करने की अपील की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ड्राफ्ट नियमों को राज्यों को भेजा जाएगा जिसके बाद परिषद से अंतिम मंजूरी मिलेगी, इसके बाद इसे कैबिनेट और आखिर में संसद को भेजा जाएगा।

### अभी 18प्रतिशत टैक्स देते हैं ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म

फिलहाल ज्यादातर ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 18प्रतिशत जीएसटी देते हैं। कसीनो, सट्टेबाजी और इस तरह के दूसरे गेम जिनमें चांस की बात होती है, उन पर 28प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। घुड़सवारी या घुड़दौड़ में सरकार दांव मूल्य (हर बेटिंग) पर 28प्रतिशत जीएसटी चार्ज करती है।

### आईटी राज्य मंत्री ने कहा था जीएसटी काउंसिल के पास जाएंगे

इससे पहले ऑनलाइन गेमिंग पर 28प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने के सरकार के फैसले की काफी आलोचना हुई थी।

## निजी बैंकों में बढ़ी नौकरी छोड़ने की रफ्तार

# दावा- हर तीन में एक फ्रंटलाइन कर्मचारी दे रहा इस्तीफा

**नई दिल्ली।**
**भारत के निजी बैंकों में नौकरी छोड़ने की दर में वृद्धि देखी जा रही है, विशेष रूप से युवा और फ्रंटलाइन कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का चलन बढ़ा है। खबरों के मुताबिक, निजी क्षेत्र के बैंकों में एंट्री लेवल के तीन कर्मचारियों में से एक अपनी नौकरी छोड़ रहा है। भीड़-भाड़ वाले बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने की होड़ में बैंकों में ऋण की मजबूत मांग देखी जा रही है।**

पिछले वित्त वर्ष में ऋण की मांग 15प्रतिशत बढ़ी है और खुदरा ऋणों की मांग में वृद्धि के कारण इस वर्ष में इसमें 10-12प्रतिशत का इजाफा होने का अनुमान है। निजी बैंकों में तेज विकास का खामियाजा उसके फ्रंटलाइन कर्मचारियों को उठाना पड़ता है, इससे उनपर दबाव बढ़ता है। देश के सबसे बड़े निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने पिछले साल की तुलना में कर्मचारी कारोबार की दर बढ़कर 34प्रतिशत हो गई, जबकि एक्सिस बैंक में यह लगभग 35प्रतिशत पर था। कोटक महिंद्रा बैंक में नौकरी छोड़ने वालों की संख्या बढ़कर करीब 50 फीसदी हो गई, जबकि यस बैंक में नौकरी छोड़ने की दर 43 फीसदी रही।



### इंट्री लेवल कर्मियों के नौकरी छोड़ने की समस्या से पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री जूझ रही

रिपोर्ट्स के अनुसार एक्सिस बैंक के सीईओ अमिताभ चौधरी ने बुधवार को कहा, यह एक ऐसी समस्या है जिससे पूरा उद्योग जूझ रहा है। चौधरी ने कहा कि बैंक कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए करियर की प्रगति और प्रशिक्षण सहित विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है। स्टाफिंग फर्म टीमलीज सर्विसेज की को-फाउंडर रितुपर्णा चक्रवर्ती ने कहा, फाइनैंशल सर्विसेज के मामले में एट्रिशन (नौकरी छोड़ने के चलन की स्थिति) तब होता है जब इंडस्ट्री की सर्विसेज की डिमांड ज्यादा होती है और कंपनियां प्रॉडक्टिविटी बढ़ा रही होती हैं। यस बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार ने बीते सप्ताहांत पर एक बयान में कहा, सेल्स साइड के ज्यादातर लोग नौकरी छोड़कर जा रहे हैं, और यह रुझान पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री में है। उन्होंने कहा कि बैंक इस स्थिति को नियंत्रित करने की दिशा में काम कर रहा है और वह नहीं चाहता कि कुल मिलाकर 25-30 प्रतिशत से अधिक नौकरी छोड़कर चले जाएं।

### अधिकतम लाभ हासिल करने की चाहत में युवा बदल रहे नौकरी

एंट्री-लेवल रिलेशनशिप मैनेजर्स की कमाई 30,000 रुपये से 35,000 रुपये होने के कारण उनके लिए स्विच करना आसान है। टीमलीज के चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले एक साल में इस श्रेणी में सालाना पारिश्रमिक 8-10 फीसदी बढ़ा है। उन्होंने कहा, कर्मचारी अवसर मिलने पर नौकरी बदलकर बढ़ते बाजार में अधिकतम लाभ हासिल करने की कोशिश में नौकरी छोड़ने में हिचकिचाते नहीं हैं। लेकिन सिर्फ पैसा ही नौकरी छोड़कर जाने की दर बढ़ने का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि काम करने की बेहतर स्थित और काम में लचीलापन मिलने के आकर्षण में भी युवा नौकरी छोड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में एक बैंक के हवाले से बताया गया है कि नौकरी छोड़ने के ज्यादातर मामले ज्वाइनिंग के छह महीने के भीतर होते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोटक महिंद्रा बैंक में जूनियर लेवल के कर्मचारियों ने सबसे ज्यादा नौकरियां छोड़ी।

### जूनियर लेवल पर लगभग 50प्रतिशत कर्मी नौकरी छोड़ने में दिखा रहे दिलचस्पी

कोटक महिंद्रा बैंक की होल-टाइम डायरेक्टर शांति एकंबरम के अनुसार बैंक में सीनियर लेवल पर 10 प्रतिशत और मिड लेवल पर 20 प्रतिशत लोग नौकरी छोड़ रहे हैं, जबकि जूनियर लेवल पर 50 प्रतिशत कर्मी इस्तीफा देने लगे हैं। एकंबरम ने बैंक के तिमाही नतीजों के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा, बैंक एट्रिब्यूशन को नियंत्रित करने के लिए सहभागिता, प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी तथा स्वचालन जैसे क्षेत्रों पर काम कर रहा है।

# नेटफ्लिक्स ने नया पर्सनलाइज टैब पेश किया

**– माई नेटफ्लिक्स टैब आईओएस पर उपलब्ध**

**सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)।** एंड्रॉइड और आईओएस के लिए नेटफ्लिक्स कंपनी ने एक नया पर्सनलाइज टैब पेश किया है। नेटफ्लिक्स ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि माई नेटफ्लिक्स टैब फिलहाल आईओएस पर उपलब्ध है और अगले महीने की शुरूआत में एंड्रॉइड पर उपलब्ध होगा। कंपनी के अनुसार, नया टैब एक वन-स्टॉप शॉप है, इसे आसान शॉर्टकट के साथ तैयार किया गया है जो आपको यह चुनने में मदद करेगा कि आप क्या देखना चाहते हैं। कंपनी ने कहा, जब आप अपने फोन के साथ घूम रहे हों, तो सीधे माय नेटफ्लिक्स पर जाएं, जहां आप तुरंत कुछ ऐसा चुन सकते हैं जिसे आपने देखने के लिए सेव्ड या डाउनलोड किया हो। इसके अलावा, उपयोगकर्ता सीरीज और फिल्मों की




पूरी सूची खोजने के लिए अभी भी होम टैब और ऐप के अन्य अनुभागों पर जा सकते हैं।

जितना अधिक यूजर्स नेटफ्लिक्स के साथ बातचीत करेंगे और बताएंगे कि उन्हें क्या पसंद है, उतना ही ज्यादा वे माय नेटफ्लिक्स टैब पर अपनी पसंद देखेंगे। इस महीने की शुरूआत में, कंपनी ने प्रोफाइल ट्रांसफर फीचर को अपडेट किया था ताकि यूजर्स अपनी प्रोफाइल को मौजूदा अकाउंट में ट्रांसफर कर सकें। प्रोफाइल ट्रांसफर फीचर यूजर्स को अपनी पर्सनलाइज रिकमेंडेशन, व्यूइंग हिस्ट्री, माय लिस्ट, सेव्ड गेम्स और अन्य प्राथमिकताओं को दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देती है।

# गदर 2 और ओएमजी 2 की महाभिड़त पर सनी ने कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता

**मुंबई (ईएमएस)।** सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म गदर 2 और अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 में सिल्वर स्क्रीन पर बड़ी भिड़ंत होने वाली है, क्योंकि यह दोनों ही फिल्में 11 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी। इसके बाद दोनों के बीच महाक्लैश देखने को मिलेगा। अब हाल ही में अक्षय कुमार की ओएमजी 2 के साथ सिल्वर स्क्रीन क्लैश पर अभिनेता सनी देओल ने रिएक्ट किया है। एक इंटरव्यू के दौरान सनी देओल ने बताया कि साल 2001 में उनकी फिल्म गदरः एक प्रेम कथा आमिर खान की लगान के साथ क्लैश हुई थी। सनी ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग फिल्मों की क्यों तुलना करते हैं। सनी ने साल 2001 में रिलीज हुई गदरः एक प्रेम कथा के कलेक्शन को याद कर कर बताया, गदर ने जहां 100




करोड़ रुपये से ऊपर का आंकड़ा पार किया था, वहीं लगान ने इससे कम कमाई की थी। मुझे समझ नहीं आता कि लोग क्यों तुलना करते हैं। चाहे वह बिजनेस से जुड़ा हो या फिर फिल्मों से। गदर के बारे में कोई धारणा नहीं थी, लोगों को लगा कि यह मसाला फिल्म है, ये पुरानी टाइप की पिक्चर है, पुराने टाइप के गाने हैं (लोगों ने सोचा कि गदर पुराने गानों वाली पुरानी तरह की फिल्म है)। दूसरी ओर, लोगों को लगा था कि लगान क्लासिक है। केवल इतना ही नहीं सनी देओल ने यह भी कहा कि कुछ लोगों ने रिलीज से पहले ही गदर के बारे में काफी उल्टी- सीधी बातें कही थीं। लेकिन बाद में यह लोगों की फिल्म बन गई और दर्शकों को यह पसंद आई। मुझे याद है कि अवार्ड शो में उन्होंने गदर का मजाक बनाया था लेकिन हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# आदित्य संग विदेश यात्रा एंजॉय अनन्या पांडे

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे एक्टर आदित्य रॉय कपूर संग विदेश यात्रा एंजॉय करती नजर आई थीं। अनन्या अपने वेकेशन की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका हॉट लुक देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही छा गई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि अनन्या पांडे स्काइब्लू कलर की बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। चेहरे पर काला चश्मा लगाए उनका अंदाज देखते ही बन रहा है। पूल साइड नारियल पानी एंजॉय करते हुए अनन्या जबरदस्त पोज दे रही हैं। कई तस्वीरों में वह



रेत पर बैठ पोज देते हुए कातिलाना अंदाज दिखा रही हैं। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। वह अब वेकेशन एंजॉय कर इंडिया लौट आई हैं।

# फिल्म जवान को लेकर खूब सुर्खियों में शाहरुख

बालीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान अपकमिंग फिल्म जवान को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। इसी बीच जवान के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है, जिस पर यूजर्स के तरह-तरह के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने ट्विटर हैंडल पर जवान की एक झलक शेयर करते हुए लिखा-वह तुम्हें करीब से देख रहा है ! उससे सावधान रहें। पोस्टर में गुस्सैल और तेज आंखों की एक झलक देखने को मिल रही है। हालांकि, तस्वीर में दिख रहे किरदार कौन है इस बात का जिक्र तो मेकर्स ने नहीं किया है, लेकिन इस पोस्टर ने फैंस को फिल्म देखने के लिए बेताब कर दिया है। बता दें कि जवान रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो एटली द्वारा निर्देशित,




गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित है। यह फिल्म 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस के बीच फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट है।

# मुझे स्वार्थी तथा दोहरे चेहरे वाले दोस्त जरा भी पसंद नहीं : शीजान खान

**मुंबई (ईएमएस)।** टीवी एक्टर शीजान खान का कहना है कि उन्हें स्वार्थी तथा दोहरे चहेरे वाले दोस्त जरा भी पसंद नहीं हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में एक दशक बिताने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए नए लोगों को कुछ सलाह भी दी। बता दें कि शीजान खान जोधा अकबर, तारा फ्रॉम सतारा और अली बाबाः दास्तान-ए-काबुल जैसे शो के लिए जाने जाते हैं। गौरतलब है कि साल 2022 में शीजान खान की को-एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा ने आत्महत्या की थी, इसके बाद एक्टर को हिरासत में लिया गया था। अपने अनुभव शेयर करते हुए एक्टर ने कहा कि यह बिल्कुल सच है कि यह असुरक्षाओं का क्षेत्र है। समाज के सामने लोग दोस्त होते हैं, लेकिन असल में वे ही सबसे ज्यादा असुरक्षित होते हैं। आपको तब तक पता नहीं चलेगा कि आपका सच्चा दोस्त कौन है, जब तक कि आप किसी कठिन परिस्थिति में न हों और आपको मदद की जरूरत न हो। लोग अच्छे समय में आपके साथ रहते हैं लेकिन कठिन समय में आपका साथ छोड़ देते हैं। शीजान खान ने कहा कि मुझे लगता है कि जो आपका दोस्त होने का दावा करता है, उसके साथ रहने की बजाय अकेले रहना बेहतर है। काम मिलना तो आपकी किस्मत में ही है। मुझे दोहरे चेहरे वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसलिए मैं खुद के साथ रहना पसंद करता हूं। यही सबसे बड़ा कारण है कि इंडस्ट्री में मेरे ज्यादा दोस्त नहीं हैं। एक्टर से पूछा गया कि उनके पास युवाओं के लिए क्या सलाह है, जो



इस पेशे से आसानी से आकर्षित हो जाते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि मैं केवल यही सलाह दूंगा कि आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, और हां, जीवन चलता रहेगा, लेकिन आपको अपने हितों को बेहतर ढंग से जानना चाहिए। आपको अपने जीवन और करियर दोनों में आगे बढ़ने के लिए खुद के प्रति सच्चा होना होगा। उन्होंने बताया कि हर किसी का संघर्ष और सफर अलग-अलग होता है। हर किसी को उन संघर्षों से गुजरना पड़ता है, जो उसकी किस्मत में लिखे होते हैं। हम यह नहीं कह सकते कि हमारे संघर्ष खत्म हो गए हैं, लेकिन वे बदल गए हैं। लेकिन यह रहता है और यही जीवन है, क्योंकि यह आपको मजबूत बनाता है। मैंने भी बहुत बुरा समय देखा है, और जीवन का मकसद इससे उबरना होना चाहिए। हम यहां नहीं रुक सकते, चाहे स्थिति कोई भी हो। इसके बजाय, इसका सामना करें और मजबूत बनें। हर कोई स्थिरता चाहता है और यह हर किसी को मिलनी चाहिए क्योंकि जब आप बड़े होते हैं तो आपके साथ कई जिंदगियां जुड़ी होती हैं जिनका ख्याल रखना होता है। मेरा मानना है कि आपको एक आदमी के रूप में स्थिर रहना होगा ताकि आपका परिवार हमेशा सुरक्षित महसूस करे।

# जीनत ने इंस्टाग्राम पर ऐड की एक क्लिप साझा की



अपने जमाने की मशहूर बॉलीवुड स्टार जीनत अमान ने कभी खुशी कभी गम के डायलॉग के साथ दम मारो दम की कुछ लाइन्स को स्पिन के साथ रैप करते हुए अपनी भावना को प्रकट किया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर ऐड की एक क्लिप साझा की। क्लिप में, एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने शिमर जैकेट और डार्क सनग्लासेस के साथ ब्लैक पहना हुआ है। ऐड वीडियो में वह शीशे के सामने खड़ी हैं और कभी खुशी कभी गम का एक डायलॉग बोलते हुए कह रही हैं, तुम्हें कोई हक नहीं बनता कि तुम लगो इतनी बोल्ड, बेबो हमें जिस तरह दिखाती है, वह पसंद है। इसके बाद उन्होंने 1971 की फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा के गाने दम मारो दम की कुछ लाइन्स बोलीं। कुछ स्पिन जोड़ते हुए एक्ट्रेस ने कहा, दुनिया ने हमको दिया ही क्या, यह आपकी जर्नी है, दुनिया से हमने लिया ही क्या, यह हमारी जर्नी है, हम सबकी परवाह करें ही क्यों? लेडीज, आप करते रहो। तुम्हें कोई हक नहीं बनता कि तुम इतनी खूबसूरत लगो ये लाइन फिल्म कभी खुशी कभी गम.. की है।

# कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 की तैयारी शुरू

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि मशहूर शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के 15वें सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। अमिताभ ने लिखा, केबीसी की तैयारी शुरू हो गई है। हम आखिरकार इंसान हैं और गलतियां होती हैं लेकिन उनसे बचने का प्रयास हमेशा किया जाता है। इसके बाद अमिताभ ने सोमवार को अपने फैंस के साथ अपनी रविवार की मुलाकात की एक झलक साझा की, जिन्हें वह प्यार से अपना विस्तारित परिवार कहते हैं। अभिनेता ने शो के लिए एक अपडेट भी साझा किया। अब विभिन्न प्लेटफार्मों पर प्रदर्शित प्रमोशनल डिक्शी पर जो बदलाव सुनाई दे रहे हैं, वे गेम खेलने में स्पष्ट हैं और कल जो लोग केबीसी में जाएंगे, वे उनके बारे में जानने की स्थिति में होगा। कौन बनेगा करोड़पति हू वांट्स टू बी ए मिलियनेयर? का आधिकारिक हिंदी




एडेप्टेशन (रूपांतरण) है। तीसरे सीजन को छोड़कर इस शुरूआत से ही बिग बी द्वारा होस्ट किया गया। तीसरे सीजन में इस अभिनेता शाहरुख खान ने प्रस्तुत किया था।

# नोयोनिका से हर महिला खुद को पहचानती है : काजोल

**-वेबसीरीज में अपनी भूमिका को लेकर एक्ट्रेस ने कहा**

**मुंबई (ईएमएस)।** वेब-सीरीज द ट्रायल में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री काजोल ने कहा, नोयोनिका के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हर महिला खुद को उससे पहचानती है। जीवन के हर बिंदु पर महिलाओं को अच्छी मां, एक अच्छी पत्नी और अच्छा इंसान बनने की भूमिकाओं को पूरी तरह से निभाना सिखाया जाता है। काजोल ने कहा,यही वह पल था जहां नोयोनिका को लगा कि वह हर चीज में परफेक्ट है और उसी समय उसकी दुनिया ढह गई। तब उसे एहसास हुआ कि वह हर चीज में अच्छी नहीं हो सकती, वह एक अच्छी पत्नी, एक अच्छी मां नहीं बन सकती। जब उसे लगता है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि नोयोनिका की यात्रा हम सभी महिलाओं की तरह गुजरती है। उन्होंने कहा, महिला होने के नाते हम जिस चीज से जूझ रहे



हैं, कुछ को यह जीवन में थोड़ा पहले आ जाती है और कुछ को थोड़ी देर में। गंभीर कोर्टरूम ड्रामा, द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा में शीबा चड्ढा, जिशु सेनगुप्ता, अली खान, कुब्रा सैत और गौरव पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, सुपर्ण एस वर्मा द्वारा निर्देशित यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हो रही है। बता दें कि काजोल का किरदार नोयोनिका हर महिला को अपेक्षाओं से गुजरने का उदाहरण देता है, जो जीवन को संतुलित करने में आने वाली चुनौतियों से मेल खाता है। आज के समाज में महिलाओं पर अक्सर भारी सामाजिक दबाव डालकर कई भूमिकाओं में उत्कृष्टता हासिल करने की उम्मीद रखी जाती है। महिलाओं को हमेशा पालन-पोषण करने वाली मां और समर्पित साझेदार बनने से लेकर अपने करियर में सफलता हासिल करने और घरेलू जिम्मेदारियों को निभाते हुए पाया गया है। सीरीज में नोयोनिका की यात्रा इन महिलाओं के अनुभव को दशार्ती है।

# कल्लू की फिल्म 'शादी बाय चांस' का ट्रेलर हुआ रिलीज

अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू अपकमिंग फिल्म शादी बाय चांस का धमाकेदार ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर उनके जन्मदिन के अवसर पर रिलीज किया गया है, जो बेहद ही शानदार है, इसलिए उनके फैंस फिल्म का ट्रेलर देखकर उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दे रहे हैं। फिल्म के निमार्ताओं ने कल्लू के जन्मदिन पर उनकी फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर एक उपहार दिया है। फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में प्रियंका रेवारी और यामिनी सिंह है। फिल्म शादी बाय चांस के ट्रेलर का रनिंग टाइमिंग 3 मिनट 50 सेकंड है, जो इंटर 10 रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इसमें कल्लू की शादी बाय चांस एक ऐसी लड़की से हो जाती है, जो उसे अपना पति तक स्वीकार नहीं करती। फिल्म में कल्लू के ससुर का किरदार अवधेश मिश्रा निभा रहे हैं, जिनकी बेटी प्रियंका रेवाड़ी से कल्लू की शादी आपात परिस्थिति में होती है। मगर शादी के बाद कल्लू की वाइफ उसे सिर्फ नाम का पति बना कर रखना



चाहती है। ट्रेलर में इन तीनों के बीच के संवाद और सींस काफी मनोरंजक और मजेदार नजर आ रहे हैं। इसी बीच कल्लू की लाइफ में दूसरी खूबसूरत लड़की आकांक्षा दुबे की एंट्री होती है, जिससे वहां शादी करना चाहता है और तभी कल्लू की पहली पत्नी आ जाती है। फिर जो होता है उसके लिए आपको फिल्म देखना होगा। फिल्म के ट्रेलर में खूब मस्ती और मसाला है। फिल्म के गाने भी खूबसूरत है। फिल्म शादी बाय चांस के ट्रेलर रिलीज पर कल्लू ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। यह मेरे लिए खास आवास है और इस दिन फिल्म का ट्रेलर आना और भी मेरे लिए खास है। मैं अपने चाहने वालों से आज के दिन अपनी फिल्म का ट्रेलर देखने को आग्रह करूंगा। फिल्म की अभिनेत्री प्रियंका रेवाड़ी और यामिनी सिंह ने फिल्म के निमार्ता रामा प्रसाद और संजय श्रीवास्तव के साथ मिलकर कल्लू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कल्लू के साथ फिल्म करके बेहद मजा आया। फिल्म बेहद अच्छी बनी है, जो आप ट्रेलर में देख सकते हैं। फिल्म शादी बाय चांस का निर्माण रामा प्रसाद प्रोडक्शन के बैनर से हुआ है। इस फिल्म के निर्देशक संजय श्रीवास्तव और निमार्ता रामा प्रसाद हैं। फिल्म में अरविन्द अकेला (कल्लू), प्रियंका रेवड़ी, अवधेश मिश्रा,स्व. आकांक्षा दुबे, अनूप अरोरा, प्रकाश जैस, अनीता रावत, महेश आचार्य, सोनिया मिश्रा और सुष्मिता मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं।

## सूडोकु नवताल- 6505

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6504 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्दजाल - 7252

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | द | जै | क्स | का | लि | स |
| दा | वि | ल | ग | व | रा | हु | ल | द्र | वि | ड़ |
| गि | म | हे | ला | ज | य | व | र्ध | ने | क | क |
| री | इं | र | स | चि | न | तें | दु | ल | क | र |
| मै | खु | ज | कु | लू | लं | का | यु | ग | व | ए |
| थ्यू | द | ल | मा | य | ख | पू | व | हि | र | ड |
| है | लो | म | र | म | प | र | रा | र | र | म |
| ड | र्ज | ल्जा | सं | धा | उ | क | ज | लो | श | गि |
| न | बा | म | ग | ब्रा | ह | ल | सिं | श | प | ल |
| तें | दु | आ | का | व | जी | र्त | ह | बें | हा | क्रि |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | क | प | स्ट |

*शब्द जाल में 10 शीर्ष बल्लेबाजों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, एडम गिलक्रिस्ट, राहुल द्रविड़, मैथ्यू हैडन, महेला जयवर्धने, इंजमाम उल हक, कुमार संगकारा, जैक्स कालिस, युवराज सिंह

### शब्दजाल - 7251 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | आ | स्ट्रे | लि | या | ह | ट | झ | क | अ |
| छ | क | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | मे |
| ट | र | ना | झि | दा | इ | सिं | बे | ला | ल | रि |
| प | म | दा | ड़ | ल | क | ड़े | हा | दा | र | का |
| व | रा | र | ष | हा | मि | री | ने | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | पे | ह | ला | ती | शि | न | ती |
| भा | र | त | अं | रू | स | ट | ह | ला | या | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | कों | जू | ट |
| स | थो | तें | ब्रा | जी | ल | दा | ने | गो | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| ची | न | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6205

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 6 | 34 | | 32 | 7 |
| | | 7 | | | | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 36 | 6 |
| | | 2 | | | 4 | 5 |
| 1 | 24 | | 35 | | 28 | |
| 2 | | 5 | | 1 | | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6204 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 34 | 2 | 36 | 6 | 28 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 5 | 33 | 4 | 34 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 28 | 3 | 32 | 4 | 33 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# रोहित बोले- बुमराह की रिकवरी अच्छी: वर्ल्ड कप से पहले जितना खेलें, उतना अच्छा; विराट पर कहा- उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं

**बारबाडोस।**
वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा बोले, अनुभवी खिलाड़ियों की इंजरी से टीम को परेशानी होती है। बुमराह फिलहाल अच्छा कर रहे हैं। पता नहीं वो आयरलैंड जाएंगे या नहीं, लेकिन वर्ल्ड कप से पहले वो जितने ज्यादा मैच खेलें, टीम के लिए उतना अच्छा रहेगा। विराट ने 5 साल बाद विदेश में टेस्ट शतक लगाया। उनके फॉर्म पर रोहित ने कहा, विराट उन खिलाड़ियों में से हैं, जिन्हें ज्यादा बताने की जरूरत नहीं पड़ती। बाहर क्या हो रहा है, टीम को इस बात से फर्क नहीं पड़ता।

**1. हमारा फोकस टीम की सक्सेस पर** - बाहर जो बातें होती हैं, किसने कितने रन बनाए, कितने विकेट लिए, उन लोगों को नहीं पता कि अंदर क्या होता। हम चाहते हैं कि ये चीजें अंदर ही रहें। हमारे लिए जरूरी यही है कि किस तरह सभी प्लेयर्स का बेस्ट निकले। किस तरह टीम मैच और सीरीज जीते, हमारा फोकस इसी पर रहता है। बाहर कौन किस तरह से बात करता है, हमारे लिए वो बिलकुल मायने नहीं रखता। मैं ये चीज बहुत बार बोल चुका हूं और हर बार यही बोलता रहूंगा। हमारा फोकस टीम की सक्सेस पर ही रहता है। कुछ प्लेयर्स ऐसे होते हैं, जिनसे (विराट) बातें करने की जरूरत नहीं पड़ती। टीम में काफी नए लड़के आए हैं, हमारा फोकस यही रहता है कि कैसे उन्हें मौका दिया जाए। टीम के किसी भी प्लेयर को ये नहीं बताया जा सकता कि बैट कैसे पकड़ा जाता है। हमारा फोकस प्लेयर्स को कम्फर्ट देने पर ज्यादा रहता है, हम टीम के फायदे पर ही ध्यान रखते हैं।

**2. जसप्रीत बुमराह का अनुभव टीम के लिए अहम** - बुमराह का एक्सपीरिएंस टीम के लिए काफी अहम है, मुझे पता नहीं कि उनका सिलेक्शन आयरलैंड सीरीज के लिए होगा या नहीं। अगर उन्हें मैच खेलने को मिले तो अच्छी बात होगी, हम कोशिश करेंगे कि उन्हें वर्ल्ड कप से पहले जितने ज्यादा मैच खेलने को मिले उतना अच्छा रहेगा। हमारी कोशिश यही रहेगी कि अगर कोई प्लेयर वर्ल्ड कप खेलने का दावेदार है तो उसे ज्यादा से ज्यादा वनडे मैच मिल सके।

**3. बैटिंग-बॉलिंग में 15-20 ऑप्शन** - टीम सिलेक्शन बिलकुल भी आसान नहीं होता, टीम में खेलते 11 ही प्लेयर्स हैं। उनमें भी बैटर्स 6 या 7 ही हो सकते हैं, उसके लिए हमारे पास 15-20 अच्छे ऑप्शंस हैं। बॉलिंग के लिए भी इसी तरह का माहौल होता, टीम में 3 या 4 पेसर्स की ही जगह होती है, लेकिन ऑप्शन कई होते हैं। हर टीम को इस तरह की सिचुएशन से जूझना पड़ता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जापान ओपन बैडमिंटन... सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में: प्रणय ने हमवतन श्रीकांत को हराया; लक्ष्य सेन भी जीते



**टोक्यो।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी बीएफडब्ल्यू जापान ओपन सुपर 750 के मेंस डबल्स में गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उनके अलावा एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन को भी जीत मिली। वहीं विमेंस डबल्स में त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय ने दूसरे राउंड में हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने श्रीकांत को 19-21 21-9, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, लक्ष्य ने जापान के कांता त्सुनेयामा को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने त्सुनेयामा को 21-14, 21-16 से हराया। कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21-17, 21-11 से मात दी। विमेंस डबल्स जोड़ी त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। उन्हें जापानी जोड़ी चिहारू शिदा और नामी मात्सुयामा ने 21-23, 19-21 से हराया। पीवी सिंधु को बुधवार को पहले राउंड में चीन की झांग यी मान ने 21-12, 21-13 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला था। झांग यी मान ने दोनों गेम आसानी से जीत लिए थे। इससे पहले कोरिया ओपन 2023 में भी उन्हें पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा था। जापान ओपन का असर पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग रैंकिंग पर पड़ सकता है। जापान ओपन के रिजल्ट पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग राउंड 2024 की रैंकिंग में गिने जाएंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो इस साल 1 मई से शुरू हो चुकी है।

### हरियाणा पूर्व खेल मंत्री का सेक्शुअल हैरेसमेंट केस: महिला कोच का मोबाइल डेटा रिकवर; चैट के रिकॉर्ड मिले, नए नाम सामने आए



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में एक नया मोड़ आ गया है। जूनियर महिला कोच के फोन का डेटा चंडीगढ़ पुलिस ने रिकवर कर लिया है। फोन से पुलिस को चैट के रिकॉर्ड मिले हैं, जिस आधार पर मंत्री संदीप सिंह और जूनियर महिला कोच से पुलिस की स्आईटी पूछताछ कर चुकी है। साथ ही मोबाइल डेटा में कुछ नए नाम भी सामने आए हैं, ये वे लोग हैं जिनके नाम जूनियर महिला कोच ने पुलिस पूछताछ में लिए थे। इन लोगों से भी चंडीगढ़ पुलिस की स्आईटी ने सेक्टर-26 थाने बुलाकर कई सवालों के जवाब लिए हैं। इस पूरे विवाद में चंडीगढ़ स्आईटी की टीम ने पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह और जूनियर महिला कोच के मोबाइल जब्त किए थे। संदीप सिंह के 2 मोबाइल की जांच चंडीगढ़ पुलिस की साइबर सेल टीम जांच कर रही थी। महिला कोच ने संदीप सिंह से सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर चैटिंग के आरोप लगाए हैं। टीम इस चैट को रिकवर कर मामले की पड़ताल की है। चंडीगढ़ पुलिस अब इस मामले में और देरी नहीं करना चाहती है। इसलिए सभी पहलुओं पर जांच कर एक विस्तृत चार्जशीट पुलिस ने तैयार की है। चंडीगढ़ पुलिस सूत्रों के अनुसार अब एसआईटी इस केस की चार्जशीट तैयार करने में जुटी है। सूत्रों की माने तो पुलिस 7 से 10 दिनों के भीतर ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी।

### अगले साल संन्यास ले सकते हैं 23 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच, पिता ने किया दावा



**नई दिल्ली ।** टेनिस फैंस के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अगले साल संन्यास ले सकते हैं। इस बात का खुलासा उनके पिता सरजान जोकोविच ने किया है। नोवाक सबसे ज्यादा 23 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी हैं। वह हाल ही में 24वां ग्रैंड स्लैम जीतने से चूक गए थे। उन्होंने विंबलडन ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने हराया था। जोकोविच अगले साल मई में 37 साल के हो जाएंगे। वह अगर विंबलडन ओपन जीत जाते हैं तो सबसे ज्यादा 24 ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट के बराबर पहुंच जाते। अब इसके लिए उन्हें आगामी यूएस ओपन तक का इंतजार करना होगा।

## भारत-वेस्टइंडीज पहला वनडे

# विंडीज को लगातार 13वीं वनडे सीरीज हराने का मौका



**बारबाडोस।**
दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबला बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में भारतीय टाइमिंग के अनुसार शुरू होगा। भारतीय टीम के पास लगातार 13वीं बार वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने का मौका होगा। आखिरी बार वेस्टइंडीज की टीम 2006 में भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीत सकी थी। इस सीरीज के बाद टीम ने 6 बार अपने घर और 6 बार भारत में भारत के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाई है।

**सबसे पहले जानते हैं मैच में कौन से रिकॉर्ड बन सकते हैं** - विराट कोहली 13 हजार रन बनाने से 102 रन दूर हैं। उनके नाम 274 वनडे में 57.32 की औसत से 12,898 रन हैं। इनमें उन्होंने 46 सेंचुरी और 65 फिफ्टी लगाई हैं। रोहित शर्मा 10 हजार रन बनाने से 175 रन दूर हैं। उनके नाम 243 वनडे में 48.63 की औसत से 9825 रन हैं। इनमें उन्होंने 30 शतक और 48 फिफ्टी लगाई हैं। रोहित और विराट साथ में 2 रन बनाते ही 5000 रन की पार्टनरशिप करने वाली जोड़ी बन जाएंगे। दोनों ने वनडे की 85 पारियों में 4998 रन की पार्टनरशिप कर ली है। इनमें 18 सेंचुरी और 15 फिफ्टी पार्टनरशिप शामिल हैं। उनकी जोड़ी ऐसा करने वाली 8वीं, लेकिन सबसे तेज जोड़ी बनेगी। उनके अलावा बाकी खिलाड़ी 100 या उससे ज्यादा पारियों के बाद ही 5 हजार रन की पार्टनरशिप का आंकड़ा पार कर सके हैं।

**हेड-टु-हेड में भारत आगे** - दोनों टीमों के ओवरऑल वनडे क्रिकेट रिकॉर्ड देखें तो भारत हावी है। दोनों टीमों के बीच कुल 139 वनडे मुकाबले खेले गए। इनमें से भारत 70 मैच जीता और वेस्टइंडीज ने 63 मैच अपने नाम किए। 4 मुकाबले बेनतीजा रहे, जबकि दो मैच टाई भी रहे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी वनडे मुकाबला 17 जुलाई 2022 को पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला गया था। इसे भारत ने 103 रन से जीता था। वेस्टइंडीज में दोनों टीमों के बीच कुल 42 वनडे खेले गए। इनमें से भारत ने 19 और विंडीज ने 20 मैच जीते, जबकि 3 मुकाबले बेनतीजा रहे।

**शुभमन गिल इस साल भारत के टॉप स्कोरर** - साल 2023 में वनडे क्रिकेट में भारत के लिए शुभमन गिल टॉप स्कोरर रहे हैं। गिल ने 9 मैच में 3 शतक लगाए और 624 रन बनाए। उनके बाद विराट कोहली का नंबर आता है। उन्होंने 2023 में 427 रन बनाए हैं। टी-20 क्रिकेट के स्टार सूर्यकुमार यादव वनडे में कमाल नहीं दिखा सके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैच में वे लगातार तीन बार 0 पर आउट हुए, इसके बावजूद उन्हें वनडे टीम में चुना गया। ऐसे में उनके पास खुद को नंबर 4 पर साबित करने का शानदार मौका है। विकेटकीपिंग में केएल राहुल और ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। इस रोल के लिए ईशान किशन भी दावेदार हैं।

**शाई होप पर वेस्टइंडीज की जिम्मेदारी** - निकोलस पूरन के बाद वेस्टइंडीज ने शाई होप को वनडे टीम की कमान दी है। शाई होप की कप्तानी में टीम वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफायर में हार पहली बार वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। हालांकि, भारत के खिलाफ सीरीज टीम के लिए इंटरनेशनल वनडे क्रिकेट में वापसी करने का शानदार मौका हो सकता है। साल 2023 में वेस्टइंडीज से ब्रैंडन किंग ने वनडे में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 मैच में 538 रन बनाए हैं, किंग ने 2 शतक भी लगाए। गेंदबाजी में अलजारी जोसेफ ने इस साल सबसे ज्यादा 14 विकेट लिए हैं। वनडे टीम में शिमरोन हेटमायर की वापसी हो रही है। उन पर भी नजरें रहेंगी।

**बारिश की 25प्रतिशत आशंका** - बारबाडोस में दोपहर के दौरान बारिश की 25प्रतिशत आशंका है। हालांकि, ज्यादातर समय धूप खिली रहने का अनुमान है। तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर पहली पारी में औसत 216 रन बनते हैं। टॉस का ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। यहां हुए 45 मैचों में पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 19 मुकाबले जीते हैं। वहीं, बाद में बैटिंग करने वाली टीम ने 25 मैचों में जीत हासिल की है। एक मैच बेनतीजा रहा।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग इलेवन...**

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मुकेश कुमार, युजवेंद्र चहल/कुलदीप यादव और उमरान मलिक/जयदेव उनादकट।

**वेस्टइंडीज** - ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, शाई होप (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, केसी कार्टी, एलीक एथनाज, रोवमन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड/डोमिनिक ड्रेक्स, अल्जारी जोसेफ, ओशेन थॉमस और यानिक कारिया।

## जिम्बाब्वे टी-10 लीग में रिंकू सिंह जैसी बल्लेबाजी

# डोनोवन फरेरा ने 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाए; 33 गेंद पर 87 रन की पारी खेली




**हरारे।**
जिम्बाब्वे में खेले जा रहे जिम एफ्रो टी-10 टूर्नामेंट में डोनोवन फरेरा ने इंडियन बैटर रिंकू सिंह की तरह आखिरी ओवर में 5 छक्के लगाए। फरेरा की बल्लेबाजी का वीडियो मीडिया पर वायरल हो रहा है। एफ्रो टी-10 में मंगलवार को हरारे हरिकेन्स और केपटाउन सैम्प आर्मी के बीच मैच खेला गया। हरारे हरिकेन्स के बैटर डोनोवन फरेरा आखिरी ओवर में स्ट्राइक पर थे। केपटाउन सैम्प के गेंदबाज करीम जानत यह ओवर फेंक रहे थे। उनकी 5 गेंदों पर फरेरा ने 5 सिक्स लगाए। उन्होंने 33 गेंद पर 87 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत हरारे ने 10 ओवर में 6 विकेट पर 115 रन का स्कोर बनाया। हालांकि हरारे ने यह मैच सुपर ओवर में जीता। फरेरा से पहले कोलकाता नाइटराइडर्स के बैटर रिंकू ने आईपीएल में 5 बॉल पर 5 सिक्स जड़े थे। गुजरात टाइटंस और केकेआर के बीच यह मैच खेला गया था। केकेआर को जीत के लिए आखिरी 5 गेंदों पर 28 रनों की जरूरत थी। रिंकू ने यश दयाल के ओवर में 5 छक्के जड़ टीम को जीत दिलाई थी।

### सुपर ओवर में जीता मैच, श्रीसंत ने आखिरी ओवर में नहीं बनने दिए 8 रन

एफ्रो टी-10 लीग में केपटाउन सैम्प ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। हरारे हरिकेन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 115 रन बनाए। टारगेट का पीछा कर रही केपटाउन सैम्प ने भी 5 विकेट पर 116 रन बनाए लिए थे। केपटाउन सैम्प को जीत के लिए आखिरी ओवर में 8 रन की जरूरत थी। हरारे हरिकेन्स की ओर से आखिरी ओवर इंडियन श्रीसंत करने आए। उन्होंने आखिरी ओवर में केवल 7 रन दिए।

# सिंधु 'द फेडिंग स्टार': इस साल 13 टूर्नामेंट खेले, 7 में पहले राउंड से बाहर; जापान ओपन में महज 32 मिनट में हारीं



**नई दिल्ली ।**
डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु का खराब फॉर्म जारी है। यह अनुभवी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार को जापान ओपन के पहले राउंड में हारकर बाहर हो गई। उनके उलट युवा लक्ष्य सेन ने इस सुपर 750 टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। वहीं, पिछले हफ्ते कोरिया ओपन जीतने वाली सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी दूसरे राउंड में जगह बनाई। तीसरे राउंड में उनका मुकाबला होगा।

### लगातार गेम में हारीं सिंधु

सिंधु को चीन की झेंग यी मिन ने लगातार गेम में 21-12, 21-13 से हराया। सिंधु सिर्फ 32 मिनट में हार गईं। वे इस साल बीएफडब्लू वर्ल्ड टूर इवेंट का 13वां टूर्नामेंट खेलने उतरी थीं। यह साल का सातवां टूर्नामेंट है, जिसमें वे पहले राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं। सिंधु और झेंग के बीच पांचवां मुकाबला था, जिसमें झेंग को तीसरी बार जीत मिली। 2019 की वर्ल्ड चैम्पियन सिंधु के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चोट से रिहैब करने के बाद वापसी की थी, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। वे वर्ल्ड रैंकिंग में 17वें नंबर पर फिसल गई हैं।

### लक्ष्य तीसरे राउंड में पहुंचे

पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली है। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में जापान के केंता सुनेयामा को 21-14, 21-16 से हराया। पहले राउंड में उन्होंने हमवतन प्रियांशु राजावत को 21-15, 12-21, 24-22 से हराया था। कनाडा ओपन जीतने के बाद लक्ष्य कोरिया ओपन से हट गए थे। फिर उन्होंने इस टूर्नामेंट से वापसी की। लक्ष्य ने 65 मिनट में जीत हासिल की। पुरुष सिंगल्स में गुरुवार को ही एचएस प्रणौय का सामना किदाम्बी श्रीकांत से होगा। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली केरनेंडो-डेनियल मार्थिन को तीन गेम में हराया। भारतीय जोड़ी 21-16, 11-21, 21-13 से जीत गई। उन्होंने 56 मिनट में जीत हासिल कर ली। यह सात्विक-चिराग की लगातार 11वीं जीत है। अब भारतीय जोड़ी का सामना डेनमार्क के जेपे बे-लेसे मोल्हेड की जोड़ी से होगा।

# फ्रेंच स्टार किलियन एम्बाप्पे ने 2725 करोड़ रुपये का ऑफर ठुकराया, सऊदी अरब नहीं जाएंगे खेलने



**नई दिल्ली ।**
फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे ने सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के लिए खेलने का ऑफर ठुकरा दिया है। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए क्लब फुटबॉल खेलने वाले एम्बाप्पे ने अल हिलाल के प्रतिनिधियों से मिलने से मना कर दिया है। इससे सऊदी क्लब की महत्वाकांक्षाओं को झटका लगा है। अल हिलाल ने एम्बाप्पे के सामने रिकॉर्ड 300 मिलियन यूरो (करीब 2725 करोड़ रुपये) का ऑफर रखा था। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी स्टार ने इस बुधवार को पेरिस में मौजूद अल-हिलाल क्लब के प्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह की चर्चा से इनकार कर दिया है। जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग से ब्राजीलियाई खिलाड़ी मैल्कॉम के ट्रांसफर को अंतिम रूप देने के लिए सऊदी क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल पेरिस आया था। प्रतिनिधिमंडल फ्रांस की राजधानी में रहते हुए एम्बाप्पे के सामने अपना प्रोजेक्ट भी पेश करना चाहता था।

### एम्बाप्पे ने कभी भी सऊदी जाने पर विचार नहीं किया

रिपोर्ट में यह कहा गया कि 24 वर्षीय खिलाड़ी के एजेंट ने सऊदी क्लब के प्रतिनिधियों के साथ किसी भी चर्चा से इनकार कर दिया। फ्रांस के कप्तान एम्बाप्पे ने कभी भी सऊदी अरब जाने के विकल्प पर विचार नहीं किया। रियाद स्थित अल हिलाल को पीएसजी द्वारा एम्बाप्पे के साथ बातचीत शुरू करने की अनुमति दी गई थी। पीएसजी को पता था कि एम्बाप्पे कभी सऊदी लीग में नहीं खेलना चाहते हैं। इसके बावजूद उसने अल-हिलाल को अनुमति दी थी।

### क्यों एम्बाप्पे और पीएसजी के बीच बढ़ीं दूरियां

एम्बाप्पे ने पिछले महीने कहा था कि वह जून 2024 के बाद वह पीएसजी के साथ अपना करार आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। उनके इस बयान से क्लब हैरान हो गया था। एम्बाप्पे ने 2022 में पीएसजी के साथ नया करार किया था। तब उन्होंने 2025 तक टीम के साथ रहने का वादा किया था। एम्बाप्पे और पीएसजी के बीच हुए करार के मुताबिक, 2024 तक एम्बाप्पे क्लब के खिलाड़ी रहेंगे। जून 2024 के बाद वह अपने करार को एक साल के लिए बढ़ा सकते हैं। अब एम्बाप्पे ने एक साल पहले ही क्लब को पत्र लिखकर बता दिया है वह जून 2024 के बाद करार को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

एम्बाप्पे नए क्लब की तलाश में हैं। पेरिस सेंट जर्मेन से उनका करार अगले समाप्त होगा, लेकिन क्लब ने उन्हें नई टीम खोजने का आदेश दे दिया है। क्लब ने उन्हें बेचने का फैसला कर लिया है। वह अब ट्रांसफर मार्केट में उपलब्ध हैं।

## आईसीसी टेस्ट रैकिंग में रोहित नौवें स्थान पर पहुंचे

# यशस्वी जायसवाल को 11 स्थान का फायदा; गेंदबाजों में अश्विन टॉप पर



**नई दिल्ली ।**
युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 11 पायदान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि कप्तान रोहित शर्मा में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बुधवार को आईसीसी ने नई प्लेयर और टीम रैंकिग जारी की। पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रॉ हुए दूसरे टेस्ट में 57 और 38 के स्कोर ने 21 वर्षीय जयसवाल को बैटिंग रैंकिंग में पहुंचा दिया है। अब उनके 466 अंक हैं। दूसरे टेस्ट में 80 और 57 रन बनाने वाले रोहित टॉप रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने रहे। उनके 759 अंक हैं और वह श्रीलंकाई बल्लेबाज दिमुथ के साथ नौवें स्थान पर हैं।

### कोहली 14वें नंबर पर

रोहित के पीछे उनके साथी खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं, जो 743 अंकों के साथ एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए। विराट कोहली 733 अंकों के साथ 14वें स्थान पर बने हुए हैं।

### लाबुशेन दूसरे नंबर पर पहुंचे

चौथे एशेज टेस्ट के बाद रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियन और इंगलिश खिलाड़ी आगे बढ़ें हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और इंग्लैंड के जो रूट तीन-तीन पायदान आगे बढ़ते हुए क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन 883 रेटिंग पॉइंट्स के साथ लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के जैक क्रॉली 13 स्थान ऊपर 35वें स्थान पर, हैरी ब्रूक 11वें स्थान पर और जॉनी बेयरस्टो तीन स्थान ऊपर उठकर 19वें स्थान पर हैं।

### अश्विन बॉलर्स में टॉप पर

अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (879) गेंदबाजों की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। जबकि रवींद्र जड़ेजा (782) छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी लिस्ट में ऊपर की ओर देखा गया है और वह छह स्थान ऊपर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गॉल में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या के सात विकेट ने उन्हें 7 रैंकिग की बढ़त दी।

### एशियाड में हिस्सा लेंगी भारत की फुटबॉल टीमें: खेल मंत्रालय से हरी झंडी मिली; मेंस-विमेंस की अंडर-23 टीम में 3 सीनियर प्लेयर रख सकेंगे

**नई दिल्ली ।** भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम 23 सितंबर से चीन के हांगझू में होने वाले आगामी एशिया कप में हिस्सा लेंगी। भारतीय फुटबॉल टीम इस समय 18वें स्थान पर है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। एशियाड के फॉर्मेट के मुताबिक अंडर-23 टीम और 3 सीनियर प्लेयर्स हिस्सा लेंगे। आखिरी बार टीम ने 2014 के एशियाड में हिस्सा लिया था। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। अंडर-23 का साथ 3 सिनियर टीम प्लेयर के भी स्काड का हिस्सा होंगे। इसमें भारत की ओर से कप्तान सुनील छेत्री, स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, सीनियर टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक कोच होंगे। क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है।

## वीरों की गाथा का गवाह है ये बाग

# 500 क्रांतिवीरों को लटकाया गया था सूली पर



वर्ष 1857 में जब भारत को आजाद कराने के लिए पूरा देश आंदोलन में कूद पड़ा था। तब आंदोलन की चिंगारी मेरठ से सुलगाकर जनपद मुजफ्फरनगर में पहुंची थी। जनपद के लोगों ने उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कस्बा पुरकाजी का गौरवशाली इतिहास रहा है। जानकारों के अनुसार सूली वाला बाग में करीब 500 क्रांतिकारियों को सूली पर लटका कर फांसी दी गई थी। शहीद वीरों की गाथा का उक्त बाग आज भी गवाह है। जनपद के क्रांतिकारियों ने अंग्रेज शासकों का डटकर मुकाबला कर उन्हें नाकों चने चबवा कर उल्टे पैरों भागने पर मजबूर किया था। इसके साथ ही कलेक्टर मिस्टर वरफोर्ट की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद आए नए कलेक्टर मिस्टर एडवर्ड ने क्रांतिकारियों को रोकने के लिए सेना को बुलाया था। सेना ने लोगों पर जमकर अत्याचार किए और लोगों को बंधक बनाकर सूली पर लटका कर फांसी दे दी थी। जिस पेड़ पर क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाया था वो पेड़ आज भी सूली वाला बाग में है। बाग में एक मजार भी है, जहां पर काफी लोग जाकर प्रसाद आदि चढ़ाते हैं। कस्बेवासियों का दर्द है कि सूली वाला बाग और शहीद स्मारक शासन प्रशासन द्वारा की जा रही अनदेखी के चलते अपनी पहचान खोता जा रहा है। हालांकि कस्बे के लोग इसे शहीद स्मारक का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन करते रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार ऋषि राज राही कि माने तो जलियांवाला बाग के बाद अगर हिंदुस्तान के आजादी के इतिहास में कोई अंग्रेजी जुल्मों सितम का काला अध्याय है तो वह सूली वाला बाग है। अंग्रेज कलेक्टर वर फोर्ड की हत्या के बाद एडवर्ड ने नए कलेक्टर के रूप में यहां पदभार ग्रहण किया और उसके बाद जो जुल्मों सितम की दास्तान यहां शुरू हुई है उसका गवाह सूली वाला बाग माना जाता है। बताया जाता है कि आसपास के तमाम इलाकों से करीब 5 सौ लोगों को अंग्रेजी प्रशासन ने अंग्रेजी राज के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले चेहरों के रूप में चुना। बाद में इन लोगों को सूली वाला बाग में ले जाकर फांसी पर चढ़ा दिया गया। सूली वाला बाग में वह आज भी इसकी निशानियां मौजूद हैं। वे पेड़ जिन पर लोगों को फांसी दी गई थी आज भी इसके खामोश गवाह हैं।





## चाय की जगह गुनगुना पानी से करें सुबह की शुरुआत

### मिलते हैं कई गजब के फायदे

हम में से ज्यादातर लोग अपनी दिन की शुरुआत एक कप चाय के साथ करते हैं। चाय के बिना लोगों की सुबह ही नहीं होती। लेकिन क्या आपको पता है खाली पेट चाय पीने से गैस होती है। इसके बजाय आप सुबह-सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पी सकते हैं। सदियों से हमारे बड़े-बुजुर्ग सुबह उठते ही गर्म पानी पीते आ रहे हैं। सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। इससे शरीर की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। तो आइए जानते हैं कि सुबह सबसे पहले गुनगुना पानी क्यों पीना चाहिए ?

**टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकालता है :** अगर आप रोजाना नींबू की 2-3 बूंदे डालकर गुनगुना पानी पीते हैं, तो इससे आपके शरीर में मौजूद टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। गुनगुना पानी पीने से शरीर का तापमान बढ़ने लगता है, जिससे मेटाबॉलिक दर भी बढ़ता है।

**वजन कम करने में मददगार :** अगर आप वजन तेजी से घटाना चाहते हैं, तो रोजाना गुनगुने पानी में जीरा डालकर पिएं। इससे बहुत जल्द आपका वजन घटने लगेगा।

**पाचन बेहतर बनाता है :** पाचन संबंधी समस्या से परेशान हैं, तो रोजाना सुबह गुनगुना पानी पिएं। सुबह खाली पेट और रात को खाने के बाद गर्म पानी पीने से पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

**हाइड्रेट रखता है :** सुबह-सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है। जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती और आप जल्दी बीमार नहीं होते हैं।

**सर्दी-खांसी में लाभदायक :** रोज सुबह उठकर गुनगुना पानी पीने से सर्दी-जुकाम से राहत मिलती है। साथ ही इम्युनिटी भी बढ़ती है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** रोज सुबह उठकर गर्म पानी पीने से स्किन भी चमकदार होती है। अगर आप स्किन पर नेचुरल निखार चाहते हैं, तो रोजोना पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इससे चेहरे पर ग्लो आता है, साथ ही कील-मुंहासों और अन्य त्वचा संबंधी समस्या से छुटकारा मिलता है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**